असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 06.03.2023 वर्ष 10, अंक 64
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
मुस्कान पाने वाला मालामाल हो जाता है पर देने वाला दरिद्र नहीं होता।

## क्वीक न्यूज

### झारखंड को मिले 10 नए आईपीएस अधिकारी

**रांची :** राज्य को दस नये भारतीय प्रशासनिक अधिकारी सेवा के अधिकारी मिले हैं। इन दस आईपीएस में तीन को होम कैडर मिला है। इनमें नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर का नाम शामिल है। 2021 में हुई यूपीएससी परीक्षा पास कर बने 200 आईपीएस अफसरों में से दस को झारखंड कैडर अलॉट किया गया है। यूपीएससी में 153 से लेकर 646 रैंक तक लाने वाले अफसरों को झारखंड कैडर मिला है। झारखंड को मिले सभी दस नये आईपीएस अधिकारी वर्ष 2021 बैच के हैं। इनमें बिहार के दिव्यांशु शुक्ला और शिवम प्रकाश, तेलंगाना के सैय्यद मुस्तफा हाशमी, उत्तर प्रदेश के ऋषभ त्रिवेदी और विपिन दुबे, दिल्ली के राघवेंद्र शर्मा और झारखंड के नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर शामिल हैं।

### धनबाद में चप्पल गोदाम में लगी आग, 20 लाख का नुकसान

**धनबाद :** जिले के छाताबाद फुटबॉल मैदान के पास नियाज अहमद की चप्पल गोदाम में रविवार की दोपहर आग लग गयी। होली और शब-ए-बारात पर नियाज अहमद ने सामान मंगवाया था लेकिन सब कुछ राख हो गया। धू-धूकर तेज उठती लपटों के कारण दमकल और बीसीसीएल का पानी टैंकर भी आग पर काबू नहीं कर पाया। तीन टैंकर पानी खत्म हो गया। तीन तल्ले तक आग की लपटें नजर आ रही है। शार्ट सर्किट होने से आग लगने की बात बतायी जा रही है। गोदाम मालिक के भाई रियाज अंसारी ने बताया कि करीब 20 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। फिलहाल, कतरास पुलिस और अन्य लोग आग बुझाने में जुटे हैं।

### पुलिस ने आवास मित्र का किया शव बरामद

**मेदिनीनगर :** लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव के आवास मित्र अशोक राम का शव रविवार सुबह पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने बकोरिया गांव के एनएच 39 किनारे दूधमटिया प्रेमी महुआ के पास से बरामद किया. मेदिनीनगर के एमएमसीएच से पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मृतक के शव परिजनों को सौंप दिया. परिजनों ने अशोक की हत्या का आरोप लगाया है. हत्या करके शव दूधमटिया के पास फेंके जाने की आशंका व्यक्त की गई है. बताया जा रहा है कि अशोक शनिवार की रात्रि में जुंगूर गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था. घटना के बाद मृतक का मोबाइल स्विच ऑफ था. वहीं बाइक भी मृतक के शव से कुछ दूर पर गिरा पड़ा मिला है. परिजनों के अनुसार मृतक के हाथ बांधकर पिटाई की गई होगी. कान के आसपास जख्म के भी निशान है.मृतक का भाई तुलसीराम ने सतबरवा थाना को हत्या किए जाने की अंदेशा जताई है. थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि भारतीय दंड विधान की प्रक्रिया के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस हत्या तथा अन्य पहलुओं पर छानबीन करने में जुटी हुई है.

### जम्मू-कश्मीर में फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किमी नीचे था। भूकंप के झटकों से फिलहाल कहीं से भी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### गोला में ऑटो पलटने से भाई-बहन की मौत, आठ लोग घायल

**रामगढ़ :** गोला- मुरी मार्ग के हारुबेड़ा के समीप रविवार को ट्रक ने एक ऑटो को धक्का मार दिया, जिससे ऑटो पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में भाई-बहन की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि ऑटो में सवार आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान सीमना लोहार (17) एवं इसकी बहन चांद लोहार (पांच ) दोनों के पिता अमृत लोहार के रूप में हुई। जबकि घायलों में देवाशीष लोहार, कालीचरण कर्मकार, एकादशी देवी, दिलीप लोहार, बहादूर कर्मकार, अमृत लोहार, सूरज लोहार, समीर लोहार सहित अन्य शामिल है। सभी नावाडीह सुईसा पश्चिम बंगाल निवासी बताये जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही इनके परिजन गोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां दोनों भाई-बहन की मौत होने से परिजनों बुरा हाल था. मृतक के परिजनों ने बताया कि सभी बोरोबिंग स्थित एक व्यक्ति के यहां ईंट बनाने का काम करते थे। सभी मजदूर होली की छुट्टी में घर जा रहे थे। इस बीच एक ट्रक ने ऑटो को धक्का मार दिया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से यह हादसा हुआ।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 07° |

---

तमिलनाडु में झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद

# वापस लौट रहे झारखंड के मजदूर

**मारपीट की सुरक्षा को लेकर सरकार ने जारी किया टॉल फ्री नंबर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। रविवार की सुबह कई मजदूर रांची स्टेशन आए। झारखंड आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो में दिखाया गया है कि हिंदी भाषी मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है। इससे सभी मजदूर डरे हुए हैं और वह अपने घर और राज्य वापस आने को निकल रहे हैं।बीहालांकि मजदूरों की सुरक्षा को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अपने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जैसे ही मजदूरों को तंग करने का वीडियो सरकार के सामने आया सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीआईजी के नेतृत्व में एक टीम तमिलनाडु भेजी है, जो भी मजदूर और झारखंडवासी राज्य के बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, सरकार उनके साथ है।वापस आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो वायरल हुआ है, ऐसे में मजदूरों का डरना लाजमी है लेकिन तमिलनाडु की सरकार सभी मजदूरों को आश्वस्त कर रही है कि डरने की जरूरत नहीं है। रविवार की सुबह ट्रेन से उतरे मजदूरों ने कहा कि जब तक झारखंड और बिहार की सरकार अपने स्तर से प्रयास नहीं करेगी तब तक मजदूरों का डरना लाजमी है।

### मजदूरों की सुरक्षा के लिए सरकार तैयार : मिथिलेश ठाकुर

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से राज्य सरकार ने झारखंड के बाहर काम करने वाले मजदूरों को सबसे पहले विमान और बस भेज कर अपने राज्य वापस लाने का काम किया था, उसी प्रकार तमिलनाडु में भी यदि मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार हो रहे हैं, उनकी सुरक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है। अपने मजदूरों की सुरक्षा के लिए सरकार तमिलनाडु सरकार से भी बात करेगी। हालांकि तमिलनाडु की सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं और हिंदी भाषी लोगों से अपील की जा रही है कि किन्ही को डरने की जरूरत नहीं है। यदि किसी भी हिंदी भाषी लोगों को कोई असामाजिक तत्व डराता है तो तुरंत जारी किये गए टॉल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

**झारखंड आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो में दिखाया गया है कि हिंदी भाषी मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है।**

**मजदूरों ने कहा कि जब तक झारखंड और बिहार की सरकार अपने स्तर से प्रयास नहीं करेगी तब तक मजदूरों का डरना लाजमी है।**

### प्रवासी श्रमिको की सहायता के लिए प्रयास जारी

झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड राज्य के विभिन्न प्रवासी श्रमिक समूहों से मुलाकात की तथा उन कार्यस्थलों का दौरा किया। झारखण्ड के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें, तमिलनाडु एवं झारखण्ड सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, राँची लगातार प्रवासी श्रमिकों के संपर्क में है। श्रमिकों का काउंसलिंग भी की जा रही है एवं श्रमिकों की सूची बनाई जा रही है। तमिलनाडु में मारपीट से संबंधित आ रहे अफवाहों से न घबराएं,यदि संदेह व समस्याएं हो,तो राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष,रांची,झारखंड कॉल कर संपर्क किया जा सकता है।

---

9 विपक्षी नेताओं ने पीएम को लिखी चिट्ठी, कहा

# एजेंसियों का हो रहा गलत इस्तेमाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का मामला गरमाता जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत विपक्ष के नौ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि कार्रवाई से यह प्रतीत होता है कि हम एक लोकतंत्र से निरंकुशता में परिवर्तित हो गए हैं। विपक्ष के जिन नेताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, उनमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, नेशनल कान्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शामिल हैं।

### पीएम कर रहे सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों को गिराने के लिए सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की कार्यशैली हो गई है कि किसी राज्य में दूसरे दल की सरकार को काम नहीं करने देंगे और उस पर सीबीआई-ईडी छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि सीबीआई-ईडी से डराकर दूसरे दलों की सरकारें गिरा देते हैं। गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। वहीं, भाजपा में आते ही नेताओं पर लगे सारे मुकदमें खत्म हो जाते हैं। जैसे हेमंत विश्वा शर्मा, शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय व नारायण राणे पर लगे सारे मामले खत्म हो गए। अगर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन मेरा साथ छोड़ भाजपा में चले जाएं तो आज न वो जेल में होते और न उन पर कोई मुकदमा होता।

---

## पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास को विशेष महत्व दिया : केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री

**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को महत्व दिया है। कोविड काल में एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्रों ने अपने उत्पादों के साथ अन्य उद्योगों के बंद होने के बाद भी देश की जरूरतों को पूरा किया है। वर्तमान में देशभर में 18 प्रौद्योगिकी केंद्र हैं, 20 और केंद्र जल्द ही खोले जाएंगे।

एमएसएमई केंद्रीय राज्यमंत्री वर्मा यहां केंद्र सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत विकास आयुक्त के कार्यालय में काहिलीपारा के ज्योति चित्रबन में दो दिवसीय एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्रों ने अपने स्वयं के उत्पादों के साथ कोरोना अवधि के दौरान सभी उद्योगों के बंद होने के बाद भी देश की जरूरतों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव असम और पूर्वोत्तर में एमएसएमई क्षेत्र के विकास में योगदान देगा, विशेष रूप से कौशल विकास में। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में 18 प्रौद्योगिकी केंद्र हैं, 20 और केंद्र जल्द ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना के दौरान बंद हुए उद्योगों को फिर से खोलने के लिए 5 लाख करोड़ रुपये जारी किए हैं। मंत्री वर्मा ने कहा कि इनमें से 3.7 लाख करोड़ रुपये उद्योगों लिए हैं और शेष 31 मार्च तक इसका लाभ उठा सकते हैं। कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में असम के उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यम और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री बिमल बोरा ने कहा कि एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्रों के तहत तिनसुकिया, डिमापुर और अगरतला में टूल रूम से पूर्वोत्तर के छोटे, छोटे और मध्यम उद्यमियों को लाभ हुआ है। उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यम विभाग, असम सरकार ने हाल ही में एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में 11 स्थानों पर उद्योग 2023 नामक प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। मंत्री बोरा ने कहा कि छोटे उद्यमी उन्नत प्रौद्योगिकी की मदद से गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का उत्पादन करने में सक्षम होंगे, यह सम्मेलन उद्यमियों को प्रेरित करेगा। बैठक को केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के सचिव बिद्युत बिहारी सायेन, संयुक्त सचिव मौसी ओपाह, असम के श्रम कल्याण, रोजगार, कौशल विकास आदि विभाग के प्रधान बी कल्याण चक्रवर्ती ने भी संबोधित किया साथ ही गुवाहाटी के अमीनगांव स्थित एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के प्रमुख काजल कुमार साहा ने सेंटर में स्थित विशेष पीपीटी जरिए अपनी बातें रखीं।

## जेटपैक सूट की मदद से अब सीमा पर हवा में उड़ान भरेंगे भारतीय सैनिक, दुश्मन की खैर नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चीन और पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सामरिक मजबूती के मकसद से भारतीय सेना ने एक ब्रिटिश कंपनी के जेटपैक सूट का परीक्षण शुरू कर दिया है। हाल ही में भारतीय सेना के आगरा स्थित एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल (एएटीएस) में इस सूट का प्रदर्शन किया गया। सेना ने विशेष परिस्थितियों में सीमा पर तैनाती के लिए 48 जेटपैक सूट खरीदने का फैसला किया है। सेना को जेटपैक सूट मिलने के बाद भारतीय सैनिक सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों में एक जगह से उड़कर दूसरी जगह जा सकेंगे। भारतीय सेना ने अपनी सूची में हाईटेक उपकरण शामिल करने के लिए 48 जेटपैक सूट खरीदने के लिए 24 जनवरी को निविदा जारी की थी। यह खरीद आपातकालीन प्रावधानों और फास्ट-ट्रैक प्रक्रियाओं के तहत की जानी है। इस कंपनी ने जेटपैक सूट विकसित किये हैं, जिनका परीक्षण सेना के आगरा



स्थित एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल (एएटीएस) में किया गया है। जेटपैक सूट का परीक्षण ऐसे समय में हो रहा है, जब भारतीय सेना मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा पर चीन के साथ लगभग 3,500 किमी. लम्बी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ अपने निगरानी तंत्र को बढ़ा रही है।

आगरा के एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल में ब्रिटिश कंपनी ग्रेविटी इंडस्ट्रीज के संस्थापक रिचर्ड ब्राउनिंग ने अपनी कंपनी के जेटपैक सिस्टम का प्रदर्शन किया है। परीक्षण वीडियो में ब्राउनिंग को जेटपैक सूट पहनकर हवा में आसानी से नेविगेट करते हुए देखा जा सकता है।निविदा के मुताबिक जेटपैक सूट बनाने वाली कंपनी को कम से कम दस साल के लिए इनका रखरखाव प्रबंधन भी करना होगा। सैन्य अधिकारियों के अनुसार यह उत्पाद मेक इन इंडिया प्रावधानों के तहत सेना को आपूर्ति किये जाएंगे। सेना ने निविदा में निर्दिष्ट किया है कि जैक पैक सूट को सुरक्षित चढ़ाई, सुरक्षित टेक-ऑफ और लैंडिंग और सभी दिशाओं में अटैक करने में सक्षम होना चाहिए। इसकी अधिकतम गति 50 किमी. प्रति घंटा तथा तकनीकी रूप से 12 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। साथ ही 80 किग्रा. भार के साथ न्यूनतम 8 मिनट की उड़ान का समय होना चाहिए। प्रत्येक जेटपैक की शेल्फ लाइफ 10 साल होनी चाहिए। पूरे सिस्टम का कुल वजन (मानव को छोड़कर) 40 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम के बाद भारत तीसरा देश बन जाएगा, जिसके पास जेटपैक सैनिक होंगे। सेना के सूत्रों ने कहा कि इनका इस्तेमाल चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं के अलावा कई जगहों पर किया जा सकता है।

## झारखंड में होली का रंग फीका कर सकती है बारिश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली के रंग में इस बार बारिश खलल डाल सकती है। झारखंड में आठ मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। इसके पहले राज्य के एक दर्जन जिलों में बारिश होने का अनुमान है। रांची मौसम विभाग ने आठ-नौ मार्च को बारिश होने की संभावना जतायी है।

सात और आठ मार्च को रांची, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला सहित 12 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही राजधानी रांची में सहित झारखंड के दक्षिणी, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में छह, सात और आठ मार्च को आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। रांची के न्यूनतम तापमान में बदलाव हो सकता है। रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सलियस है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास स्थित मौसम केंद्र ने मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसमें बताया है कि आठ मार्च को झारखंड के पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। इससे पहले छह मार्च को झारखंड के दक्षिणी, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में



कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे।

उत्तरी-पूर्वी भागों में आसमान साफ रहेगा। साथ ही इस हिस्से में यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में छह मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा।

राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा लेकिन न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान छह मार्च को 32 डिग्री सेंटीग्रेड, सात मार्च को 30 डिग्री और आठ मार्च को 31 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है।

पिछले 24 घंटे में राज्य का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है।

जमशेदपुर का पारा 36.6 और डालटेनगंज का 36.4 डिग्री तक पहुंच गया जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान सिमडेगा का रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची, जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो और चाईबासा का अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से अधिक हो गया है।

## छत्तीसगढ़ : नक्सलियों ने किया छह ग्रामीणों को अगवा, एक को मौत के घाट उतारा

**एजेंसी**

**कोण्डागांव :** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिलान्तर्गत दूरदराज इलाके के ग्राम पुंगारपाल से नक्सलियों ने छह ग्रामीणों का अपहरण कर लिया। नक्सलियों ने इनमें से एक की हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रविवार सुबह शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना पुंगरपाल से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम तुमड़ीवाल के एक मोहल्ले में ग्रामीण किसी कार्य के लिए जुटे हुए थे। उसी दौरान शाम लगभग 5:00 से 6:00 बजे के दरम्यान कुछ अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और छह ग्रामीणों को अगवा कर ले गए।

अपहरणकर्ताओं ने देर शाम तक चार ग्रामीणों को सुरक्षित छोड़ दिया लेकिन दो व्यक्तियों को अपने कब्जे में रख लिया।

उनमें से एक व्यक्ति किसी तरह उनके चंगुल से भाग निकला लेकिन एक व्यक्ति की नक्सलियों ने हत्या कर उसका शव गांव की भूतपूर्व सरपंच के निवास के समीप छोड़कर चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुंगरपाल थाने की पुलिस ने ग्रामीण बारामासी नाग (35) निवासी तुमडीवाल कोटमेटा पारा का शव बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया है।

इस बीच नक्सलियों के कब्जे से छूटकर लौटे अन्य पांच ग्रामीणों से पूछताछ कर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है। आशंका जताई गई है कि नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में बारामासी नाग की हत्या की है।

# शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर थाना परिसर में रविवार को रंगों का त्योहार होली व शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसपी चंदन सिन्हा ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने किया। वहीं बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि वर्षों से शहर में शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाया जाता रहा है। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगोत्सव का का पर्व मनाएं। साथ ही थाना प्रभारी को सभी डीजे मालिकों को नोटिस देने की बात कहीं गई। साथ ही उन्होंने कहा कि होली पर्व पर जो व्यक्ति रँग लगाने के लिए इजाजत नहीं देता है, वैसे लोगों को जबरदस्ती रँग न लगाएं। वहीं सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि यदि किसी असमाजिक तत्वों के द्वारा कोई उत्पात मचाई जाती है तो फौरन थाना को सूचित करें। होली पर्व पर डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजने चाहिए। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप्प, ट्विटर आदि पर भ्रामक चीजें पोस्ट न करें। जबकि थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुरक्षा के लिए शहर थाना की पुलिस 24 घंटे सेवारत है। दिक्कत होने पर सूचना देकर अवगत कराएं। वैसे रंगों का त्योहार पर चारों ओर पुलिस भी मौजूद रहेगी, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि भी प्रशासन के ही अंग हैं। यदि कोई दिक्कत होती है तो उन्हें भी क्षेत्र का नियंत्रण करने में पुलिस का सहयोग करना चाहिए। वही मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने पुलिस से आग्रह करते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से बिक्री हो रहे महुआ शराब पर अंकुश लगना चाहिए, क्योंकि किसी भी अप्रिय घटना घटना के कारण शराब ही है। साथ ही उन्होंने कहा कि बालू व नाली के पानी से भी लोग होली खेलते हैं। जबकि यह पूर्ण रूप से गलत है। अबीर-गुलाल व रँग का पर्व है होली। वहीं मुहर्रम कमेटी के जनरल अध्यक्ष जीशान खान ने क्षेत्र की जनता से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की है।

## होली आपसी प्रेम, एकता व भाईचारा का प्रतीक है : धनंजय त्रिपाठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होली आपसी प्रेम, एकता और भाईचारा का प्रतीक है। सभी को मिलकर होली मनाना चाहिए। होली के मौके पर लोगों को आपसी वैमनस्य भूल जाना चाहिए एवं नए तरीके से जीवन प्रारंभ करना चाहिए। उक्त बातें समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी ने कहा ।वह रविवार को स्थानीय गौरी शंकर मैरिज हॉल रांची रोड रेडमा में बुद्धिजीवी मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि होली अत्याचारों को अंत करने वाला पर्व है। इसके पूर्व फीता काटकर धनंजय त्रिपाठी ने होली मिलन कार्यक्रम का का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन बुद्धिजीवी मोर्चा के संयोजक पत्रकार अवधेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। होली का इतिहास बहुत पुराना है। इस पर्व से वैमनस्य मिटता है समाज में एकजुटता बढ़ती है। मौके पर बुद्धिजीवी मोर्चा के सदस्य सुनील गिरी ने कहा कि होलिका दहन में समाज में व्याप्त बुराई को जला देना चाहिए। होली मिलन में कलाकारों ने होली का गीत गाया जिसका आनंद सभी उपस्थित लोगों ने लिया। मौके पर शहर के कई निजी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थाओं के शिक्षक, पत्रकार एवं चिकित्सक शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन बुद्धिजीवी मोर्चा के सदस्य जितेन्द्र सिंह ने किया।

## विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भी निकलेंगे महेंद्र सिंह धौनी जैसे खिलाड़ी, सही दिशा की जरूरत : विकाश दुबे



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवादाता):** कांडी प्रखंड के पतीला पंचायत के चोका में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को बिश्रामपुर विधानसभा का युवा विधायक प्रत्याशी सह समाजसेवी विकाश दुबे ने किया ।आज का मैच सोड़ीपुर तथा अटौला के बीच खेला गया सोड़ीपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया। मुख्य अतिथि बिश्रामपुर युवा विधायक प्रत्याशी सह समाजसेवी विकाश दुबे ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी होगी कि उनके क्षेत्र से कोई महेंद्र सिंह धौनी बन कर निकले पंचायत स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन होने से गांव स्तर की खिलाड़ियों की भी प्रतिभा बाहर आती है। खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाए रखें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक से बढ़ कर एक खिलाड़ी हैं सिर्फ उनको उचित मंच की जरूरत है। कहा कि इस तरह के आयोजन होने से खिलाड़ियों मे स्वस्थ तन और स्वस्थ मन का विकास भी होता है।

## राज्य के किसानों को आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट : वर्मा



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता एवं युवा नेता दिनेश कुमार वर्मा ने झारखंड के हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को किसानों को आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट बताया है। वही अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस राज्य के माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं गठबंधन की हेमंत सरकार इस राज्य के किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा को समृद्ध करने वाला बजट वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किया गया है। वही श्री वर्मा ने कहा की राज्य के किसानों का कृषि ऋण माफ करना और फसल सुरक्षा बीमा योजना जैसे और भी कई योजना इस बजट में लाई गई है। वह आने वाले समय में राज्य के किसानों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वर्तमान सरकार के द्वारा किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किया जा रहा हैं वही राज्य सरकार के द्वारा दूध उत्पादन की दिशा में बढ़ावा देने हेतु डेरी प्लांट लगाने की योजना भी सरकार का सराहनीय पहल है और कुल मिलाकर यह आम बजट झारखंड के किसानों के लिए बहुत ही शुभ संकेत है।

# ई-वर्ल्ड व आदर्श कोचिंग सेंटर में छात्रों का विदाई सह होली मिलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** ई-वर्ल्ड एवं आदर्श कोचिंग सेंटर छतरपुर में फेरवेल सह होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की गई। ई-वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि बच्चों की ऐसी शिक्षा मिले अपनी प्रतिभा से बैलेंस और इलाके का नाम रोशन कर सके ,वही युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने कहा कि हायर एजुकेशन के लिए बाहर जाने से पहले अपने आप को स्किल्ड करें, उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और विचार दिए. कोचिंग सेंटर के 12 वीं विद्यार्थियों को विदाई दी गई वहीं आदर्श कोचिंग सेंटर में 10वीं के छात्रों को विदाई दी गई इसके साथ साथ होली मिलन के कार्यक्रम का भी लोगों ने लुफ़्त उठाया। स्थानीय कलाकारों ने होली के गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय लोक कलाकार रंजन, धर्मेंद्र उजाला, नीतू गुप्ता, मुकेश माही ने बेहतरीन गीत संगीत पेश किया। ई वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, राकेश गुप्ता, सुदामा चंद्रवंशी, शिक्षक चन्दन विश्वकर्मा और जेपी जी मौजूद रहे। वहीं आदर्श कोचिंग सेंटर के संचालक सुनील कुमार ने कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सदैव प्रयत्नशील हैं। सहयोगी शिक्षक छात्रों ने इस अजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## होली महापर्व व शब ए बरात को लेकर पांडू थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू थाना परिसर में रविवार के दिन होली महापर्व व शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पांडू थाना के छोटा बाबू पप्पू मेहता एंव संचालन जवाहिर पासवान ने किया। ईस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में इन्स्पेक्टर अजय कुमार जी उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने होली और शब ए बरात का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। उन्होंने कहा यह त्यौहार आपसी भाईचारा का त्यौहार है इसलिए सभी को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुलकर मनाना चाहिए। वहीं छोटा बाबू पप्पू सिंह ने कहा पांडू थाना अंतर्गत सभी पंचायतों में पांडू पुलिस गस्ती करेगी। किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक कार्य या हुड़दंग करते हुए पकड़े जाने पर या सूचना प्राप्त होने पर तत्काल करवाई किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट नहीं करेंगे। पांडू पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर भी बनी रहेगी। उन्होंने सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से आग्रह करते हुए कहा अपने- अपने क्षेत्र में सभी लोग शांति के साथ पर्व मनाने का प्रयास करें। किसी भी प्रकार का गलत सूचना पाए जाने पर तत्काल थाना को सूचित करें। इस कार्य के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपेक्षा की है। मौके पर बलदेव सिंह, प्रवेश साव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, नसरूदीन अंसारी, प्रेमसागर सिंह, पूनम देवी, राजेश बैठा, छोटन सिंह, अवधेश सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, नन्द कुमार शर्मा, बुद्धि पासवान के साथ साथ कई लोग उपस्थित रहे।

## होली पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली एवं शबे-ए-बारात पर्व को देखते हुए पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। शनिवार की देर शाम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मोड़ के निकट दो पहिया, चार पहिया व ट्रक गाड़ियों का जांच किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों के हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, चार पहिया वाहनों के डिक्की, सीट बेल्ट, व कागजात की जांच की गई। इस दौरान लगभग दर्जनों से अधिक वाहनों की जांच की गई। हालांकि वाहन चेकिंग अभियान चलता देख कुछ देर के लिए बिना कागज और बिना हेलमेट के बाइक चला रहे चालकों के बीच हड़कंप मच गया। ऐसे लोग पुलिस को देखते ही भागने शुरू कर दिए। वही जांच के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पर्व को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्व में विधि व्यवस्था के मध्य नजर इस तरह के वाहन चेकिंग लगातार जारी रहेगा। शराब तस्करों पर भी पैनी निगाहें पुलिस रख रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। इधर बताते चले कि होली के त्यौहार को लेकर शराब धंधेबाज सक्रिय हो गए हैं इसे लेकर पुलिस शराब धंधेबाज और तस्करों से निपटने के लिए लगातार धरपकड़ अभियान चला रही है। वाहन चेकिंग के दौरान इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनी विक्की कुमार, अगेस्टन टेटे सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## बाबू किराना जनरल स्टोर व घर से लाखों रुपए के सामान की चोरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के साहित्य समाज चौक स्थित बाबू किराना जनरल स्टोर में बीती रात लगभग लाखों का सामान चोर चोरी कर फरार हो गए। रविवार की सुबह दुकान के मालिक भुक्तभोगी के द्वारा इस घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज किया गया है। वही मामला दर्ज होने के बाद शहर थाना के एसआई लिली मिंज घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं लिली मिंज के द्वारा दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। लेकिन चोरी की घटना से संबंधित मामला सामने नहीं आया।इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात चोरों की धरपकड़ में जुट गई है। जानकारी के अनुसार घर के सभी सदस्य अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे तभी यह घटना घटी है। शादी से घर आकर देखे तो पता चला कि उनका घर का और दुकान का सामान चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है।

## हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार दूसरा भागने में सफल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार चैनपुर थाना की पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया कि शनिवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी में पल्सर बाइक पर सवार दो युवक लूटपाट की फिराक में घूम रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना के पुलिस द्वारा छापामारी दल का गठन किया गया। और छापामारी दल में शामिल सभी पुलिसकर्मी घटनास्थल कर एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा,दो जिंदा गोली,मोबाइल फोन,पल्सर गाड़ी बरामद किया है। वहीं पकड़े गए व्यक्ति का नाम रंजीत कुमार सिंह उम्र 23 वर्ष है जो पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। छापामारी दल में एसआई पप्पू कुमार, पुलिस जवान संजय विश्वकर्मा, करण सिंह मुंड़ा शामिल थे।

## खरौंधी पुलिस ने मोटर चोर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** खरौंधी पुलिस ने चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल किया है। थाना में मोटर पम्प चोरी मामले को लेकर 22 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई गया था। जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कांड उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चोरी किये गये मोटर पंप की बरामदगी कर चोरी में संलिप्त के अमलेश कुमार एवं हरेंद्र राम तथा चोरी का सामान खरीद बिक्री में शामिल रामसागर चंद्रवंशी एवं दीपक कुमार मेहता करिवाडीह ग्राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राथमिकी दर्ज के उपरांत से ही खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार अपने दल बल के साथ छापा मारी अभियान चला रहे थे। इस संबध थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया की इन सभी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा जा रहा है।

# होली व शब-ए-बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** होली एवं शब ए बारात पर्व को लेकर शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया। एसडीओ आलोक कुमार ने सभी को होली की शुभकामनाए दिए। होली एवं शब ए बारात पर्व आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि होली व शब ए बारात को मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि डीजे पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला तथा अश्लिल गाने पुरी तरह प्रतिबंधित है।उन्होंने कहा कि जबरन रंग किसी को नहीं लगाये। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा की होली के हुड़दंग तथा अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल और मोबाइल मीडिया से सावधान रहना है।यह किसी भी घटना को बढ़ा चढ़ाकर फारवर्ड करते हैं। उन्होंने कहा की किसी भी तरह के अफवाह को वायरल करने वाले के साथ साथ वीडियो दुसरे ग्रुप में फारवर्ड करने वाले भी सामान्य दोषी होते हैं। उन्होंने कहा की किसी तरह की समस्या और अनहोनी की सुचना तुरंत थाना को दें। उन्होंने कहा की होली के दिन पुलिस नियमित रूप से गस्ती करेंगी।उन्होंने कहा कि होली पर्व को को लेकर शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिय। शांति समिति की बैठक में सीओ अरुण मुंडा, इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि, सुनील दास, जितेंद्र भगत, अगेस्टन टेटे, संजय राज मुंडा, एसआई आशुतोष सिन्हा, बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, नप उपाध्यक्ष लता देवी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, उप प्रमुख गणेश देव, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,कलाम खान, तस्लीम खान, शमीम खान, गोपाल जायसवाल, अनूप निराला, मुखिया मनोज ठाकुर, सुशीला देवी, वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार राम, अनुराग सोनी, वार्ड पार्षद निरज कुमार, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, कमलेश मेहता अमर राम, इकबाल खान, आप नेतामंटू पांडेय, शकील अहमद, लाला पासवान, डॉ ताहीर हुसैन, फुलटून खान, अजय प्रसाद मुखिया, हजारी प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली शराब जब्त, दो हुए गिरफ्तार

**➲ बड़े पैमाने पर केतार सुदूरवर्ती इलाके में इंग्लिश नकली शराब का हो रहा था गोरखधंधा पड़ी छाप**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना पुलिस बल एवं उत्पाद विभाग गढ़वा के संयुक्त छापामारी में केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परती एवं अमवडीह गाँव मे अवैध रूप से भारी मात्रा नकली इंग्लिश शराब तैयार करने की सामग्री जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह गोरखधंधा कई महीनों से किया जा रहा था लोग नकली शराब तैयार कर झारखंड सरकार का लेबल लगाकर सप्लाई किया करते थे। इसका सूचना उत्पाद विभाग को मिली की आदिवासी बहुल पंचायत के सुदूरवर्ती इलाके में नकली इंग्लिश शराब तैयार कर बेचा जा रहा है और इस क्षेत्र में कई महीनों से यह गोरखधंधा बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। इसी के आलोक में उत्पाद विभाग एवं केतार थाना पुलिस बल के संयुक्त छापामारी हुई जिसमें में 72 पीस 500ml , 45 पीस आईबी 180ml, 20 पीस आईबी 180ml, 200 पीसआईबी का ढक्कन, 7 पत्ता आईबी का लेवल,10 पत्ता झारखंड सरकार का लेबल, 100 पीस खाली बोतल, 15 लीटर स्प्रिट सहित नकली शराब तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला सामग्री को जप्त किया गया है। वही जप्त किया गया सैकड़ों बोतल शराब किंग फिशर बियर उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस बल ने इस मामले में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया है। जिसमें पहला अमवाडीह निवासी धीरज कुमार पिता करीमन प्रजापति, दूसरा ग्राम परती निवासी पप्पु चौधरी पिता शिवरतन चौधरी को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में शामिल उत्पाद विभाग के एसआई कुलदीप कुमार, केतार पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा उरांव सहित उनके साथ सशस्त्र बल मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन राज्यों में चुनाव कराने गए जवानों को मिलेगी पांच दिनों की छुट्टी

**रांची :** त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड चुनाव ड्यूटी में गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के जवानों को पांच दिनों की छुट्टी मिलेगी। जैप एडीजी ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के अनुरोध पर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव-2023 में ड्यूटी करने गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के पुलिस कर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। संबंधित समादेष्टा इन पुलिसकर्मियों को रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से अवकाश में प्रस्थान कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन तीनों राज्यों में चुनाव कराने के लिए जैप, आईआरबी और एसआईआरबी की दस बटालियन गयी थी।

### हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के खुलने का समय बदला

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल पर विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। यात्रा प्रारंभ 11 मार्च एवं यात्रा प्रारंभ एक अप्रैल को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 15 मिनट विलंब से अर्थात 11.35 बजे हटिया से खुलेगी। यात्रा प्रारंभ 14 मार्च, यात्रा प्रारंभ 17 मार्च, यात्रा प्रारंभ 20 मार्च, यात्रा प्रारंभ 23 मार्च, यात्रा प्रारंभ 26 मार्च, यात्रा प्रारंभ 29 मार्च और यात्रा प्रारंभ सात अप्रैल, 2023 को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 40 मिनट विलंब से अर्थात 12 बजे हटिया से खुलेगी।

# कांग्रेस अदाणी प्रकरण पर आज राज्य के सभी प्रखंडों में देगी धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के नेता सोमवार को सभी प्रखंडों में अदाणी प्रकरण को लेकर धरना देंगे। धरना प्रखंडों में स्थित एलआईसी और एसबीआई कार्यालय के बाहर दिया जाएगा। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से 13 मार्च को राजभवन घेराव भी किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंडों में धरना देकर हम पंचायत तक के लोगों को बताएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई और एलआईसी में जमा राशि को बर्बाद कर रही है। इसका खमियाजा देश की गरीब जनता भुगत रही है। उल्लेखनीय है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में



छाया : नसीम

गिरावट आयी। इससे एसबीआई और एलआईसी के प्रभावित होने की बात कहकर कांग्रेस ने बीते दिनों सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया था। राजेश ठाकुर ने रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी को मिली हार मामले में कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा करेगी। जब उनसे पूछा गया कि उपचुनाव के नतीजे के बाद उनके इस्तीफे की मांग उठी है, तो उन्होंने कहा कि ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए। कैश कांड में कांग्रेस के तीन निलंबित विधायकों (डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप) के ऊपर हुए जीरो एफआईआर के हाईकोर्ट के निरस्त किए जाने के पूछे सवाल पर कहा कि तीनों विधायकों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी है। तीनों को दोबारा पार्टी में शामिल किए जाने के मुद्दे पर कहा कि इसपर शीर्ष नेतृत्व विचार करेगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. एम. तौसीफ, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी ना करें शेयर, रांची पुलिस ने जारी किया वाट्सएप नंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली और शब ए बारात को लेकर रांची पुलिस अलर्ट पर है। आने वाली तारीखों में शब ए बारात और होली दोनों के ही लगभग साथ साथ पडने से हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों से रांची पुलिस ने आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की है।

ऐसे में पुलिस ने आम लोगों से होली और शब-ए-बारात को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की है। पुलिस ने सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। किसी भी समाज को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने ना बजाये जायें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी शेयर करने से बचें ।

ऐसे में पुलिस ने कहा कि आम लोगों से होली और शब-ए-बारात को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपेक्षा है। साथ ही रांची पुलिस



ने सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। किसी भी समाज को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने ना बजाये जायें।

साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी शेयर करने से बचें। अपने जारी किए गए निर्देश में रांची पुलिस ने कहा है कि इस होली और शब ए बारात त्योहार को आपसी भाईचारी के साथ मनाएं।

सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सौहाद्र के साथ शांति व्यवस्था बनाएं रखें। असमाजिक रूप से किसी भी प्रकार से किसी समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले गाने का प्रयोग न करे जिससे सौहाद्र बिगड़े। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना फोटो विडीयो या धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी से प्रदेशवासी परहेज करें। साथ ही संदेश दिया कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299423768 पर दें।

रांची पुलिस ने होली और शब ए बारात को लेकर व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अप्रिय घटना या सामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299423768 पर दें।

इसके अलावा 100 डायल कर पुलिस से संपर्क करें। रांची पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य पुलिस की सहयोग करने की अपील की है।

# भाजपा जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करे : राजद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का पर भाजपा नेता द्वारा एक वीडियो क्लिप दिखाकर जो आरोप लगाया गया है सत्य से परे लगता है।

वीडियो देखने और सुनने से ऐसा लगता है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ किया गया है ,जो अपने आप पर जांच का विषय बनता है और यह वीडियो कैसे और कहां से आया है यह भी एक जांच का विषय है।

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने सहयोगियों के साथ मिलकर राज्य की जनता की खुशहाली एवं चतुर्मुखी विकास करने में लगे हुए हैं।

कई ऐसी योजनाएं राज्य में लाई गई हैं जिसमें राज्य के नौजवान, किसान और महिलाओं की उन्नति के लिए राज्य में कैई कार्य हो रहा है ,वैसी स्थिति राज्य का विकास देखकर भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। जो पचा नहीं पा रहे हैं , जिस तरह से राज्य का विकास हो रहा है पिछले 20 साल में नहीं हुआ है।

यह सब ना देख कर राज्य की जनता को दिग्भ्रमित कर भाजपा नेता अपना राजनीतिक रोटी सेकना चाहते हैं, झारखंड की जनता इनकी बातों में अब नहीं आने वाले 2024 में इनका सुपड़ा साफ होना है।

# रांची प्रेस क्लब में जम कर उड़े अबीर-गुलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन प्रेस क्लब के पीछे वाले परिसर में आयोजित कराया गया। इस मौके पर विभिन्न अखबारों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े पत्रकार व महिला पत्रकार एवं उनके बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी पत्रकारों ने होली के गाने की मंडली के साथ मिलकर खूब मज़ा किया और एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष पिंटू दुबे, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू,संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य मानिक बोस,दीपक जयसवाल,परवेज कुरैशी, राज वर्मा, किसलय सानू,



राकेश कुमार,पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव शंभू नाथ चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष जयशंकर व विनय वर्मा, दीलीप ठाकुर,भरत भूषण टुन्नू, विकास, विमल देव, पत्रकार कला मंच से अध्यक्ष अमित दास, सचिव संदीप नाग, कोषाध्यक्ष एएसआरपी मुकेश, निलय सिंह, कुबेर सिंह, मनोज सिंह, सुधीर जयसवाल, समीर, राजेश तिवारी,मनीष झा,चंदन भट्टाचार्य, चंदन वर्मा, आलोक सिन्हा,अमित सिंह, कौशिक राज, सुनील पोद्दार,गौरव, प्रदीप सिंह, संदीप, कमलेश मिश्रा, सुभाष शेखर सहित काफी संख्या में महिलाएं और प्रेस क्लब के स्टाफ में जैमिनी, शिशुपाल व महिला स्टाफ सभी ने होली मिलन समारोह को सफल बनाया।

# श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर की गई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव 2023-24 को धूमधाम एवं भव्य पारंपरिक तरीके से सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल राँची की आम सभा माहेश्वरी धर्मशाला , सेवा सदन के समीप( श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट महावीर चौक राँची में उपलब्ध नहीं होने के कारण ) , राँची में श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक का संचालन श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन रामधन बर्मन ने की । आम सभा में मुख्यरूप से , श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष विजय साहू कुणाल अजमानी , श्री महावीर मंडल डोरंडा के अध्यक्ष



संजय पोद्दार , मुन्ना अग्रवाल , हिन्दू जागरण मंच के सुजीत सिंह , राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , स्वागत समिति हरमू रोड के अध्यक्ष प्रेम वर्मा उपस्थित थे । आम सभा मे चुनाव समिति के द्वारा श्री महावीर मंडल राँची 2023-24 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

# होली में रांची स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली में दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। होली आठ मार्च को लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। होली से पूर्व कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट हो गयी है। ऐसे में यात्री अन्य विकल्प की भी तलाश कर रहे हैं। ट्रेनों में अभी से भारी भीड़ उमड़ने लगी है। मारामारी जैसी नौबत आ गयी है। जिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है, उसमें ट्रेन संख्या 15027 (हटिया-गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस)



ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 170, थर्ड एसी में 32 वेटिंग और सेकेंड एसी में वेटिंग 28 है। ट्रेन संख्या 18624 (हटिया-इस्लामपुर) में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 151, थर्ड एसी में वेटिंग 40, सेकेंड एसी में वेटिंग 30 है। सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में 250 वेटिंग, थर्ड एसी में 150 वेटिंग। एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस में छह मार्च का टिकट नहीं मिल रहा है। छह मार्च को 150 वेटिंग है। पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन में पांच मार्च को 200 वेटिंग है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने कहा कि ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट पर प्रतिदिन निगरानी रखी जा रही है। वेटिंग लिस्ट लंबी होने पर कोच की संख्या बढ़ायी जायेगी। रांची रेल डिवीजन की ओर से पांच होली स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है।

# होली और शब-ए-बारात को लेकर रांची पुलिस सतर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची पुलिस होली और शब ए बरात को लेकर अलर्ट है। होली पर्व पर रांची में शांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार शांति समिति की बैठक थाने स्तर पर हो रही है। होली में नशा कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। खासकर सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखने का आदेश एसएसपी किशोर कौशल ने सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को दिया है। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में थाना प्रभारियों



को अलर्ट रहने को कहा गया है। किसी भी तरह के घटना होने पर कंट्रोल रूम और वरीय अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया है। एसएसपी ने जहां लोगो से होली भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही नशा कर हुडदंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। होली पर्व को देखते हुये रांची में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।

शहरी और ग्रामीण सभी क्षेत्रों में शनिवार देर रात तक ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। यह अभियान लगातार चलाया जाएगा और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के खिलाफ न्यायालय में संशोधित मोटर यान अधिनियम 2019 की धारा 185 के तहत अभियोजन की कारवाई की जायेगी।

# होली के रंगा बाजार, सजी दुकानें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के बाजार होली के रंगों में रंगने लगे हैं। लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी है। दुकानें सज-धज कर तैयार है, जहां अनेकों तरह के मुखोटा और तरह-तरह के गुलाल दिख रहे हैं।

बच्चों को लुभाने के लिए होली के बाजारों में स्पाइडर मैन करेक्टर वाले गन, मोनो फिश वाटर टैंक, पब्जी गन, कैप्टेन अमेरिका और मेजिकल गन दिख रहे हैं। इसके अलावे छोटे और बड़े पिचकारी भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में मौजूद इन पिचकारी की कीमत 40 से 1600 रुपयों के बीच है। बाजार में थंडर मटका गुलाल भी मौजूद है, जिसकी कीमत 1300 रूपए से शुरू होता है। इस मटके को दबाने पर कलरफूल गुलाल निकलते हैं। मेजिक गन गुलाल की कीमत 300 रूपए है। इसके साथ ही कलर स्मोक हैंड पायरो गन की कीमत 1100 रूपए से शुरू है। लोगों की डिमांड पर डरवाने मास्क और मलिंगा बाल भी बाजार में उतारे गए हैं। जबकि होली है और बुरा ना मानो होली है लिखे हुए टी-शर्ट 100 रुपये में मिल रहे हैं।

बाजार में इस साल नेचुरल और हर्बल गुलाल का क्रेज भी काफी ज्यादा है। होली के आते ही लोग अपने स्किन को लेकर काफी सतर्क हो जाते है। इस वजह से भी हर्बल गुलाल की डिमांड काफी बड़ी है। रंग-बिरंगे गुलाल की बात करें तो ये सिंगल पैकेट के साथ-साथ पांच पिस के सेट में बिक रहे हैं। मार्केट में हरा, गुलाबी-पीला, लाल, नीला, पर्पल जैसे अनेकों रंग मिल रहे हैं और इनकी कीमत 100 से 500 के बीच है। रांची में होली के सभी सामान दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से मंगाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में से इस वर्ष होली की वैराइटीज की कीमत में तकरीबन 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रांची के अपर बाजार के दुकानदारों का कहना कोरोना के बाद इस बार लोग बिना डरे काफी उत्साह-उमंग के साथ होली का त्योहार ।

## झारखंड हाई कोर्ट में छह और सात मार्च को भी होली का अवकाश

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट में होली के अवकाश में बदलाव किया गया है। अब छह और सात मार्च को भी होली का अवकाश रहेगा। पहले आठ से दस मार्च तक अवकाश निर्धारित था। अब छह और सात मार्च को भी अवकाश रहेगा। छह और सात मार्च के अतिरिक्त अवकाश का समायोजन शनिवार को अदालत की कार्यवाही कर पूरी की जाएगी। छह और सात मार्च के अवकाश के बदले 19 अगस्त और 16 सितंबर को अदालत की कार्यवाही होगी। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है।

# रांची : झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की रांची मे सम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक रविवार 5 मार्च को रांची में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने किया। सम्मेलन में यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी अतिथि के रूप में मौजूद थे।यूनियन के केंद्रीय सचिव शिवेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पत्रकारों के सामने कई समस्याएं खड़ी है। जिसको देखते हुए यूनियन की मजबूती आवश्यक बन गई है। पत्रकारों की समस्याओं और हक की लड़ाई यूनियन के बैनर पर लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी




पत्रकार यूनियन देश की सबसे पुरानी यूनियन में एक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पत्रकारों की हक की लड़ाई के लिए श्रमजीवी पत्रकार यूनियन एक बड़ा बैनर बन जाएगा। इस मौके पर यूनियन के केंद्रीय सदस्य विजय सिंह ने कहा कि यूनियन के बैनर तले पत्रकार एकजुट होकर किसी भी मुद्दे पर लड़ाई लड़ सकते हैं।

इस मौके पर झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की कमेटी का गठन कर नामों की घोषणा की गई। जिसमें संरक्षक पद पर यू एन आई के विनय कुमार,अनिल कुमार सिंह, फैसल अनुराग, अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष आर एस प्रसाद मुन्ना और सुनील कुमार मेहता,उपाध्यक्ष सहदेव कुमार,आकाश ,अमरेश कुमार और परवेज कुरैशी को बनाया गया है। महासचिव सुनील कुमार सिंह, सचिव संजीत झा, विनय कुमार, चंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोज पाठक और विनय कुमार को और कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह को बनाया गया है।वहीं कार्यकारिणी में माणिक बोस, शाहीन अहमद,प्रदीप ठाकुर, आकाश कुमार सिंह, मोईजउद्दीन, नैयर, पिंटू दुबे, अभिषेक कुमार, सहित अन्य को रखा गया है।

# सीआरपीएफ महानिदेशक ने की नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाउसेन ने रविवार को ने सीटीसी और आईटी परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान जंगल में अंजेडबेरा एफओबी का दौरा किया। डीजी ने वहां जवानों का मनोबल बढ़ाया और सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस एवं झारखंड जगुआर के अधिकारियों तथा जवानों के सफल संचालन और मुख्य क्षेत्रों में नए एफओबीएस की स्थापना के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उनसे नक्सल विरोधी अभियानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को जारी रखने और अभियानों के दौरान अतिरिक्त सतर्क और सावधान रहने का आग्रह किया।

डीजी ने अंजेदबेरा गांव में एक नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों को मिठाई और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी वितरित कीं। दौरे के दौरान उन्होंने सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चाईबासा में डीआईजी कार्यालय में आईईडी के



खतरे के खिलाफ एसएफ कर्मियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बल की परिचालन तैयारियों और एसएफएस की ओर से उठाए गए उपायों की समीक्षा की। उन्होंने कोल्हान के जंगल में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी मध्य क्षेत्र वितुल कुमार, आईजी ऑपरेशन राजीव सिंह, झारखंड सेक्टर के आईजी अमित कुमार, झारखंड पुलिस के आईजी एवी होमकर, मोहम्मद हसनैन सहित सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# सरकार ने दी सुखाड़ प्रभावित किसानों को राहत के लिए 268.14 करोड़ जेसीएफ से लेने की मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने वर्ष 2022 में सुखाड़ प्रभावित 22 जिलों के 226 प्रखंडों में घोषित सुखाड़ को लेकर प्रत्येक परिवार को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए 268.14 करोड़ रुपये झारखंड आकस्मिकता फंड (जेसीएफ ) से लेने की मंजूरी दी है। कृषि विभाग के अनुरोध पर गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक परिवार को 3500 रुपये राहत के रूप में राशि मुहैया करायी जायेगी। राज्य के 22 जिलों से 21,17,555 आवेदन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से प्राप्त हुए हैं। इसके लिए करीब 280 करोड़ रुपये की राशि की जरूरत है,जिसमें 268 करोड़ की राशि जेसीएफ से लेने की स्वीकृति दी गयी है। वहीं, जिन जिलों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट हुई है वहां अलग से कृषि इनपुट अनुदान की राशि की



मांग की जायेगी। आपदा विभाग ने राज्य आपदा मोचन निधि से यह फंड उपलब्ध करायेगा।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतगावां थाना में रविवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी वैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ।थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह ने सभी जन प्रतिनिधियों,प्रबुद्धजनों,युवाओं से अपील किया की रंगोत्सव का त्योहार सौहार्दपूर्ण भाव से मनाएं। लोग शोशल मीडिया पर गलत अफवाह नही फैलाये।डीजे में गन्दी व फूहड़ गानों पर प्रशासन की नजर रहेगी जिसके लिये प्रखण्ड के सभी डीजे वालो के बीच भी एक बैठक किया जाएगा। उन्होंने कहा की प्रखण्ड के सभी हॉट जगहों पर पुकिस बल की तैनाती रहेगी एवं इसके अलावे मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती रहेगी।श्रीवहीं श्री उरांव ने कहा की मिलजुलकर होली पर्व मनाएं एवं शोसल मीडिया पर अफवाहों से बचें।किसी भी तरह के समस्या उतपन्न होने पर प्रशासन को जानकारी दें।उन्होंने लोगो से अपील किया की त्योहार में किसी तरह की जबरदस्ती न करें जिससे लड़ाई झगड़े हो जाय।मौके पर सांसद प्रतिनधि बिनोद यादव,विद्यायक प्रतिनधि धनन्जय यादव,प्रमुख प्रतिनधि रामौतार चौधरी,उप प्रमुख मनोज कुमार निराला,शंकर यादव,प्रवीण कुमार,अजहर रब्बानी,गुलाम अली,धर्मेन्द्र कुमार,अखिलेश यादव,सुबोध कुमार,अशोक कुमार शशि,निशांत कुमार,मिथलेश यादव,अनिल यादव ,उत्तम सिंहव्यूटी कुमारी के अलावे सभी प्रतिनधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड मरकच्चो के ग्राम चोपनाडीह स्थित गायत्री चेतना केंद्र गायत्री मंदिर प्रांगण में 3 मार्च से चल रहे चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन यानी रविवार को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में संस्कार सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान रविवार को मुंडन 55,अन्नप्रासन्न 11,पुंसवन संस्कार,31 लोगों ने दीक्षा प्राप्त किया। अनुष्ठान के बाद हवन कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे गायत्री महायज्ञ के साथ प्रवचन किया गया। शाम को दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें 501 दीपों को जलाकर पूरे मंदिर परिसर को जगमग कर दिया। शाम में प्रवचन की शुरुआत की गई। हरिद्वार शक्तिकुंज से आए आचार्य सच्चिदानंद सिन्हा ने कहा कि आत्मा कभी मरता नहीं हैं अपितू मनुष्य का शरीर मरता है। इसलिए हर अच्छा कर्म मनुष्य को करना चाहिए। ताकि आत्मा में बोझ ना रहे। मनुष्य अपने कर्मो से जाना जाता है। कर्म अच्छा होगा तो सीधे ईश्वर का सानिध्य प्राप्त होगा। कहा कि गायत्री मंत्र हर बुराई पर जीत का नाम है। मनुष्य जब भी परोपकार की दिशा में कदम बढ़ाता हैं ईश्वर उसके साथ होते हैं। अपने कर्मो का फल चाहिए तो ईश्वर के बताए मार्ग पर चलें। महायज्ञ को सफल बनाने में व्यवस्थापक कोषाध्यक्ष राम शरण यादव,कोडरमा जिला योग शिक्षक सुनील कुमार,सन्तोष राणा,चिरंजीवी यादव, समन्वयक महादेव प्रसाद यादव,अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद यादव, सचिव रामधनी राम,उप कोषाध्यक्ष रामचन्द्र पंडित,रामकृपाल यादव,संजय कुमार शर्मा,अभिषेक कुमार,पिंकी देवी,सुनीता देवी,रेणु देवी,लक्ष्मी कुमारी,जगदीश महतो,गाजो महतो समेत कई लोग तन मन से लगे हुए हैं।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित

**चंदवारा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कोडरमा इकाई की होली मिलन समारोह जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार और जिला सचिव संजीव कुमार के संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यालय निदेशक ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए गले मिले। सभी ने होली की पारंपरिक गीत पर झूमते हुए नाचते नजर आए। जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा की झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन करते आ रही है उसी निमित इस वर्ष भी हम सभी एकत्रित होकर आज इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। अबीर गुलाल खेलने के बाद सभी ने एक साथ लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष जी एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के निदेशक नितेश कुमार,कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सह नूतन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल कोडरमा के निदेशक आनंद भारती, सिक्योर एजुकेशन एकेडमी के निदेशक सह चंदवारा प्रखंड सचिव मुकेश कुमार प्रजापति ,राइजिंग पब्लिक स्कूल करौंजिया के निदेशक अर्जुन कुमार ,मदर टेरेसा के निदेशक अशोक कुमार,ग्लोरियस पब्लिक स्कूल लरियाडीह,के निदेशक पंकज सिंह,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पथलडीहा के निदेशक श्याम सुंदर यादव ,मनन विद्या अकादमी के निदेशक विकास राणा ,शुभ सोनिया विद्यालय के निदेशक सह जिला सह कोषाध्यक्ष अमरेश सिंह सहित मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को जी एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के निदेशक नितेश कुमार नें धन्यवाद ज्ञापन किया।

## डॉक्टर गली व रजगड़िया रोड बना दलालों का अड्डा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जिस मुद्दें की बात हम करने जा रहे है वो सिर्फ कोडरमा का नहीं है ये प्रायः हर जिले, हर शहर की कहानी है। शहरवासी मेडिकल दलालों से परेशान है। जिले के झुमरीतिलैया शहर के राजगढ़िया रोड, डॉक्टर गली में आए दिन मेडिकल वालों की दलाली देखने को मिलता है।

आज भी कुछ दलालों द्वारा एक व्यक्ति के पैकेट से पैसे निकालकर एक मेडिकल दुकान में नंबर लगा दिया गया। जब उस व्यक्ति ने इसका विरोध किया और अपने पैसे वापस मांगे तो उन दलालों द्वारा पैसे देने से मना कर दिया गया। इस तरह की धांधली से मरीज और मरीज के परीजन स्तंभ है। मरीज राजकुमार ने कहा कि मैं सुबह यहां देव फार्मा में दिखाने आया था, जब मैं आया था तब देव फार्मा बंद था। तो मैं यहाँ घूम रहा था तब पारस मेडिकल के कुछ दलालों द्वारा मुझे बहला फुसलाकर मुझसे पैसे ले लिये गये। जब मैंने विरोध किया और कहा कि मेरे पैसे वापस करें तो उनलोगों ने देने से मना कर दिया।

तब मैंने देव फार्मा के मालिक से कहा तो उन्होंने मेरे पैसे को वापस करने को कहा लेकिन उन दलालों द्वारा मना कर दिया गया, फिर कुछ समय बाद मेरे पैसे को वापस कर दिया गया। वही इस संबंध में देव फार्मा के मालिक अशोक वर्णवाल ने बताया कि आए दिन मेडिकल दुकानदार का दलाली काफी बढ़ गया है। कुछ मेडिकल दुकानदार अपने दुकान के बाहर डॉक्टरों का बोर्ड लगाकर मरीजों को आये दिन ठकने का काम करते हैं। अन्य दुकानदारों ने कहा कि दलालों की बदमाशी काफी बढ़ गया है।

जिसके कारण अन्य मेडिकल दुकानदारों के साथ साथ मरीजों को भी परेशानी होती है क्यूंकि जिन मेडिकल दुकानदारों के द्वारा दलाली की जाती है उनके दुकान के बाहर बोर्ड में ऐसे डॉक्टरों का नाम लिखा गया है। जिसमें से एक भी डॉक्टर उस मेडिकल में नहीं आते हैं। वहीं पारस मेडिकल वाले से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस सम्बन्ध में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। लोगों का प्रशासन से ये कहना है कि इससे पहले की यहां कोई हादशा हो जाय उससे पहले इन सब को खत्म कराना चाहिए।

# जंगली हाथियों से बचाव के लिए हर संभव व्यवस्था करेंगे, ग्रामीण भी रहें जागरूक : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में रविवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने वन कर्मीयों व ग्रामीणों के साथ बैठक किया। मौके पर जंगली हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिये वन विभाग के देखरेख में जंगली हाथी प्रभावित 17 गांवों के ग्रामीणों के बीच टॉर्च, पटाखा और मोबील का वितरण किया। बैठक में 3 अप्रैल को 11.30 बजे बेड़ो, लापुंग के वन मित्रों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि बेड़ो और लापुंग क्षेत्र में हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए हरसंभव व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे इस मामले में पूरी तरीके से जागरूक रहें और सतर्कता एवं संवेदनशीलता का परिचय दें। क्षेत्र में हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए सभी लोग गंभीर हैं, सभी ग्रामीण भी इस मामले में पूरी तरीके से जागरूक रहें। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर ग्रामीणों को हर संभव सहायता दी जायेगी। वे इस मामले में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के सम्पर्क में हैं। बैठक के पश्चात नवर्निमित जिला परिषद दुकान कम्लेक्स का निरीक्षण किया। जहां निर्माण कार्य जल्द पुरा करने और प्रक्लन अनुरूपक रने का निर्देश दिया। इस दौरान दुकानदारों के साथ बैठक भी किये। इस मौके पर उप प्रमुख मोद्दसीर हक, जिपस बेरोनिका उरांव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, थाना प्रभारी मनिष गुप्ता,वन क्षेत्र पदाधिकारी संजय कुमार, सुबास रविशंकर महली, इंद्रजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा, सोमरा लोहरा, बुद्धू उरांव, शंकर कुजूर, संदीप उरांव, सरोज लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र सुभाषनगर में महिला दिवस सह होली मिलन समारोह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** महिला सम्मान से ही खुशहाल परिवार, सभ्य समाज,सशक्त राष्ट कि अवधारणा परिपूर्ण होता है। यह बातें खलारी प्रमुख सोनी तिग्गा ने कही। वे रविवार को ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र सुभाषनगर डकरा के द्वारा आयोजित महिला दिवस सह होली मिलन समारोह पर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कि सामाजिक एवं राजनितिक मोर्चे के साथ साथ अब बेटियाँ आध्यामिक रूप से सशक्त होकर समाज सुधारक में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वहीं वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस नेत्री ने कहा नारी एक ऐसी ईश्वरीय कृति है जिसके बिना आप जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। स्त्री मातृत्व की देवी होने के साथ ही पुरुष की पूरक भी है। समाज के लिए इतना जरुरी होने के बाद भी लोग अक्सर स्त्री को वह सम्मान नहीं देते जो उन्हें देनी चाहिए। कार्यक्रम को केंद्र संचालिका प्रीति बहन, बेंती मुखिया सरिता देवी ने अपने विचार रखे और महिलाओ को सशक्तिकरण होकर समाज मे फैली कुरतियो को मिटाने पर बल दिया। इस मौके पर संस्था की ओर से अतिथियों को ओम शांति प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सीसीएल सीएसआर के तहत खर्च की जाने वाली राशि को लेकर डकरा में बनाई गई योजना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया डकरा की ओर से वित्तीय वर्ष 2023 ,2024 के लिए सीएसआर के मद से खर्च की जाने वाली राशि की योजना बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। डकरा वीआईपी क्लब में आयोजित इस बैठक में खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य, महाप्रबंधक संजय कुमार के अलावा विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि, सभी पंचायतों के मुखिया और श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक के दौरान सीएसआर फंड पर कार्य योजना को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सीएसआर के तहत डीप बोरिंग कराने, जल मीनार लगाने, स्ट्रीट लाइट लगाने, वाटर प्यूरीफायर लगाने, मेडिकल कैंप लगाने, पीसीसी सड़क बनाने, सिलाई मशीन का वितरण करने सहित कई बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। सभी पंचायतों के प्रतिनिधि और उपस्थित राजनीतिक दलों और श्रमिक प्रतिनिधियों के विचार को अंकित किया गया। वित्तीय वर्ष में मिलने वाली बजट के अनुसार योजनाओं को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी,तेजी किसपोटा, पुतुल देवी, दीपमाला कुमारी,सेवा उरांव,संतोष महली, पारसनाथ उरांव, मलका मुंडा, श्रमिक प्रतिनिधियों में प्रेम कुमार सुनील सिंह, मिथिलेश सिंह, डी पी सिंह, शैलेश कुमार, एरिया सिविल अधिकारी सुजीत रंजन के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## मैक्लुस्कीगंज में होली व शब-ए-बारात आपसी भाईचारा के साथ मनाने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** होली,सरहुल व शब ऐ बारात को लेकर मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के खलारी बाजार टांड़ में शांति समिति का बैठक किय्या गया. बैठक की अध्यक्षता मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने किया. बैठक में मैक्लुस्कीगंज के सभी समाजसेवी,व गणमान्य लोगों ने शांति व भाईचारा के साथ मनाने का निर्णय लिया. वही बैठक में श्री प्रभारी ने शक्त निर्देश देते हुए बताया कि होली व सब्बेबारत उसी उत्साह व भाई चारे के साथ मनाइये. अथवा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से दुर्घटना का मामला अधिकतर होते रहता है. इसी को लेकर राँची पुलिस ने सड़क सुरक्षा को जोर दिया गया. कहा कि ट्रिपल लोड,हेलमेट न पहना,अथवा लाइसेंस नही होने का मोटरसाइकिल चालकों का जांच पड़ताल किया जायेगा. पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाने का प्रवधान है. जिससे की आप किसी भी हालत में अपने बच्चों व या अपने भी हेलमेट पहन कर घर से सुरक्षित निकले अथवा सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखे. जो लड़का या लड़की नाबालिक उम्र के पकड़े जाने पर उसका भारी जुर्माना गार्जियन के द्वारा लागया जायेगा. मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, भाजपा महामंत्री अनिल गंझू, भाजपा नेता शशि प्रसाद साहू, जितेंद्र नाथ पांडेय,रामबिलास यादव, मुकेश यादव, अनिल गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन साव,सलामत अंसारी, रहमत अंसारी,उदय सिंह, सुखसागर सिंह,प्रभात सिंह,बसंत कुमार पंकज सहित अन्य उपस्थित थे.





# तीन बकरी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र के बुढ़ाम के समीप स्थानीय लोगों ने बकरी चोरी करने वाले तीन चोरों को बकरी चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद इनकी धुनाई कर दी। इसकी खबर लोगों ने सिल्ली पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस बल भेजकर तीनों चोरों को लोगों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले आयी। इनमें पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के अड़सा थाना क्षेत्र के गांधी बाजार, सिरका बाद निवासी अरुण पासी, साहिल पासी एवं रोशन मोदी शामिल है। सिल्ली पुलिस ने बताया कि बकरियों को चोरी कर वाहन में लादना शुरु कर दिया। इस बीच गांव के एक ग्रामीण ने देख लिया। ग्रामीण ने शोरगुल किया तो बदमाशों ने भागना शुरू कर दिया। तभी अन्य गांव के ग्रामीणों ने बदमाशों की घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। ज्ञात हो कि हाल में इस क्षेत्र के करीब दो दर्जन बकरा व बकरी की चोरी के आतंक से लोग परेशान थे।

## शांति समिति का किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** होली, शब ए बरात व सरहुल पर्व के मद्देनजर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक हुई.बैठक में पर्वो को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय किया गया.पूर्ण शराबबंदी व पुलिस गश्त तेज किये जाने की आवश्यकता जतायी गयी.बैठक में डीएसपी रजत मणिक बाखला, सीओ रश्मि लकड़ा,थाना प्रभारी रजनी रंजन, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, अफसर इमाम,अजीत केसरी,मो सलीम, मोइन,कमेश बर्मन, मुर्तजा आलम सहित अन्य शामिल थे.

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने चेने में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र नामकुम प्रखण्ड रामपुर पंचायत के चेने में जिला अनावद्ध योजना से स्वीकृत चेने स्कूल जाने वाले रास्ते में आखड़ा होते हुए सोमारी लकड़ा के घर तक 1200 फीट पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य श्रीमती रीता होरो, रामपुर पंचायत मुखिया श्रीमती सरस्वती देवी, ग्राम प्रधान बुधु लकड़ा, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, बीजो लकड़ा, थोमस लकड़ा, सूरज लकड़ा, सुमन लकड़ा, विकास मुंडा, जयराम तिर्की, पंचू तिर्की, खुदिया कच्छप, समीर कच्छप, विनोद लोहरा, फुलजेंस लकड़ा, सोमरा मुंडा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## होली के शुभ अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा छात्र विज्ञान कल्ब ई इएफ यूनियन कार्यलय टाटीसिलवे के तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । एक दूसरे ने सबों को गुलाल लगाकर होली का शुभकामनाएं दिया । डॉ मधुसूदन पांडेय ने कहा होली अमन और शांति का पर्व होली है। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्जुन कुमार के द्वारा किया गया । इस अवसर पर उपस्थित सभी कवियों ने अपना कविता के माध्यम से उपस्थित लोंगो को भावविभोर किया जिनमें कमल मण्डल प्रिति कुमारी ब्रजेश मिश्रा डॉ पंकज मिश्रा शामिल रहें । मौके पर उधोग विधायक प्रतिनिधि क्रिस्टो कुजूर मुकेश महतो डॉ नरेस महतो प्रिया कुमारी राजेश मिश्रा रामटहल चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहें ।

# कांग्रेसी नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश अध्यक्ष को हटाने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को रामगढ़ उपचुनाव परिणाम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव,रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव रमेश उरांव, सरायकेला खरसावां से प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य होनी सिंह मुण्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा हाईकमान से एक दिन भी बिना देरी किए हुए राजेश ठाकुर को अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने का मांग किया। क्योंकि नैतिकता तो प्रदेश अध्यक्ष में है ही नहीं। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा रामगढ़ का उपचुनाव संघर्ष, बलिदान, ममत्व,वेदना, भावनाओं का चुनाव था।और यह चुनाव जानबूझकर ,सोची समझी रणनीति के तहत हारा गया है।राजेश ठाकुर एवं उनके अपरिपक्व साथियों ने पहले दिन से ही हार स्वीकार कर ली थी। चुनाव प्रक्रिया में एक सप्ताह देर से शामिल हुए तब तक एनडीए चुनाव में जीत को लेकर जनता के बीच संदेश पहुंचाने में कामयाब हो गए थे। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा हमें हेमन्त सोरेन को धन्यवाद देना चाहिए जिनके चार दिनों के अथक प्रयासों की वजह से हम सम्मानजनक स्थिति में रहे वरना हमारी जमानत जब्त होने से कोई नहीं रोक सकता था। हेमन्त सोरेन के प्रचार में उतरते ही माहौल बदला वरना चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष तो क्लब में बैठकर मंथन कर रहे थे।चुनाव के समय एआईसीसी मेम्बर बना रहे थे,अपने आपको बचाने के लिए कार्यकर्ताओं को रायपुर भेज रहे थे,कमिटी गठन की घूम-घूम कर वाहवाही बटोर रहे थे, चुनाव में किस नेता की कहां जरुरत है, विजय कैसे होगी इसकी कोई रणनीति, ब्लूप्रिंट तैयार नहीं था। चुनाव प्रचार के दौरान अगर कोई राय देता था या सवाल पूछता था या फोन करता था तो व्यंग्यात्मक जवाब देते थे कि मैं चुनाव हार भी जाऊंगा तो भी मैं ही अध्यक्ष रहूंगा।चुनाव प्रचार में लगे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था चुनाव में पैसे की उगाही की गई लेकिन दूसरी तरफ बजरंग महतो लगातार बोल रहे थे कि उन्हें कोई सहायता नहीं मिल रही है।प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव को गंभीरता से नहीं लिया, चुनाव में दिन में हेलीकॉप्टर की यात्रा कर रहे थे। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी सह प्रवक्ता रमेश उरांव ने कहा प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष के गठन में जनाधार वाले वरीष्ठ नेताओं की अनदेखी, आदिवासी,दलित एवं महिलाओं की उपेक्षा एवं विधायक राजेश कच्छप,इरफान अंसारी,नमन विक्सल कोंगाड़ी को रामगढ़ उपचुनाव से दूर रखना,ठीक चुनाव के समय वरीष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू का निलंबन रामगढ़ उपचुनाव के पराजय का प्रमुख कारण बना।तीनों विधायक जब मांडर और बेरमो में लगाये गये तो परिणाम सुखद रहा। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के रहते हुए 2024 का परिणाम इसी प्रकार का देखने को मिलेगा। श्री उरांव ने यह भी कहा कि पार्टी हाईकमान से बात कर राजेश ठाकुर को बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

## मिथलानी समूह ने चेशायर होम पहुंच मनाया दिव्यांगों संग होली



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मिथलानी समूह ने होली मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में दिव्यांग लोगो से मिलकर उनके साथ कुछ पल बिताए और खुशियां बांटे। इस मौके पर उन्होंने उन्हें सहयोग करते हुए खाद्य सामाग्री भी भेंट किया। मौके पर दिव्यांग जनों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान रीता मिश्रा, रीता पाठक, राखी चौधरी, रीती झा ,रंजना खाँ का सराहनीय योगदान रहा।

## शहर की वीरांगनाओं ने होली मिलन में खूब की मस्ती व लजीज व्यंजन का उठाया लुफ्त



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से होली का आयोजन साकची स्थित एक होटल में किया गया। आयोजन की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह ने की, जबकि संचालन रिद्धि सिंह ने किया। मुख्य अतिथि भारती सिंह और विशिष्ट अतिथि रेणु सिंह थी। होली मिलन समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से वीरांगनाए शामिल हुई और होली का आनंद उठाया। साथ ही वीरांगनाओं ने होली के गानों पर डांस किया और होली का गाना गाकर आनंद उठाया। मौके पर एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन का वीरांगनाओं ने आनंद उठाया। होली मिलन समारोह को सफल बनाने में नीलम सिंह, प्रीति सिंह, अर्चना सिंह, विभा सिंह, रूबी सिंह, अंजली सिंह, चित्रलेखा सिंह, मिनी सिंह, प्रतिमा सिंह, मनु सिंह, गुड़िया सिंह, खुशबू सिंह, मालती सिंह, सुनीता सिंह, काकोली विनीता सिंह, पिंकी, प्रीति सिंह, बबली सिंह, धृति सिंह, सुनीता सिंह, नीलम सिंह, माला सिंह, बिंदु सिंह, आशा सिंह सविता सिंह सभी सभी वीरांगनाओं योगदान दिया।

## साकची बाजार शिव मंदिर में बाबा श्याम संग फूलों की होली आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी मंदिर परिसर में बाबा श्याम के संग फूलों की होली खेली जायेगी। एक तरफ श्याम बाबा होंगे तो दूसरी तरफ उनके भक्त उनके भजनों पर थिरकते हुए फूलों की होली का आनंद लेंगे। साकची बाजार शिव मंदिर में सोमवार 06 मार्च की रात्रि 9 बजे से फूलों की होली कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। स्थानीय भजन गायक महापीर अग्रवाल समेत कोलकाता के आमंत्रित कलाकारों द्वारा बाबा श्याम के भजनों के साथ होली का धमाल भी होगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष बबलू अग्रवाल और मोहित शाह ने दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष शाह, सुरेश अग्रवाल, उमेश शाह, नरेश अग्रवाल, कमलेश चौधरी, गिरिधारी लाल खेमका, तुषार जिंदाल, अमित शाह, आशीष खन्ना, पवन खेमका, नरेश सिंघानिया आदि लगे हुए हैं।

## अवैध बालू लदा हाइवा अनियंत्रित होकर खाई में गिरा, मामला दर्ज

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक के पास सोनाहातु मिलन चौक केनाल सड़क पर अवैध बालू लदा एक हाइवा अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खाई में गिरी। हाइवा पलटने से चालक बाल बाल बचा। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा सोनाहातु के हरिन कांची नदी घाट से बालू लेकर मिलन चौक होते हुए जमशेदपुर की ओर जा रहा था। घटना रविवार की सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हाइवा को जप्त कर लिया गया। बाद में थाना प्रभारी गौरव कुमार मीश्रा ने बालू चालान आदि का जांच किया तो हाइवा में चालान नहीं मिला। वहीं ईचागढ़ थाना में अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। वहीं अंचलाधिकारी ने बताया कि हाइबा में कोई कागजात नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ थाना में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## 19 मार्च को साकची बंगाल क्लब में सजेगा जीण माता का दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बंगाल क्लब में आगामी 19 मार्च को जीण माता का भव्य 17वां वार्षिक महोत्सव मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पिछले दो माह से चल रही हैं। साकची बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर तीन बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या आठ बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। मंगल पाठ का कूपन पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर होली के बाद 10 मार्च शुक्रवार से भक्तों के बीच बांटा जायेगा। यह जानकारी श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल एवं संस्थापक शंभू खन्ना ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि मंगलपाठ का वाचन करने हेतु जयपुर (राजस्थान) से रविश-सोनम सोनी की जोड़ी आ रही हैं। कोलकात्ता के आमंत्रित थजन गायक हर्षिता डीडवानिया एवं विवेक शर्मा भजनों की अमृत वर्षा करेंगें। कार्यक्रम संयोजक बजरंग अग्रवाल ने बताया कि साकची में मनोज इलेक्ट्रॉनिक्स, शंभू खन्ना मिल एरिया, अग्रवाल मेडिकल, अंजनी मेडिकल गोलमुरी और शोभा मेडिकल कदमा में मंगल पाठ का कूपन मिलेगा।

## ई-कामर्स व्यापार से त्रस्त शहर के व्यापारी संगठन होलिका दहन कर करेंगे विरोध प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश में ई- कॉमर्स कंपनियों के



द्वारा अनलिमिटेड डिस्काउंट देकर देश में व्यापारियों के व्यापार को ध्वस्त करने के कृत्य के विरोध में कल 06 मार्च को संध्या 06:00 बजे पूरे देशभर में ई-कॉमर्स कंपनियों (एमेजान, फ्लिपकार्ट और स्नैपडील ) सहित अन्य का होलिका दहन किया जाएगा। जमशेदपुर में कंनफ्रेड्रेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के बैनर तले कल संध्या 06 बजे साकची सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर साकची बड़ा गोलचक्कर पर जाकर पुतला दहन किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थलिया ने बताया इस विरोध प्रदर्शन में कैट के साथ सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जमशेदपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसियेशन, जमशेदपुर ज्वेलर एसोसिएशन , व्यापार मण्डल, झारखण्ड मोबाइल डीलर एसोसिएशन सहित अन्य व्यपारिक संगठन के प्रतिनिधी, ई- कामर्स व्यापार से त्रस्त शहर के विभिन्न बाजारों से दुकानदार भाई भी शामिल होगे।

'लख खुशियां पातसाहियां'.. शब्द के साथ साकची गुरुद्वारा में हुआ सौर ऊर्जा प्लांट का शुभारम्भ

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया का पहला सोलर बिजली चलित गुरुद्वारा बना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरू ग्रंथ साहिब के शब्द लख खुशियाँ पातसाहियाँ... के साथ ही साकची गुरुद्वारा साहिब में सौर ऊर्जा प्लांट का विधिवत शुभारंभ हुआ। रविवार को तखूत श्री पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह ने फ़ीता काटकर सोलर बिजली प्लांट का उद्घाटन किया। इससे पूर्व गुरुद्वारा प्रांगण में शब्द-कीर्तन के बाद ग्रंथी ने अरदास कर गुरु महाराज से आज्ञा लेकर उद्घाटन की शुरुआत की। लगभग सभी गुरुद्वारों के प्रधान, अकाली दल, स्त्री सत्संग सभा व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि अरदास में शामिल होकर इस पुनीत पहल की आरंभता के साक्षी बने। साकची के प्रधान सरदार निशान सिंह, सरदार इंदरजीत सिंह, टेल्को गुरुद्वारा के प्रधान गुरमीत सिंह तोते समेत झारखण्ड राज्य गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष सरदार शैलेन्द्र सिंह, सीजीपीसी के संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, साकची के ट्रस्टी अवतार सिंह फुर्ती, सतनाम सिंह, जगजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, सीजीपीसी के महासचिव अमरजीत सिंह, परविंदर सिंह सोहल, रविंदर सिंह रिंकु, सुरेन्द्र सिंह छिंदें, कृतजीत सिंह रॉकी, परमजीत सिंह काले, सतनाम सिंह घुम्मन, सुरजीत सिंह खुशीपुर, जोगिंदर सिंह जोगी, सरदार महेंदर सिंह, सुखविंदर सिंह निक्कू और कुल्विंदर सिंह पन्नू ने भी उद्घाटन मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज की। साकची गुरुद्वारा प्रांगण में संगत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पटना साहिब गुरुद्वारा के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह ने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ बिजली और पर्यावरण संरक्षण को लेकर साकची गुरुद्वारा प्रबंधन ने जिस प्रकार गंभीरता दिखाई है वह वाकई सराहनीय है। साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह ने कहा की वाहेगुरु की कृपा, संगत की सेवा और टीम के अथक प्रयास का परिणाम है यह उपलब्धि, उन्होंने इसे एक कीर्तिमान बताया। गुरमीत सिंह तोते एवं सरदार शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि साकची गुरुद्वारा ने एक मिसाल पेश की है जो और गुरुद्वारा कमेटियों को भी प्रेरित करेगी। बताते चलें कि साकची गुरुद्वारा साहिब में 195 सोलर पैनल की मदद से 50 किलोवाट सौर बिजली उत्पादन का प्लांट लगाया है जो गुरुद्वारा साहिब की कुल बिजली खपत के लिए प्रयाप्त है। 50 किलोवाट बिजली पैदा होने से कार्बन डाई ऑक्साइड से वातावरण को मुक्ति मिलेगी। इस प्रोजेक्ट को स्थापित करने के लिए लगभग चार माह का समय लगा है। सोलर प्लांट के उद्घाटन मौके पर संगत के अलावा, साकची गुरुद्वारा के कमिटी सदस्य व सिख धर्म के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने लाइनमैन को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने लाइनमैन के अथक प्रयासों को सम्मानित करने के लिए 4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस मनाया , जो विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनी सेवाओं के माध्यम से हमारे घरों और जीवन को रोशन करते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस हमारे लाइनमैनों को सम्मानित करने के लिए विद्युत मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की एक पहल है। कार्यक्रम की शुरुआत टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा और जुस्को वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे द्वारा राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद सत्यराज रथ, मुख्य मंडल प्रबंधक, सुरक्षा और वीपी सिंह, महाप्रबंधक, विद्युत सेवाएं द्वारा प्रस्तुति दी गई कि कैसे लाइनमैन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं और विशेष रूप से तूफान, चक्रवात, कोविड जैसे





कठिन समय में उनकी सेवाओं का महत्व बढ़ जाता है . टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने कंपनी के लाइनमैन की सेवाओं को सलाम किया और 100 से अधिक लाइनमैन और 10 लाइनमैन फैसिलिटेटर्स को सम्मानित किया, जो लाइनमैन को उनके कार्यक्षेत्र में मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में 500 से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों और जुस्को जुस्को वर्कर्स यूनियन ने भाग लिया।

## पटमदा में सहायक अध्यापक संघ का पुर्नगठन, अनिल वरण बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डांगा में सहायक अध्यापक संघ पटमदा की एक सांगठनिक बैठक सौरभ मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ के विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आपस में चर्चा की गई। इस दौरान सहायक अध्यापक संघ का पुनर्गठन के साथ ही विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष अनिल बरन माझी, सचिव गौतम कुमार गोप, कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण माझी, संयोजक उज्ज्वल कांति दास, उपाध्यक्ष रुहिता महतो, सह सचिव नमिता बेसरा, सह कोषाध्यक्ष



ज्योत्सना सिंहदेव, प्रवक्ता निमाई भुइयां व सह प्रवक्ता भारती टुडू को चुना गया। बैठक में सहायक अध्यापक संतोष कुमार महतो, गया सागर महतो, यामिनी महतो, तापस हालदार, दीपक वर्मा, जयदेव बोस, यासीन मियां, पंचानन महतो, रविन्द्र सिंह, प्रकाश महतो, सुकुमार मांडी, कैलाश सिंह, परितोष महतो, उषा रानी सहिस, दीप्ति महतो व अवनी महतो समेत दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## जुगसलाई फुट ओवर ब्रिज बनेगा जल्द स्थल निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** द पू रेलवे चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौड़ रविवार को जमशेदपुर पहुंचे. वे अपने स्पेशल सलून से टाटानगर स्टेशन पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया. उन्होंने स्टेशन में चल रहे सौंदर्यकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया. इसके साथ ही उन्होंने जुगसलाई रेलवे फाटक के पास फुट ओवर ब्रिज के लिए भी स्थल निरीक्षण किया. डीआरएम अरुण राठौड़ ने बताया कि कई वर्षों से जुगसलाई के लोगों की मांग रही कि फाटक के पास एक रेलवे पुल का निर्माण करवाया जाए.



आज ब्रिज के निर्माण होने के बाद लोगों के सामने रेल ट्रैक को पैदल पार करने की समस्या सामने आ गई है. लोगों को 700 मीटर चलकर ब्रिज से रेल लाईन का पार करना पड़ता है. अब इसके लिए उक्त स्थल पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग तेज हो गई है. इसको लेकर आज उन्होंने उस स्थल का निरीक्षण किया है जहां फुट ओवर ब्रिज को बनाया जाना है. उन्होंने कहा कि स्थल निरीक्षण पूरा होने के बाद काम भी जल्द ही शुरु हो जाएगा. इस दौरान वे बागबेड़ा के संजय नगर पहुंचे जहां रेलवे की अतिक्रमण किए गए जमीन का निरीक्षण किया.

## भाजपा सोनारी मंडल कार्यसमिति बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर की गई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को सोनारी के सबुज संघ क्लब हाउस में सोनारी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक में अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, वरीय नेत्री रीता सिंह व मंडल के पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में राज्य सरकार की विफलताओं पर चर्चा के अलावा बूथ सशक्तिकरण अभियान, शक्ति केंद्र प्रवास योजना पर चर्चा की गई एवं केंद्र सरकार की





उपलब्धियों की जानकारी जन- जन तक पहुंचाने व राज्य सरकार की नाकामियों को आम जनता के बीच उजागर करने पर बल दिया गया। बैठक में सांसद ने कहा कि रोजगार वर्ष में युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, वहीं झारखंड सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग में व्यस्त है. उन्होंने हेमंत सरकार को विफल बताते हुए इस सरकार के कार्यकाल की नाकामी और भ्रष्टाचार के मामलों को जनता के बीच ले जाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने कहा कि प्रदेश के निर्देशानुसार जल्द से जल्द नयी बुथ संरचना पूर्ण किया जाएगा. इसमे बुद्धिजीवी वर्ग से लेकर सभी वर्ग एवं प्रभावशाली लोगो को बुथ संरचना का हिस्सा बनाया जायेगा। बैठक में उपरोक्त अतिथियों के अलावा सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, पश्चिम विधान सभा के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## कलश विसर्जन में भक्तिमय हुआ तिरुलडीह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरुलडीह कोइरी टोला से स्वर्णरेखा नदी के लिए कलश विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में पुरुष महिला, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हुए। ज्ञात हो कि पिछले रविवार को कलश स्थापना के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत पाठ सह महायज्ञ का आयोजन किया गया था,जिसमे आज पूर्णाहुति के बाद स्वर्णरेखा नदी में विसर्जन किया गया। वही मौके पर भोज का भी आयोजन किया गया। पंडित वशिष्ट नारायण पांडेय ने बताया कि यह आयोजन पिछले 13 वर्षों से किया जाता रहा है जिसमे हर वर्ष गाजे बाजे के साथ भव्य विसर्जन यात्रा का आयोजन किया जाता है।

## अम्बेडकर नगर में रजक समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** रजक समाज की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित अम्बेडकर नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के उपाध्यक्ष बासुदेव रजक ने किया। इस दौरान जहां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों से सभी सरोबार हो उठे। वहीं, सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज को संगठित करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समाज के आदित्यपुर व गम्हरिया इकाई के नेतृत्व में कांड्रा, सीनी, सरायकेला, खरसावां आदि क्षेत्रों में सदस्यों को जोड़ते हुए समाज के गठन का



भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर संरक्षक राजू रजक, उमेश रजक, नित्यानंद रजक, प्रह्लाद रजक, संजय रजक, सूरज रजक, आदित्यपुर इकाई के अध्यक्ष सीताराम रजक, रवि रजक, रंजीत रजक, पप्पू रजक, नगीना रजक समेत समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

## संत कबीर सेवा का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गम्हरिया :** संत कबीर सेवा संस्थान की ओर से संस्कारोदय अकादमी गम्हरिया में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अतिथि के रूप में उपस्थित संमाजसेवी डॉ0 डी0 मिस्त्री, संस्थान के निदेशक दिग्विजय भारत, डॉ0 प्रभात एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों की आँख, दांत तथा अन्य बीमारियों की जांच कर उन्हें समुचित सलाह दिया गया। इसके सफल आयोजन में शिक्षिका मोनिका कुमारी, शिक्षक सुमित आदि का योगदान रहा ।

## चेशायर होम में विशेष बच्चों संग पप्पू सरदार ने बिखेरे खुशियो के रंग

### होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग से बचने का दिया संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग करने से बचने का संदेश देते हुए रविवार को सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार ने अपने चिर-परिचित अंदाज महिला डेऊस कोड में (दुपटटा लेकर और माधुरी का मुखोटा लगाकर) सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) के साथ रंगों की होली मनायी और उनके साथ खुशियां बांटी। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग पप्पू ने जमकर डांस किया। माधुरी दीक्षित की तस्वीर पर रंग गुलाल लगाकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर चेशायर



होम की हेड सिस्टर डेजी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के रंग खूब बिखरें, लेकिन भाई चारा के साथ, जोर जबरदस्ती रंग किसी को भी नहीं लगायें। उन्होंने कहा कि चेशायर होम के विशेष बच्चों को भी रंग खेलने के लिए इस दिन का इंतजार रहता हैं। पप्पू सरदार ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाई चारे को बढ़ाने का पर्व है। पप्पू सरदार द्वारा यहां के बच्चों के बीच सुबह का सूखा नाश्ता एवं दोपहर का भोजन (लजीज व्यंजन) भी वितरण किया गया। मौके पर चेशायर होम के सभी सिस्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## संपादकीय

# पूर्वोत्तर का भगवा आगाज

**पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों-त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय-के जनादेश भाजपा की विजयी रणनीति के इच्छा-पत्र कहे जा सकते हैं, जबकि कांग्रेस पूरी तरह नाकाम रही है। त्रिपुरा में करीब एक साल पहले जो सत्ता-विरोधी लहर महसूस की जा रही थी, भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर उसे थाम लिया। कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही नसीब हुईं। वामदलों के साथ कांग्रेस का गठबंधन त्रिपुरा में भी बुरी तरह पराजित हुआ। बंगाल में इन दोनों के हिस्से लगभग 'गोल अंडा' ही आया था। साफ है कि लोगों को यह नापाक गठबंधन स्वीकार नहीं है। नागालैंड में कांग्रेस बिल्कुल 'शून्य' रही। मेघालय में 5 सीटों से संतोष करना पड़ा है। तृणमूल ने दलबदल कर नाम धारण किया था। तब 12 विधायक थे, लेकिन अब चुनाव में 5 ही रह गए हैं। लिहाजा तृणमूल भी इन चुनावों में अप्रासंगिक ही रही। दरअसल भाजपा का यह राष्ट्रीय विरोध पूर्वोत्तर में प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह 2024 के आम चुनाव के जनादेश को सत्यापित नहीं करता। फिर भी इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भी भाजपा सबसे ताकतवर पक्ष है। प्रधानमंत्री मोदी 'नंबर वन' हैं, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी 'नंबर दो' नहीं हैं। त्रिपुरा में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनेगी, जबकि नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। मेघालय में 'त्रिशंकु जनादेश' की स्थिति जरूर है, लेकिन सबसे बड़े दल एनपीपी के नेता एवं मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने फोन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन और आशीर्वाद मांगा है, जाहिर है कि वहां की सत्ता में भी भाजपा भागीदार रहेगी। इस तरह पूर्वोत्तर से 'भगवा' का विजयी आगाज हुआ है, लिहाजा एक नए मनोबल और उत्साह के साथ भाजपा का काडर अन्य राज्यों के चुनावों में सक्रिय होगा। गौरतलब यह है कि मेघालय और नागालैंड ईसाई-बहुल राज्य हैं। वहां 16,000 से अधिक चर्च हैं। एक समुदाय ने चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ एक सार्वजनिक पत्र तक लिखा था। ईसाई बुनियादी, वैचारिक और सामाजिक तौर पर भाजपा-समर्थक नहीं माने जाते। आदिवासी भी पहले भाजपा-समर्थक नहीं थे। दोनों ही समुदाय कांग्रेस के परंपरागत समर्थक और वोट रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने तमाम राजनीतिक समीकरण बदल दिए। उन्होंने अभी तक 52 बार पूर्वोत्तर राज्यों के दौरे किए। शिलॉन्ग में प्रधानमंत्री ने जिस तरह रोड-शो किया, वैसा हमने किसी भी प्रधानमंत्री का नहीं देखा। यह जनता से सीधे जुड़ाव का गंभीर प्रयास था। इसके अलावा सडक़, बिजली, पानी से लेकर पक्के घर, रेलवे और हवाई अड्डों तक का विस्तार स्पष्ट देखा जा सकता है। भारत की विविधता और अखंडता के लिए प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर और शेष भारत के मानस को बदला, नतीजतन पूर्वोत्तर वाले दिल्ली को 'इंडिया' नहीं समझते और पूर्वोत्तर राज्यों को भी देश की मुख्यधारा में शामिल किया गया। केंद्रीय मंत्री औसतन 15-20 दिन पर किसी न किसी पूर्वोत्तर राज्य का प्रवास करते हैं। केंद्र में पूर्वोत्तर के विकास का एक विशेष मंत्रालय भी कार्यरत है। अब बजट या अनुदान प्राप्त करने के लिए 30 फीसदी कमीशन नहीं देना पड़ता, लिहाजा पूर्वोत्तर दिल्ली की सत्ता का 'एटीएम' भी नहीं रहा है। त्रिपुरा में राजपरिवार की 'तिरपा मोठा पार्टी' ने पहले ही चुनाव में 13 सीटें जीत कर भाजपा के हिस्से के आदिवासी वोट छीन लिए हैं, अलबत्ता त्रिपुरा का अंतिम जनादेश ज्यादा खूबसूरत होता। पूर्वोत्तर के जनादेशों ने कांग्रेस का भ्रम खंडित कर दिया है कि प्रधानमंत्री के निजी नफरती विरोध, अडानी और 'भारत जोड़ो यात्रा' आदि के प्रभावों से मोदी और भाजपा को हराया जा सकता है। कमोबेश विपक्ष की भी आंखें खुल गई होंगी कि मोदी को सत्ता से उखाडऩा आसान नहीं है और भाजपा के खिलाफ विपक्ष की साझा लामबंदी भी इतनी असरदार नहीं होगी।

बंगाल में इन दोनों के हिस्से लगभग 'गोल अंडा' ही आया था। साफ है कि लोगों को यह नापाक गठबंधन स्वीकार नहीं है। नागालैंड में कांग्रेस बिल्कुल 'शून्य' रही। मेघालय में 5 सीटों से संतोष करना पड़ा है। तृणमूल ने दलबदल कर नाम धारण किया था। तब 12 विधायक थे, लेकिन अब चुनाव में 5 ही रह गए हैं। लिहाजा तृणमूल भी इन चुनावों में अप्रासंगिक ही रही। दरअसल भाजपा का यह राष्ट्रीय विरोध पूर्वोत्तर में प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह 2024 के आम चुनाव के जनादेश को सत्यापित नहीं करता। फिर भी इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भी भाजपा सबसे ताकतवर पक्ष है। प्रधानमंत्री मोदी 'नंबर वन' हैं, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी 'नंबर दो' नहीं हैं। त्रिपुरा में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनेगी, जबकि नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। मेघालय में 'त्रिशंकु जनादेश' की स्थिति जरूर है, लेकिन सबसे बड़े दल एनपीपी के नेता एवं मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने फोन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन और आशीर्वाद मांगा है।

# 8 मार्च : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

## हर मोर्चे पर मजबूत होकर आगे बढ़ रहीं महिलाएं

**श्रेयसी मिश्रा**

महिलाओं के सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को चिन्हित करता हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह एक मार्च शुरू हो चुका है, जो 8 मार्च तक चलेगा। लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए महिलाओं के संघर्ष का इतिहास लंबा है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कामगारों के आंदोलन से निकला था, इसकी शुरुआत वर्ष 1908 में उस वक्त हुई थी, जब अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में करीब 15000 महिलाओं ने काम के घंटे कम करने और अच्छी तनख्वाह के लिए आंदोलन किया था। इतना ही नहीं उन्होंने मतदान का अधिकार भी मांगा था। इस आंदोलन के महज एक वर्ष बाद अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला महिला दिवस मनाया। अन्य देशों ने भी महिलाओं के प्रति समानता, सम्मान, सुरक्षा और सशक्तुकरण जैसे मुद्दों को पहचाना और महिला दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की शुरुआत की। इस बार संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम- डिजिटल ऑल- लैंगिक समानता के लिए आविष्कार और तकनीक रखा है। जिसका लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं की ओर से ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को लक्षित करना है।हमारा जो सामाजिक ताना-बना, परिवेश और स्थितियां हैं, उनमें आधी आबादी को सामाजिक, आर्थिक और व्यावहारिक रूप से बराबरी पर लाना सरकार ही नहीं, समाज के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा, अवसर, रोजगार, स्वास्थ्य, लिंग जैसे तमाम पहलुओं पर गैर-बराबरी से जूझ रही हैं। लेकिन, इन सब चुनौतियों के बीच हालात बदलने की कोशिशें जारी हैं। महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण की दिशा में सरकारी योजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। इनसे न सिर्फ उनको आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक संबल मिला है, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति, सेहत और मनोबल पर भी सकरात्मक प्रभाव पड़ा है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी योजनाओं से जहां सामाजिक सोच बदली है और इससे बेटियों की शिक्षा और करियर का मार्ग खुला है। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना ने बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य की नींव डालने का काम किया है। इन योजनाओं का प्रभाव अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे परिवारों की बेटियों की सामाजिक स्थिति पर दिखाई पड़ने लगा है। परिवार में उनके साथ होनेवाला लैंगिक भेदभाव भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। यह एक अच्छी पहल है, जिसका असर आनेवाले समय में अधिक मुखर रूप से दिखेगा।बेटियों के साथ लैंगिक भेदभाव और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढाओ (बीबीबीपी), योजना काफी सफल रही। वर्ष 2015 में, भारत सरकार ने देश में लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिए, इसकी शुरुआत थी। इस योजना का उद्देश्य लोगों को लैंगिक पक्षपात के खिलाफ शिक्षित करना और बालिकाओं के लिए कल्याणकारी सेवाओं की प्रभावशीलता में सुधार करना है। इसका उद्देश्य- बाल लिंगानुपात में सुधार, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण, लिंग-पक्षपाती, लिंग-चयन की रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा के साथ शिक्षा में बेटियों को प्रोत्साहित करना है।इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान के तहत की गई थी। इसके अंतर्गत 10 वर्ष के कम उम्र की बालिकाओं के नाम से उनके माता-पिता या कानूनी अभिभावक किसी भी अधिकृत बैंक या नजदीकी डाकघर में खाता खुलवा सकते हैं, जो न्यूनतम 250 रुपये से 1.50 लाख रुपये तक हो सकता है। योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, विवाह आदि में होनेवाले खर्च के लिए बचत करना है, कुल अवधि 15 वर्ष है। योजना का लाभ दत्तक पुत्री को भी मिलेगा। वर्तमान में इस योजना में कई कर लाभ हैं और सभी लघु बचत योजनाओं में सबसे अधिक ब्याज दर, यानी 7.6 प्रतिशत है। जमा की गई मूल राशि, पूरे कार्यकाल के दौरान अर्जित ब्याज और परिपक्वता लाभ कर-मुक्त है। योजना की शुरुआत के बाद से, योजना के तहत लगभग 2.73 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 1.19 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। इसमें निवेश की परिपक्वता अवधि 21 वर्ष है। बालिका के 18 वर्ष होने पर शिक्षा के लिए 50 प्रतिशत राशि निकालने का विकल्प भी दिया गया है।वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से की गई थी। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को खाना पकाने के लिए रसोई गैस उपलब्ध कराना था। अन्यथा पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन- लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि का उपयोग करना, पड़ता था, इससे निकलनेवाले धुएं का प्रभाव उनकी सेहत पर सीधा पड़ता था। योजना के तहत मार्च 2020 तक वंचित परिवारों को 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य था। योजना के तहत एलपीजी कवरेज को 1 मई 2016 को 62 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 अप्रैल 2021 को 99.8 प्रतिशत करने में मदद मिली। वित्त वर्ष 21-22 के केंद्रीय बजट के तहत, उज्ज्वला योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है। इस चरण में प्रवासी परिवारों को विशेष सुविधा दी गई है।सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन मिलना क्रांतिकारी निर्णय कहा जा सकता है। महिलाएं पूर्व में सेना और नौसेना में शॉर्ट टर्म सर्विस कमीशन के तहत काम करती थीं। फरवरी 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश दिया, जिसमें सेना में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन लागू किया गया, जिसकी बदौलत वे सेवानिवृत्ति तक सेना में काम कर सकती हैं। जिन विभागों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दिया गया है, उनमें- न्यायाधीश एडवोकेट जनरल, सेना शिक्षा कोर, इंजीनियर, सिग्नल, आर्मी एविएशन, आर्मी एयर डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स, इंटेलिजेंस कोर, शामिल हैं। इस योजना से न सिर्फ सेना में महिलाएं सेना में अधिक मजबूत स्थिति में हैं, बल्कि लैंगिक भेदभाव के उन्नमूलन में भी यह कारगर साबित हुई।महिलाओं की बचत करने की आदत भी उनकी ताकत रही है। अब तो केंद्र सरकार ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में महिलाओं को लिए नई बचत योजना का तोहफा दिया। इसका नाम महिला सम्मान बचत पत्र, है। इसके तहत महिला और युवतियों को अधिकतम 2 लाख रुपये की एकमुश्त राशि जमा कराने की सुविधा होगी, जिस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इस बचत जमा की अवधि दो वर्ष की है, जो मार्च 2025 तक रहेगी। अगर महिलाएं- महिला सम्मान बचत पत्र योजना का लाभ उठाना चाहती हैं, तो मार्च 2025 तक अधिकतम दो लाख रुपये की राशि जमा करवानी होगी।

**पीएमएवाई के बजट में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में गरीब परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लानेवाली- प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), के बजट में भी इजाफा किया गया। इसके तहत अगले वित्त वर्ष के लिए पीएमएवाई का बजट बढ़ाकर 79,590 करोड़ रुपये कर दिया गया, जो मौजूदा वित्त वर्ष में 48 हजार करोड़ रुपये है। इस तरह पीएमएवाई में केंद्र सरकार ने 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

**(लेखिका झारखंड की वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# कृषि क्षेत्र में महिलाओं का वर्चस्व

**21वीं** सदी को विज्ञान और महिलाओं के लिए समर्पित किया गया है। इस आधुनिक महिला युग में जहां महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, वहीं कई क्षेत्रों में उनसे आगे बढक़र नित नए आयाम स्थापित कर रही हैं। भारतीय नारी समाज, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं कृषि-बागवानी क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। आज कृषि क्षेत्र में महिलाएं आधुनिक तकनीकों के दम पर इस क्षेत्र में दूसरों के सामने उदाहरण पेश कर रही हैं और कृषि व बागवानी क्षेत्र में इनका वर्चस्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। महिलाओं के कृषि क्षेत्र में आने से वे महिला सशक्तिकरण को बल देने के साथ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतों को भी भली भांति समझते हुए इस दिशा में भी काम कर रही हैं। गौर रहे कि भारत हंगर इंडेक्स में 116 देशों में 101वें स्थान पर है। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों में पोषण की कमी की वजह से शरीर का कम या अधिक भार को लेकर भारी कमी पाई गई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार हिमाचल प्रदेश में नवजात शिशुओं में मृत्यु दर 25.6 पाई गई है। वहीं पांच साल के 25.5 छोटे बच्चों में कम भार की समस्या देखी गई है। इतना ही नहीं हिमाचल की 15 से 49 साल तक की 53 फीसदी महिलाओं में एनीमिया की समस्या देखी गई है। महिलाओं और बच्चों में पोषणयुक्त खाद्यान की कमी के चलते बढ़ रही समस्याओं को दूर करने में महिलाओं की अतुलनीय भूमिका है। महिलाएं जहां अपने घरों के आसपास छोटी सी बगिया में पोषण से भरी तरह-तरह की शाक सब्जियां उगाकर कई तरह के जरूरी खनिजों की जरूरत को पूरी करती हैं, वहीं सदियों से चले आ रही पोषणयुक्त मोटे अनाजों की खेती को संजोकर रखते हुए पोषणयुक्त खाद्यान भी उपलब्ध करवा रही हैं। अब इससे एक कदम आगे बढक़र हिमाचल की महिलाओं ने रसायनरहित खाद्यान्न की महत्ता को समझते हुए प्राकृतिक खेती को सहजता से अपनाया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में डेढ़ लाख से अधिक किसान 16 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती करने में महिला किसान-बागवान भी आगे बनी हुई हैं। आंकड़ों की मानें तो प्रदेश में 90 हजार से अधिक महिलाएं प्राकृतिक खेती को अपना रही हैं। वहीं यदि प्रमाणीकृत प्राकृतिक खेती किसानों की बात करें तो इसमें भी महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। प्रदेश में अभी तक कुल 41 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 36 हजार महिला किसान हैं, वहीं यदि इन किसानों को सरकार की ओर से प्रमाणपत्र जारी करने की बात है तो अभी तक 24 महिला किसानों को प्राकृतिक खेती किसान होने के प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती कर रही महिलाओं का मानना है कि प्राकृतिक खेती में जहां रसायनमुक्त खेती की जाती है, वहीं खेती में एक फसलीय प्रणाली के बजाय बहु फसलीय खेती की जाती है। प्राकृतिक खेती विधि में किसान एक साथ कई फसलें लगाता है जिससे एक तरफ तो उसे थोड़े-थोड़े समय में लगातार लंबे समय तक आय होती रहती है, वहीं बहुत सारी फसलों के लगने से फसलों में बीमारियों में कमी के साथ खाद्यान्न विविधता भी मिलती है। इस खेती विधि में किसी भी तरह के रसायन का प्रयोग न करके देसी गाय के गोबर, मूत्र और कुछ स्थानीय वनस्पतियों से खेती में प्रयोग होने वाले सभी तरह के आदान तैयार किए जाते हैं, जिससे खाद्यान्न स्वस्थ तो होते ही हैं, साथ ही वे पोषण से भरपूर होते हैं। ये पोषणयुक्त खाद्यान्न समय की मांग हैं और आज के उपभोक्ता में इनके प्रति भारी मांग बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश में खेती व बागवानी में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले अधिक है। खेती के साथ पशुपालन के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। फलों की टोकरी कहे जाने वाले हिमाचल में सवा लाख के करीब बागवान सेब बागवानी से जुड़े हैं और इनमें से अधिकतर पुरुष हैं। लेकिन शिमला जिला की एकल महिला सत्या देवी ने क्षेत्र के बागवानों में अपनी विशेष पहचान पाई है। सत्या देवी अकेली अपना 5 बीघा का सेब का बाग संभाल रही है और हर साल 4 लाख की कमाई भी कर रही है। सेब बागवानी में महंगाई की मार को देखते हुए अब सत्या देवी ने कृषि-बागवानी में लागत को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाया है। जिला मंडी की युवा किसान लीना शर्मा ने क्षेत्र को रसायनमुक्त करने का बीड़ा उठाया है। लीना शर्मा ने अपने खेतों में रसायनमुक्त खेती का एक मॉडल खड़ा किया और अब साथ 100 से अधिक किसानों को जोडक़र अपनी पूरी पंचायत को रसायनमुक्त करने का अभियान छेड़ा है। वहीं कुल्लू-मनाली की हसीन वादियों के बीच बसे बंजार क्षेत्र की अनिता नेगी क्षेत्र के किसानों के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं। खेती के दम पर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली अनिता नेगी न सिर्फ एक सफल किसान और बागवान हैं, बल्कि उनके खेती मॉडल से लोग इतने प्रभावित हुए कि उन्हें पंचायत वासियों ने पंचायत समिति सदस्य बना दिया है। अनीता नेगी सब्जी, फल और पौध को बेचकर हर साल 6 लाख रुपए की कमाई कर रही है। महिला किसानों ने अब खेती के साथ अपने उत्पादों के विपणन के लिए प्रयासों में तेजी लाई है। महिला किसानों ने अपने खेतों में उगने वाले उत्पादों को बाजार मुहैया करवाने के लिए सोलन जिला की जाबल जमरोट पंचायत की महिलाओं ने आपस में मिलकर प्रदेश की पहली महिला किसान उत्पाद कंपनी का गठन किया है। इस कंपनी में सभी महिलाएं भागीदार हैं और ये महिलाएं सब्जियों और विभिन्न अनाजों को बाजार उपलब्ध करवाकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। महिला किसानों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए सरकार की ओर से प्राकृतिक खेती, एक बीघा योजना, पोषण वाटिका, कृषि सखी समेत अन्य कई योजनाएं चलाई गई हैं जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अहम योगदान दे रही हैं। इससे न सिर्फ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के लिए कृषि क्षेत्र भी एक सशक्त विकल्प बनकर उभरा है। महिलाओं के योगदान को नमन है।

भारतीय नारी समाज, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में अहम भूमिका निभा हरी है। हवीं कृषि-बागवानी क्षेत्र भी इससे अछूता हनीं है। आज कृषि क्षेत्र में महलिाएं आधुनिक तकनीकों के दम पर इस क्षेत्र में दूसरों के सामने उदाहरण पेश कर हरी हैं और कृषि व बागवानी क्षेत्र में इनका वर्चस्व दिनोंदिन बढ़ता जा हरा है। महलिाओं के कृषि क्षेत्र में आने से वे महलि सशक्तिकरण को बल देने के साथ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतों को भी भली भांति समझते हुए इस दिशा में भी काम कर हरी हैं। गौर हरे कि भारत हंगर इंडेक्स में 116 देशों में 101वें स्थान पर है। इसके अलावा महलिाओं और बच्चों में पोषण की कमी की वहज से शरीर का कम या अधिक भार को लेकर भारी कमी पाई गई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार हमिचल प्रदेश में नवजात शिशुओं में मृत्यु दर 25 .6 पाई गई है। हवीं पांच साल के 25 .5 छोटे बच्चों में कम भार की समस्या देखी गई है।

# देश दुनीया से

## शहरों के नए नामकरण की प्रासंगिकता

**राजनीतिक** दलों की नजर सिर्फ वोट बैंक पर लगी रहती है, फिर इसके लिए चाहे जैसे भी हथकंडे क्यों न अपनाने पड़े। मुद्दा चाहे धर्म का हो, स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का हो या फिर शहरों के नाम बदलने के लिए इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाडऩे का। राजनीतिक दल वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इनका इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। राजनीतिक दलों के नेता धर्म या स्वतंत्रता सेनानियों के बताए नैतिकता, शुचिता, पारदर्शिता और आदर्श के रास्ते पर बेशक न चलें, किंतु विवादों में फंसने और वोटों के फायदे के लिए नामकरण जैसे विवादों को जन्म देने में पीछे नहीं रहते। इसी तरह की आड़ लेकर वाहवाही लूटने और वोटों के ध्रुवीकरण के मकसद से दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके यह साबित कर दिया कि व्यर्थ के विवादों को जन्म देने से देश का भला नहीं होने वाला। यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के मूल नामों का पता लगाने और उनके वर्तमान नाम से आक्रांताओं के नाम को हटाने के लिए एक नामकरण आयोग का गठन किया जाए। याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को पुराने नामों को प्रकाशित करने के लिए निर्देश दे। याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो देश में बवाल करवा सकते हैं। फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढियों के लिए छेडऩा नहीं चाहिए। कोर्ट ने कहा, हिंदू धर्म एक धर्म नहीं है बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म में कोई कट्टरता नहीं है। खंडपीठ का कहना था कि अतीत को खोदने से केवल दुश्मनी ही पैदा होगी। शीर्ष कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट है कि नया नामकरण करने के निहित राजनीतिक स्वार्थ हैं। इसका मकसद वोट आधारित राजनीति है। राजनीतिक दल देश में मौजूदा समस्याओं के समाधान और विकास की नई तस्वीर पेश करने के बजाय जन भावनाओं को भुनाने के लिए ऐसे विवादित मुद्दे भुनाते रहे हैं। इसमें राष्ट्रीय दल के साथ ही क्षेत्रीय दल भी पीछे नहीं हैं। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं। सबसे ज्यादा 76 जगहों के नाम आंध्र प्रदेश में बदले गए हैं। तमिलनाडु ने 31 और केरल ने 26 जगहों का नाम बदला है। महाराष्ट्र ने भी 18 जगहों का नाम बदला है। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से अब तक 8 शहरों का नाम ही बदला गया है। आजादी के बाद से अब तक देश के 9 राज्यों और 2 संघशासित प्रदेशों का भी नाम बदला गया है। किसी भी शहर या जिले का नाम बदलने के लिए सबसे पहले किसी विधायक या एमएलसी द्वारा इसके लिए सरकार से मांग करना बेहद जरूरी होता है। बिना किसी एमएलसी या विधायक की आधिकारिक मांग के, सरकार किसी भी शहर का नाम नहीं बदलती है। जब विधायक मांग करता है तब सरकार जनता का पक्ष देखती है और यह जानने की कोशिश करती है कि क्या नाम बदलने की जरूरत है। इसी के साथ शहर या जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव कैबिनेट तक जाता है। कैबिनेट में प्रस्ताव पास होने के बाद शहर के नाम बदलने के फैसले पर मुहर लग जाती है। कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद नए नाम का गजट (ज्ञापन पत्र) कराया जाता है। गजट कराने के बाद से नए नाम की आधिकारिक शुरुआत होती है। इसी प्रक्रिया के तहत जिले या शहर का नामकरण हो जाता है। शहरों की समस्याओं के समाधान के बजाय नाम परिवर्तन को चुनावी मुद्दा बना कर इस पर राजनीतिक रोटियां सेंकना दलों को फायदे का सौदा नजर आता है। जब भी किसी शहर या जगह का नाम बदला जाता है तो उसमें करोड़ों रुपयों का खर्चा आता है। नाम बदलने से शहर में महज प्रतिकात्मक परिवर्तन आता है।

शहरों के नाम परिवर्तन पर सबसे ज्यादा विवाद उत्तर प्रदेश में रहा है। यहां सरकारों ने अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत शहरों के नाम बदले। सत्ता परिवर्तन होते ही नई सरकार ने इन शहरों के नाम फिर बदल दिए। सपा और बसपा के बीच नाम परिवर्तन के झगड़े यहां चर्चित रहे हैं। मायावती सरकार ने 8 शहरों के नाम वर्ष 2012 से पहले बदले थे। अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर, हाथरस को महामायानगर बनाया। कानपुर देहात को रामबाई नगर, कासगंज को काशीराम नगर बनाया गया। वर्ष 2012 में सपा की सरकार ने सभी पुराने नाम वापस कर दिए। वोटों की खातिर की गई इस कवायद में सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च हो गए। नामों के विवाद पर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करके विकास विरोधी राजनीति करने पर नकेल कसना आवश्यक है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कानून बनाया जाना चाहिए।

# कुछ अलग

## वफा के अस्वादिष्ट बिस्कुट

**गर्मियों** का मौसम जल्दी दस्तक दे तो ठंडे पेय की बिक्री बढऩी शुरू हो जाती है। बाज़ार खुश देखकर, कम्पनियां पुराने पानी का टेस्ट संवारकर नए रंग की पैकिंग में बेचना शुरू कर देती हैं। नए ब्रैंड का कोल्डड्रिंक देखकर मैंने दुकानदार से पूछा, क्या आपके पास कुत्तों के लिए भी कोल्डड्रिंक है। वह हंसते हुए बोला, कुत्तों के बिस्कुट तो अंग्रेज़ों के ज़माने से सुनते आए हैं, मगर कोल्डड्रिंक, हां, हमारे एक काबिल फायनांस मिनिस्टर ने बजट में कुत्तों के बिस्कुट ज़रूर सस्ते किए थे। अगर दोबारा ऐसा हो गया तो घर की वित्तमंत्री हुक्म देंगी कि बिस्कुट ज़्यादा ले आना। उन्हें बताना पड़ेगा कि कुत्तों वाले बिस्कुट सस्ते हुए हैं, आदमी वाले नहीं। पत्नी समझाएगी अपने व आपके लिए मंगा रही हूं, बहुत फायदा होगा। सबसे ज़रूरी फायदा, एक दूसरे के प्रति वफादारी बढ़ेगी। सामाजिक जानवर बहुत ज्यादा हो गए हैं, इसलिए हम कुत्तों वाले बिस्कुट खाकर अपने आप को कुत्तों की तरह चौकन्ना रख सकेंगे। वह बात दीगर है कि आदमी के रूप में चौक्कना रहने की कोशिश में तो फेल हो गए। कोई परेशान करे, गाली दे तो हम चुपचाप सहन करते आए हैं, बिस्कुट खाएंगे तो दो चार सुनाने की हिम्मत हम में भी आ जाएगी। किट्टी में बॉस की पत्नी चित कर देती है, बिस्कुट खाऊंगी तो उसे शांत कर सकूंगी। सामाजिक स्तर उठाने के लिए, कुत्तों के बिस्कुट सस्ते हो जाने पर, आम आदमी द्वारा खाने के फायदे ही फायदे हो सकते हैं। इसलिए पत्नी चुप नहीं रह पाएगी, जोर देकर कहेगी, किसी की गलत बात पर कुछ सही कह दो तो लोग काट खाने को आते हैं, बिस्कुट खाने से बदलाव आ सकता है और हम भी लोगों को काट खाने को दौड़ सकते हैं। पुलिस सूरज की रोशनी में हो रही चोरियों को भी नहीं रोक पाती, बिस्कुट नियमित खाने से हम ज्यादा स्मार्ट व हैल्दी हो जाएंगे। दिन में भी दफ्तर से घर का एक चक्कर लगा जाया करेंगे, रात को सोते हुए भी कुत्तों की तरह ऊंघा करेंगे, जऱा सी आहट होने पर भौंकना शुरू कर देंगे। इससे पुलिस को भी आराम मिलेगा। पत्नी और समझाएगी कि कुत्तों वाले बिस्कुट खाने से हमारा पशु प्रेम भी बढ़ेगा जोकि नेताओं की तरह नकली नहीं होगा। साथ साथ हम अपने पड़ोसियों, मित्रों, रिश्तेदारों को वफा के बिस्कुट खाने को प्रेरित करेंगे, उन्हें चाय स्नैक्स के साथ स्पेशलिटी के रूप में खिलाएंगे तो उनमें भी वफादारी, प्रेम, आपसी सद्भाव जैसी विलुप्त होती जा रही भावनाओं का उदय होगा। पत्नी को कहेंगे कि बड़ी मुश्किल से तो मानव जन्म मिला ताकि मनमानी कर सकें, क्यूं जीतेजी कुत्ता...अब बस भी करो। अब पत्नी ज़्यादा जोर देकर कहेगी, मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विशवास है कि अगर ऐसा हो जाए तो आदमियत से ही बेवफा होता जा रहा आदमी बिस्कुट खाकर वफादारी के गुण ग्रहण कर सकता है।

दिन में भी दफ्तर से घर का एक चक्कर लगा जाया करेंगे, रात को सोते हुए भी कुत्तों की तरह ऊंघा करेंगे, जरा सी आहट होने पर भौंकना शुरू कर देंगे। इससे पुलिस को भी आराम मिलेगा। पत्नी और समझाएगी कि कुत्तों वाले बिस्कुट खाने से हमारा पशु प्रेम भी बढ़ेगा जोकि नेताओं की तरह नकली नहीं होगा। साथ साथ हम अपने पडोसियों, मित्रों, रिश्तेदारों को वफा के बिस्कुट खाने को प्रेरित करेंगे, उन्हें चाय स्नैक्स के साथ स्पेशलिटी के रूप में खिलाएंगे तो उनमें भी वफादारी, प्रेम, आपसी सद्भाव जैसी विलुप्त होती जा रही भावनाओं का उदय होगा।

## नागरिक बोध

# स्वभाषा को तवज्जो देकर ही कोई देश महाशक्ति और महासंपन्न बन सकता है

**हमारे** राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बाढ़ आ रही है लेकिन ज़रा रूस की तरफ देखें। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कल एक राजाज्ञा पर दस्तखत किए हैं, जिसके अनुसार अब रूस के सरकारी कामकाज में कोई भी रूसी अफसर अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस राजाज्ञा में यह भी कहा गया है कि अंग्रेजी मुहावरों का प्रयोग भी वर्जित है। लेकिन जिन विदेशी भाषा के शब्दों का कोई रूसी पर्याय ही उपलब्ध नहीं है, उनका मजबूरन उपयोग किया जा सकता है। रूस ही नहीं, चीन, जर्मनी, फ्रांस, और जापान जैसे देशों में स्वभाषाओं की रक्षा के कई बड़े अभियान चल पड़े हैं। आजकल दुनिया काफी सिकुड़ गई है। सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति, आवागमन आदि काफी बढ़ गया है। इसीलिए इन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान जरूरी है लेकिन भारत-जैसे अंग्रेजों के पूर्व गुलाम राष्ट्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व इतना बढ़ गया है कि स्वभाषाएं अब दिवंगत होती जा रही हैं। हमारे नेताओं का बौद्धिक स्तर इतना सतही है कि वे इस स्वभाषा-पतन के दूरगामी खतरों से अनभिज्ञ हैं। क्या भाजपाई, क्या कांग्रेसी, क्या समाजवादी और क्या साम्यवादी नेता सभी अंग्रेजी की फिसलपट्टी पर फिसल रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि भाषा को खत्म करके आप अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा ही नहीं सकते। भाषा बदलने से आदमी की सोच बदलने लगती है, रिश्ते बदलने लगते हैं, मौलिकता समाप्त हो जाती है। जो देश पिछले दो-तीन सौ साल में महाशक्ति और महासंपन्न बने हैं, वे अपनी भाषाओं के जरिए ही बने हैं। मैं दुनिया के पांचों महाशक्ति राष्ट्रों में रहकर उनकी भाषा नीति को निकट से देख चुका हूं। उनमें से किसी भी राष्ट्र की पाठशालाओं में विदेशी भाषा अनिवार्य रूप से नहीं पढ़ाई जाती है। हमारे बच्चों पर सिर्फ अंग्रेजी नहीं लादी जाए। उन्हें बड़े होकर कई विदेशी भाषाएं सीखने की छूट हो लेकिन यदि प्राथमिक कक्षाओं में उन पर अंग्रेजी थोपी गई तो यह हिरण पर घांस लादने वाली बात हो गई। इसे सीखने में वे रट्टू तोते बन जाते हैं और उनमें हीनता ग्रंथि पनपने लगती है। महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया ने इस बात को काफी अच्छी तरह समझा था। लेकिन कैसा दुर्भाग्य है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और अशोक गहलोत जैसे संस्कारवान नेता उसके मुख्यमंत्री हैं और उन्होंने उन अंग्रेजी स्कूलों का नाम 'महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल' रख दिया है। अशोक गहलोत जो कि कांग्रेसी नेता हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो कि भाजपा के नेता हैं, दोनों ज़रा महात्मा गांधी और गुरु गोलवलकर के इन कथनों पर ध्यान दें:- ''यदि मैं तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा देना बंद कर देता। सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषाएं अपनाने को मजबूर कर देता। जो आनाकानी करते, उन्हें बर्खास्त कर देता।'' गुरु गोलवलकर, ''आज देश की दुर्दशा यह है कि अंग्रेजी प्रमुख भाषा बन बैठी है और सब भाषाएं गौण बन गई हैं। यदि हम स्वतंत्र राष्ट्र हैं तो हमें अंग्रेजी के स्थान पर स्वभाषा लानी होगी।''

## होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने चलाया फ्लैग मार्च

# शांति पूर्ण त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त, भारी संख्या में पुलिस मौजूद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** होली और शबे ए बरात त्यौहार को क्षेत्र में शांती पूर्ण मनाने को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास एवं एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के संयुक्त अगुवाई में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, अंचल अधिकारी छुटेश्वर दास, इंस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से सभी चौक चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला। जहां एसडीओ सुधीर कुमार दास ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन के साथ लोग त्यौहार मनावें। यदि कोई त्यौहार में गलत नियति से किसी तरह का हुड़दंगी करना चाहेगा तो उससे निबटने के लिए हम प्रशासन ततपर हैं। वहीं बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्राम वासी शांति पूर्ण हंसी खुशी पर्व मनावें। एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि शांति पूर्ण त्यौहार कायम रखने के लिए हुडडूंगीयो पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। वैसे लोगों के साथ निबटने के लिए हमारा पुलिस फोर्स हमेशा तैयार है। इसी को लेकर क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाली जा रही है। इधर थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि शांति पूर्ण त्यौहार मनाने के लिए हम पुलिस हमेशा ततपर हैं।बता दें कि सिमरिया क्षेत्र सभी त्योहारों में शांति पूर्ण माहौल का बहुत बड़ा मिशाल कायम है। यहां सभी समुदाय के लोग सभी त्योहारों में मिल जुल कर सभी त्योहारों का आनन्द उठाते हैं। यदि कोई त्योहारों या आपसी भाई चारगी में नासूर बनना चाहता भी है तो उसे सभी वर्ग के बुद्दिजीवियों द्वारा उसे कड़ी से कड़ी सजा देकर सबक सिखा देती है। खाओ पीओ मस्ती में सभी त्यौहार भाईचारगी के साथ मनाओ अपने अपने बस्ती में। खुशियां हमेशा बांटते चलों, कोई गलत करे तो डांटते चलों। इसी का नाम त्यौहार होली और शबे ए बरात है।

## राजद परिवार की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजद परिवार की ओर से जिला मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर चतरा के विधायक सह राज्य के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित राजद परिवार के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। होली मिलन समारोह में पारंपरिक गीतों के साथ होली की मस्ती कार्यकर्ताओं पर छाई रही। गीत संगीत के बीच पूरा माहौल होली में हो गया। रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाइयां दी गई। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें खोरठा, भोजपुरी, हिंदी फिल्मों के होली के गीतों पर कार्यकर्ताओं ने जमकर लुफ्त उठाया। दूसरी तरफ मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी पूरी तरह होली के मूड में थे। वह रंग बिरंगी परिधानों के साथ सज कर होली मिलन समारोह में आए थे और अपने हाथों से कार्यकर्ताओं को होली के पकवान भी खिलाए। कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द का त्योहार है। हमसब आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं। हर्ष उल्लास का यह रंग बिरंगा त्योहार में सराबोर हो कर हम सब होली मनाते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यादव महासभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुखायल स्थित राम जानकी मन्दिर के प्रांगण में हेरहंज यादव महासभा के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दूसरे को अंग वस्त्र एवम् रंग गुलाल लगाए गए। कलाकार दिनेश मोहक यादव, ललन यादव को कार्यक्रम के अध्यक्ष दुलारचंद यादव द्वारा अंगवस्त्र दिया गया। सभी दर्शकों ने लोगों साथ ने मिलकर आनंद लिया और झूमे गाये। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रांतीय यादव महासभा के सदस्य बलि यादव, जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी यादव, चंद्रदेव गोप तथा जिला एवम् प्रखंड के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तेली समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार को मां सीतला सदन में स्थानीय तेली समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाग चैता का गायन कृष्णा प्रसाद शास्त्री चौक के द्वारा एवं अबीर और पुआ का व्यवसथा समाज के द्वारा किया। जो समाज के द्वारा किया गया। सभी लोग एक दूसरे को अबीर लगा कर एक दूसरे होली कि मिलन समारोह मनाए। वहीं राजन प्रसाद ने कहा कि होली पर्व एक दूसरे की खुशहाली की त्योहार है। इस कार्यक्रम में महुआडांड़ अध्यक्ष बलराम प्रसाद उपाध्यक्ष हीरालाल प्रसाद राजन कुमार युवा अध्यक्ष नितेश साहू उपाध्यक्ष दीपक कुमार सूरज कुमार सहित तेली समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## वाहन के चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चे की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के टुटिलावा गाँव समीप सिमरिया हजारीबाग एनएच 100 मुख्य पथ मस्जिद के पास रविवार को ब्रेजा कार नम्बर जेएच 10 बी एक्स 0688 के चपेट में आने से 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी है। मृतक बच्चा अमन कुमार पिता कामेश्वर रविदास मनातू गांव के रामनगर का रहने वाला था। उक्त कार के टक्कर में घायल बच्चा को परिजनों ने आनन फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्चा का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां रांची ले जाने के क्रम में रामगढ़ के समीप बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार अमन अपने घर से सड़क पार कर दुकान में समान लेने जा रहा था। इस दौरान हजारीबाग की ओर से आ रहा ब्रेजा कार ने अपने चपेट में ले लिया।वहीं बच्चा को धक्का मारकर वाहन लेकर भाग रहा चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर टूटीलावा मंदिर के पास धर दबोचा।इसके बाद ग्रामीणों ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उक्त वाहन व चालक को पकड़कर थाना ले आई है। पुलिस वाहन चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर करवाई शुरू कर दी है। जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमन कामेश्वर रविदास का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से माता पिता और परिजन सदमे में है।इधर मुखिया पुरन राम, रंजन कुमार, संजय कुमार के अलावे पुरे ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से मृतक बच्चा के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है।

## यूथ मोमिन कांफ्रेंस के प्रखण्ड अध्यक्ष बने मनीर अजाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/म्युरहंड :** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस की प्रखंड इकाई की बैठक यूथ मोमिन के जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड के मुबारक अंसारी के आवास पर आयोजित की गई।मुख्य अतिथि के रूप में यूथ प्रदेश महासचिव मो. इकबाल अंसारी, प्रदेश महासचिव मो. मुस्लिम अंसारी मौजूद थे। बैठक का संचालन मौलाना जमील अख्तर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोमिन कांफ्रेंस को और भी ज्यादा धारदार बनाकर समाज में तेजी से फैल रही वैमन्यास्ता, कुरीति दहेज जैसी कुप्रथा, शराब पर पाबंदी, शिक्षा के प्रति जागरूक बनाकर हक अधिकार को समझने वाला कैसे बनाया जाय, तथा सामाजिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र में कैसे भागीदारी सुनिश्चित की जाय इन्ही सब प्रमुख मुद्दों पर परिचर्चा की गई। बैठक के बाद चतरा जिले के पूरे प्रखंड में अवामी तौर पर सूचना देकर दहेज, शराबबंदी, अशिक्षा जैसी मुद्दों को डोर टू डोर जाकर जागरूक करने का काम मोमिन कान्फ्रेंस करने का फैसला लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष मनीर आजाद, जिला मीडिया समसूद अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष आबिद परवेज, उपाध्यक्ष मुबारक वसीम अकरम, संयुक्त सचिव मो फैज रजा, कोषाध्यक्ष मुख्तार अंसारी, मीडिया प्रभारी डॉ मुबारक अंसारी, तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए मो हदीश अंसारी, इस्माइल अंसारी, अजहर अंसारी, मो ताहिर, मुबारक हुसैन को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी तथा प्रदेश महासचि मो इकबाल अंसारी को गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया गया। तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इ बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मो मकसूद, मो मुजाहिद साहब, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो रियाज, मो मकसूद, माहेशा के मो मकसूद, मो रियाज के अलावे दर्जनों मोमिन शुभचिंतक मौजूद थे।

## ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं होना विभाग की उदासीनता का नतीजा

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोरी-चंदवा एनएच - 99 न्यू22 में फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कराने की मांग को लेकर माकपा और कामता पंसस संयुक्त रूप से आगामी 13 मार्च 2023 को रेलवे क्रॉसिंग फाटक के समीप धरना प्रदर्शन करेंगे। इस आशय की जानकारी माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक संयुक्त रुप से प्रेस वक्तव्य जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि आरओबी निर्माण के लिए 03 अप्रैल 2021 को ऑनलाइन शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास के दो वर्ष होने को है इसके बाद भी अभी तक फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू नहीं किया गया। जबकि संवेदक को बजट आवंटित भी कर दिया गया है। ब्रिज निर्माण से संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण अबतक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। फ्लाई ओवरब्रिज नहीं बनने से टोरी रेलवे क्रासिंग फाटक जाम में फंसकर मरीज असमय दम तोड़ रहे हैं। क्रॉसिंग जाम में आधे आधे घंटे गंभीर मरीज एम्बुलेंस के साथ फंसे रहते हैं। बिमार अस्पताल पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। टोरी रेल रूट पर अनवरत रेल परिचालन होने से क्रॉसिंग फाटक हमेशा बंद रहता है, लोगों को पास करने के लिए दो तीन मिनट फाटक खुलती है फिर बंद कर दिया जाता है। जाम से छोटी बड़ी हजारों गाड़ियां तथा लाखों आमजन प्रति दिन बुरी तरह प्रभावित और त्रस्त हैं। ब्रिज का निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो इसपर जोर डालने के लिए यह धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के टोटी बेसरा मार्ग पर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को बारियातू पुलिस ने जब्त कर लिया तथा टोटी हेसला निवासी जगदेव उरांव को गिरफतार कर जेल भेज ज्ञदिया। बारियातू एएसआई दिपक नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी और सुचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने टिम गठन किया। एवं एएस आई दिपक नारायण सिंह, एएसआई रबि कुमार, एस आई मिथलेश कुमार सिंह , एवं आई आर बी 4 के पुलिस बल के जवानों के तत्परता से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जेएच 07, 2507 को टोटी, (हेसला) बेसरा मार्ग पर जब्त कर लिया। ट्रैक्टर में तीन टन अवैध कोयला लदा हुआ था। वहीं टोटी हेसला निवासी जगदेव उरांव को उक्त कोयला चोरी के खिलाफ गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगने लगा बाल विवाह पर अंकुश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाल विवाह को रोकने को लेकर जागरूकता देखी जा रही है। जहां प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोरवाई कला में 12 मार्च को होने वाली नाबालिग लड़की की विवाह पर रोक लगा दी गई है। मिली सूचना पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रीना मैडम के द्वारा प्रखंड प्रशासन को सूचित किए जाने के बाद पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की की शादी को रोका गया। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की का नाम सुमन कुमारी है वह दसवीं की छात्रा है। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता के द्वारा आवेदन दिया गया है और उनके द्वारा बताया गया कि हम अज्ञानता के कारण अपनी नाबालिग लड़की की शादी कर रहे थे जो ग़लत है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि लड़के वाले पक्ष के उपर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय दांगी संघ का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत अखिल भारतीय दांगी संग जिला स्तरीय 5 मार्च रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंगेर गांव में 11:00 बजे से अखिल भारतीय दांगी संघ चतरा जिला का होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीताराम दांगी ने किया। एवं संचालन रामस्वरूप दांगी ने किया। होली मिलन समारोह में सभी दांगी समाज के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ-साथ अलग-अलग लोगों को अबीर गुलाल लगाते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। एवं होली एक दूसरे का मिलनसार त्यौहार है।इसमें पुराने सभी तरह की बातों को भूल कर नए वर्ष में एक नई उमंग के साथ प्रवेश करने का त्यौहार है। इन सभी बातों की व्याख्या करते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। एवं मिठाई बांटी गई। मौके पर उपस्थित एवं जिले के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## साईकिल रैली को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को युवतियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से साइकिल रैली निकाली गयी द्यउपायुक्त भोर सिंह यादव ने हरी झंडी दिखा कर साईकिल रैली को रवाना किया द्य रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर कारगिल पार्क में समाप्त हुई। स्वास्थ्य महिला स्वास्थ्य भारत थीम पर आधारित इस साइकिल रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने युवतियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्मपुर मोड़ में मोबाइल दुकान से हुई चोरी अज्ञात चोरों के प्रति मामला किया दर्ज




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रहम्पुर मोड़ में संचालित महालक्ष्मी मोबाइल शॉप एवं सर्विस दुकान से बीते 4 मार्च के रात्रि करीबन 9:00 बजे के बाद अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान के पीछे साइड से हॉल मारकर ढेर सारे सामान चोरी कर ली गई है। जिसे लेकर दुकान संचालक दशरथ कुमार (23) वर्ष पिता चरित्र दांगी ग्राम मजंगावा थाना गिद्धौर निवासी ने गिद्धौर थाना में 5 मार्च रविवार को आवेदन देकर अज्ञात चोरों के प्रति मामला दर्ज करवाया है। जिसमें उल्लेख किया है कि दुकान से 11पिस कीपैड मोबाइल ग्राहक के द्वारा दिए गए रिपेयरिंग के लिए मोबाइल ब्लूटूथ एवं नगद राशि की निकासी कर चोर भाग गए हैं। जिसका गिद्धौर थाना कांड संख्या 18/23 में मामला दर्ज किया गया है।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 50 केजी महुआ जावा किया नष्ट

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के आमीन गांव से रविवार को 50 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया गया है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने छापामारी अभियान चला रहे हैं। जिसके दौरान रंग का त्यौहार होली को देखते हुए अवैध शराब बनाने वाले पर पुलिस ने गहनता से शिकंजा कस रही है। एवं विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाकर शराब बनाने वाले लोगों के प्रति कड़ी नजर रखते हुए महुआ जावा नष्ट किया जा रहा है।प्रशासन का कहना है कि होली का त्यौहार बिना शराब के शांतिपूर्ण तरीके से मनावें। इसके लिए जोर शोर से पुलिस प्रशासन अभियान चला रहे हैं।

## सद्भावना कमेटी के लोगों ने एसपी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सद्भावना कमेटी के एक 15 सदस्यीए प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात किया। व सद्भावना कमेटी के गठन के उद्देश्य की जानकारी दी।सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने पुलिस अधीक्षक से कमेटी के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आए दिन बालूमाथ में पर्व त्योहार मनाने व आपसी सौहार्द बनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ज्यादा सक्रिय नजर आता था। यहां के लोग अमन चैन के साथ रहना चाहते हैं इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह कमेटी बनाई गई है। वही कमेटी के महासचिव हाजी शब्बीर ने कहा कि सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर सभी पर्व त्यौहार को मनाएंगे और पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर इस सद्भावना कमेटी उद्देश्य को पूरा करेंगे। वहीं एसपी अंजनी अंजनी सद्भावना कमेटी से कहा बालूमाथ सद्भावना कमेटी के लोग अच्छे कार्य कर रहे हैं और सभी समुदाय के लोग काफी अच्छे व शांतिप्रिय लोग हैं लातेहार पुलिस का पूरा सहयोग सद्भावना कमिटी को रहेगा हमारी शुभकामनाएं आप लोगों के साथ है। एसपी से मुलाकात के बाद सद्भावना कमेटी के लोगों ने बालूमाथ शांति समिति की होने वाली बैठक में भाग लेने का निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने वालों में सद्भावना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, महासचिव हाजी मोहम्मद साबिर, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, शैलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव, कार्यकारिणी सदस्य मनोहर प्रसाद गुप्ता, मनान कुरैशी, जावेद अख्तर, कौसर अली, एम समीम, अमन सिन्हा, दिलीप कुमार, सुरेंद्र गुप्ता शामिल थे। इससे पूर्व सद्भावना समिति के लोगों ने एसपी अंजनी अंजन को बुके देकर स्वागत किया।

## डोभा योजना बना रूपये की बंदरबांट योजना

### बगैर उपयोगिता के एक हीं जगह पांच डोभा का किया गया निर्माणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानो पंचायत के रानीपोखर में डोभा योजना में रूपये का लूट का छूट का खेल बना हुआ है। जहां एक हीं स्थल के आस पास में पांच पांच अलग अलग वर्ष में डोभा निर्माण कर रूपये का बंदरबांट कर ली गयी है। लूट का छूट इस तरह इस योजना में हावी है कि पुराने डोभा को नया डोभा बना रूपये की बंदरबांट कर ली जा रही है। डोभा घोटाला इस कदर क्षेत्र में व्याप्त है कि योजना पट्ट तक लगाना जरूरी नहीं समझ रहें है। चुकी अगर योजना बोर्ड लगा दिया जाएगा तो उक्त योजना पट्ट पढ़ कर पूरी जानकारी लोगों को मिल जाएगी। यही कारण है की योजना बोर्ड लगाये बिना हीं योजना पास कर फाइनल तक कर दी जाती है। साथ हीं रूपये लेकर रोजगार सेवक द्वारा जियो टैग कर दी जाती है। बता दें कि सबानो के रानी पोखर में कार्याधिन डोभा तो चालु है किंतु उक्त एक हीं स्थल पर पांच पांच डोभा निर्माण किया गया है जिसका कोई उपयोगिता नहीं है। देखने से साफ़ दर्शाता है कि उक्त स्थल डोभा घोटाला जोन स्थल बन गया है। हैरत की बात तो यह है कि पुराने डोभा को भी थोड़ी बहुत कार्य करवा नया रूप देकर डोभा का पूरा रूपये निकाल बंदरबांट कर ली जा रही है ।आखिर इतने बड़े लूट की छूट किसके इशारे पर की जा रही है। जबकि मनरेगा डोभा योजना में सरकार का लक्ष्य है कि दूर दूर स्थल पर पानी को संचय किया जाना। परन्तु डोभा योजना अब पानी संचय नहीं रुपया संचय बन गया है। इसका जिम्मेवार आखिर कौन है। इस योजना में निष्पक्षता से सभी योजना स्थल पर पहुँच कर जांच की गयी तो परत दर परत घोटाले का राज खुल जाएगा। कितने लोगों को सरकारी रूपये की गबन में जेल के सलाखों में होना तय है।

## थाना परिसर में शांति समिति के बैठक का आयोजन



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को थाना परिसर में होली और शबेबारात पर्व को लेकर अंचलाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के सभी समुदायों के प्रबुद्ध नागरिक की उपस्थिति रही। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि होली पर्व मुहब्बत का पैगाम देता है इस पर्व को आपसी भाईचारे वह सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि किसी भी नागरिक या किसी अन्य समुदाय के लोगों के बिना सहमति रंग व अबीर का प्रयोग ना करें इससे आपसी सौहार्द बिगड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों पर हमारी पैनी नजर रहेगी। वहीं डीजे वगैरह से अश्लील गाने और सौहार्द बिगाड़ने वाला गीत पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। वहीं वाट्सएप पर कोई भ्रामक खबर फैलाने वाले पर हमारी नजर रहेगी वैसे लोगों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला होली मिलन का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय शिवपुरी मोहल्ले में महिला होली मिलन समारोह मनाया गया, जिसमें वार्ड 22 की दर्जनों महिलाएं शामिल हुई।उन्होंने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। मौके पर वार्ड पार्षद रसिका लाल ने कहा कि होली मित्रता,आत्मीयता एवं उमंग का त्यौहार है, जहां दुश्मन भी एक दूसरे को गले लगाते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि होली को सद्भावना एवं शांति के साथ मनाना चाहिए। मौके पर सदर विधायक मनीष जयसवाल, महापौर रोशनी तिर्की, बसपा जिला अध्यक्ष शीला देवी, वार्ड पार्षद रिसिका लाल, चंदन कसेरा, जोगी कसेरा, बबलू कसेरा, डब्लू कसेरा, रोहित , अंकुश , किशन, सोना देवी ,चंदा देवी, रानी देवी, आरती देवी, शशि सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थी ।

### कराटे एसोसिएशन का सम्मान समारोह आयोजित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल झारखण्ड शेषनिकाय कराटे एसोसिएशन÷ द्वारा रविवार को कर्जन स्टेडियम के एनसीसी ग्राउंड में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रजत चक्रवर्ती शामिल हुए। अतिथि हर्ष अजमेरा और डॉ रजत चक्रवर्ती के हाथों कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक बच्चों के साथ-साथ उनके कोच एवं मेंटर को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने प्रतिभावान खिलाड़ी और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे के प्रशिक्षक सिहान उदय कुमार पिछले करीब 30 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों महाविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराटे के गुर सिखा रहें हैं,मैं उनके जज्बे को सलाम करता हूं।मौके पर मुख्य प्रशिक्षक फोजिया प्रवीण नमिता भारती प्रतिमा कुमारी, मोनिका सिंह, राजा दास, दिनेश कुमार ,पिंटू कुमार, अमर कुमार, पंकज कुमार ,अंकित कुमार ,प्रिया कुमारी सहित कई अन्य मौजूद रहें ।

### जदयू का सघन सदस्यता अभियान सह होली मिलन का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के पकरी बरवाडीह में रविवार को बड़कागांव प्रखंड जदयू के सौजन्य से सघन सदस्यता अभियान सह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा थे।उपाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महासचिव प्रेम कुमार, जिला सचिव सुरेश वर्मा, विनय यादव, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी पिंकी देवी, मीना देवी, कंचन देवी भी उपस्थित हुई।अध्यक्षता विजय कुमार महतो एवं संचालन राजेश महतो ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने सदस्यों से सदस्यता बढ़ाने की अपील की और कहा की पार्टी को और धारदार बनाकर बड़कागांव विधानसभा में हमें जदयू की जीत सुनिश्चित कराना है इस सदस्यता अभियान में 108 नए सदस्य जोड़े गए। तत्पश्चात होली मिलन समारोह प्रखंड जदयू बड़कागांव के द्वारा आयोजित हुआ सभी ने मिलकर जमकर गुलाल और अबीर उड़ाया और बड़कागांव सहित पूरे जिले के लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर मुमताज अंसारी, रोहन महतो, भोला साहू, फिरोज अंसारी, अभिषेक कुमार, लालू कुमार राणा,मनोज साहू,प्रदीप साहू ,सुशील कुमार, सुनील कुमार, लीलाधर महतो, गंगाधर प्रसाद सहित ढेरों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा में सम्मिलित हुए पूर्व मुख्यमंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, बरही अनुमंडल, हजारीबाग द्वारा साहू भवन चौपारण में आयोजित साहू समाज के कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री रघुवार दास के साथ सम्मिलित हुए झारखंड प्रदेश तैलिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू।वहां मुख्य अतिथि रघुवार दास ने स्व. तिलेश्वर साहू को स्मरण करते हुए कहा कि वे हमारे समाज के प्रमुख अगुवा नेताओं में से एक थे। उन्होंने साहू समाज को एकजुट करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वैसे नेता का हमारे समाज से चले जाना एक अपूरणीय क्षति है।कोई उनकी कमी पूरी नहीं कर सकता । किंतु हम उनके देखे सपनों को साकार करके उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।इसके अलावा उन्होंने सामाजिक परिचर्चा के साथ साथ राजनैतिक परिचर्चा करते हुए पूरे साहू समाज को एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया और साहू समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी किया।वहीं पर टीएसएस सुप्रीमो अरूण साहू ने सबका आभार व्यक्त किया और विनम्रतापूर्वक सबका अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। मेरे पिताजी स्व. तिलेश्वर साहू भी समाज के अगुवा नेतृत्कर्ताओं में से एक थे।वो रात दिन समाज के हित में लोगों से मिलते-जुलते और उनको एकजुट करने का प्रयास करते थे। किंतु कुछ असामाजिक तत्वों को ये रास नहीं आई और एक षड्यंत्र के तहत आज से 9 वर्ष पूर्व महिला दिवस उनकी हत्या कर दी गयी।उनका जाना मेरे लिए सबसे दुखद व मार्मिक पल था। मुझे अब भी उनकी कमी महसूस होती है। किंतु मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिताजी के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ता रहा। आप लोगों ने भी मुझे पिताजी की तरह खूब प्रेम व सम्मान दिया। इसके लिए मैं आप सबों का आभारी हूँ।मैं आप सबों को भरोसा दिलाता हूँ कि समाज को जब भी मेरी आवश्यकता होगी, मैं आप सबों के बीच उपस्थित रहूंगा।मौके पर विभिन्न जगहों से आए साहू समाज के अनेकों सम्मानित अतिथि, नेता, पदाधिकारी, भाई-बंधु व माताएं बहनें शामिल थी ।।

## आर्यकर्ण निधि फाउंडेशन में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आर्यकर्ण निधि फाउंडेशन में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली के गीतों व हमुनिया के ताल पर लोगों ने जम कर झूमते हुए तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली से पूर्व होली की बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से सीएमडी रंजीत कुमार, फाउंडेशन अध्यक्ष सरोज सोनी, देवदीप महतो, पवन कुमार, चोहन साव, विनोद सिन्हा, चिंतामणि साव, संजय साव, दिलीप राणा, सिकेंद्र कुमार, रूपा कुमारी, कविता देवी, तुलसी राणा, बंगाली महतो, पुनम कुमारी, दीपा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के विरूद्ध चला जांच अभियान, 350 किलोग्राम जावा महुआ किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से एवं आगामी होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद, अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत चैनपुर एवं बड़गांव क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया वही 100 लीटर अवैध चुलाई शराब स्थल से जब्त किया गया जिसके उपरांत इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सीसीएल कोलियरी सिरका का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल सिरका कोलियरी का रविवार को कंपनी मुख्यालय रांची से आए डायरेक्टर पीएंडपी बी. साईराम, जीएम सुधांशु कुमार पांडे व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। दल में अरगड्डा जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, मैनेजर आरके सिंह, अधिकारी अमरेंद्र कुमार, पंकज झा, संजय झा एसके तिवारी शामिल थे। मुख्य अधिकारी डायरेक्टर पीएंडपी बी.साई राम ने करीब 5 वर्षो से बंद सिरका रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद खुली खदान सिरका और काजू बागान अरगड्डा को भी देखा। स्थानीय सिरका अधिकारियों ने कोलयरी में किए जा रहे कार्य और भविष्य में कोलियरी कोयला उत्पादन के लिए जरूरतों के संबंध में बतलाया। इसे जानने के बाद डायरेक्टर पीएंडपी बी. साई राम ने आने वाले भविष्य के लिए कंपनी हित से जुड़े कार्यों के बारे में स्थानीय सिरका व अरगड्डा क्षेत्र के पदाधिकारीयो, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर धनंजय कुमार सिंह, प्रशांत बेलथरिया, गार्ड चरण, शंकर समेत कर्मचारी व सुरक्षा जवान मौजूद थे।

## वैश्य महासम्मेलन ने रघुवर दास का किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रांची से चौपारण जाने के क्रम में रामगढ़ के टायर मोड़ में स्थित होटल सैनी के प्रांगण में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का वैश्य समाज के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। झारखंड प्रदेश वैश्य महासम्मेलन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अमित साहू के नेतृत्व में फूल माला पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को रामगढ़ जिला वैश्य समाज के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विश्वास दिलाया कि हमेशा से वैश्य समाज के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। इस मौके पर झारखंड प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के महिला मोर्चा की अध्यक्षा मधु गुप्ता, संतोष रंजन, उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, हरीश चौधरी, रामप्रवेश गुप्ता, संजय सोनकर, आलोक साहू, राहुल अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, पंकज बरनवाल, सुरेंद्र साहू, समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

## चुरचू प्रखंड के दर्जनों लोगों ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्यसभा सांसद सह जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के आवासीय कार्यालय में जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार पटेल के नेतृत्व में चुरचू प्रखंड के इंदरा, जरबा, हेन्देगाढा, चरही, बहेरा पंचायतों से दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस मौके पर सभी को राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में गंगा प्रसाद, रविशंकर कुमार, रवि कुमार महतो,रमेश महतो,जयनाथ महतो, दिनेश गंझू,विजय महतो,प्रेम कुमार महतो,संजय महतो, कामदेव महतो, हैदर अली,बीरबल महतो,सरीफ अंसारी, मकबूल अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस मौके पर उपस्थित राजू महतो पूर्व जिलाध्यक्ष, राजकुमार महतो,बीरू करमाली, भूदेव महतो,सुरेश रजवार इत्यादि उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल एजेंसिया करें जल्द नियुक्ति नहीं तो होगा बाहरी भगाओ आंदोलन : विप्रसं मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक कटिया सरना काली मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद और संचालन किशोर कुमार महतो व मन्नू मुंडा ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में सभी ने एक स्वर में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा की विगत 18 जनवरी 2023 को पीवीयूएनएल के एजेंसियों के साथ संपन्न बैठक में प्रबंधन के द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप कोई भी कंपनी योग्यता अनुसार काम पर नियुक्ति नहीं कर रही हैं।प्रबंधन का आश्वासन फिर से एक बार ढाक के तीन पात साबित हुआ। प्रबंधन पुनःविस्थापितों को छलने का काम किया है।आरवीपीआर,कनवर,दुर्गा ट्रांसपोर्ट,पीआरबी,अल्फा,पावर्ट्रॉनि सहाइग्रे,टेक्सल,कुमार क्रिएशन आदि कार्यरत एजेंसी बिल्कुल ढीठ कंपनी है। ये लोग यहां के विस्थापित प्रभावितों को देखना नहीं चाहते हैं

बैठक में तमिलनाडु की घटना पर चर्चा करते हुए कहा गया कि इस घटना से पीवीयूएनएल बीएचईएल और बीएचईएल की एजेंसियों को सबक लेना चाहिए,यहां के शांतिप्रिय विस्थापित प्रभावितों के प्रति उदासीनता और नकारात्मक जरिया छोडे और इन्हें योग्यता अनुसार काम में नियुक्ति करें अन्यथा यहां के लोग अपने अधिकार के लिए पूर्व घोषित बाहरी भगाओ विस्थापित प्रभावित को नियुक्त करो आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।बैठक में विस्तार से विचार विमर्श करते हुए आगामी 5 अप्रैल स्थापना दिवस मनाने का घोषणा किया गया। इसकी तैयारी के लिए प्रत्येक गांव में बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कुमेल उरांव, अब्दुल कयूम अंसारी,प्रदीप महतो,बापी मुखर्जी,अलीम अंसारी, रिंकू देवी बीना,देवी अनीता देवी, लीला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में कॉमन सर्विस सेंटर की हुई स्थापना

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागाँव में सुचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के डिजिटल सेवाओं व सरकारी ऑनलाइन सेवाओं के साथ साथ विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा सभी ऑनलाइन फॉर्म का आवेदन अब महाविद्यालय में कॉमन सर्विस सेंटर ( प्रज्ञा केंद्र ) -सह- हेल्प डेस्क से ही कर्णपुरा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी इसका लाभ ले सकेंगे । कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने बताया की विनोबा भावे विश्वविद्यालय में अथवा संबद्धित महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नानकोत्तर में नामांकन लेने के एनटीए (National Testing Agency) द्वारा आयोजित कॉमन प्रतियोगिता परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है। इससे गुजरने के बाद ही स्नातक एवं स्नानकोत्तर में नामांकन होगा। सत्र 2023-2024 के नामांकन करने हेतु इण्टर और स्नातक में अध्ययनरत छात्रहीत के समस्या को देखते हुवे महाविद्यालय द्वारा कर्णपुरा महाविद्यालय परिषर में कॉमन सर्विस सेंटर ( प्रज्ञा केंद्र ) -सह- हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आवेदन का अंतिम तिथि 12 मार्च 2023 रात्रि 09:00 बजे तक है। आवेदन करने में दिक्कत होने पर महाविद्यालय के हेल्प डेस्क नंबर +91- 9123256770 ,+91-8809298210 से संपर्क कर सकते है ।

### हेसला में सरहुल पूजा को लेकर आदिवासी समाज ने की बैठक

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के आदिवासी क्लब के प्रांगण में सरहुल पूजा मनाने को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने बैठक आयोजित किया। इसमें सरहुल पूजा एकजुटता, शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ उत्सव को मनाने का संकल्प लिया। साथ ही ग्रामीण समाजसेवी, युवा, महिलाओं के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूजा समिति और कार्यकारिणी समिति बनाने को लेकर मंथन हुआ। अगली बैठक आगामी 12 मार्च को आयोजित कर सरहुल पूजा मनाने को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता युगेश बेदिया व संचालन सरयू बेदिया ने किया। मौके पर प्रयाग बेदिया, गोपाल मुंडा, कोलेश्वर बेदिया, संजय बेदिया, महेश प्रजापति, बासुदेव बेदिया, गंगा बेदिया, सुरेश मुंडा, गुरु चरण बेदिया, संजय बेदिया, प्रभात बेदिया, संजीव बेदिया, लोकेश बेदिया, विकास, बिजेंद्र बेदिया, संतोष बेदिया, सुनील कुमार बेदिया, कोलेश्वर बेदिया, बबलू बेदिया, प्रकाश बेदिया, सिकंदर बेदिया, अनिल बेदिया, दीपक बेदिया, अनिल बेदिया, अमित मुंडा, सुरेंद्र बेदिया, सचिन बेदिया आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए जीप उपाध्यक्ष

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत कोल्हुआ कला ग्राम करगईयो में दिन रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रितेश गुप्ता, शामिल हुए। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया।जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का त्यौहार है। इसे शांतिपूर्वक मनाया जाए। और उन्होंने फगुआ गीत गाकर लोगों से होली शांतिपूर्वक मनाने के लिए संदेश दिया। मंच संचालन केदार यादव ने किया।मौके पर टेकलालयादव , डिलो पासवान, मूलचंद यादव, पूर्व मुखिया कोलहुवाकला टेकलाल यादव, मूलचंद यादव, राजेश यादव, अर्जुन यादव, मनोज यादव, मनोज राणा, डीलो पासवान, बिरजू पासवान, देवनारायण मोदी, रामदेव यादव, छत्रु यादव मलकोको पंचायत समिति प्रतिनिधि रोहित यादव, विजैया पंचायत प्रतिनिधि रोहित यादव, किशोर यादव,सुरेश यादव,सुरेंद्र यादव,सोनू यादव,शंकर रविदास, लक्ष्मण यादव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## ब्रज रास की तर्ज पर श्री गौर पुर्णिमा महोत्सव हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मटवारी गाँधी मैदान में श्री गौरांग सेवा फॉउंडेशन श्री हरे कृष्णा समुदाय हज़ारीबाग के संयुक्त निर्देशन में धूमधाम से गौर पूर्णिमा महोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।मटवारी गाँधी मैदान से भव्य संकीर्तन नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं ने श्री राधा कृष्ण के भक्ति में डूबे हुए थे।वृंदावन गोकुल एवं वरसाने की सजल भाव को समेटे हुए ब्रज बृन्दावन मथुरा की रास की तर्ज़ पर श्री गौर पुर्णिमा महोत्सव का बड़ा ही सुंदर आयोजन प्रभुपाद भक्तों द्वारा किया गया। भव्य शोभा यात्रा बड़े ही सुसज्जित और मर्यादित ढंग से कोर्रा चौक से मटवारी पी टी सी मैदान तक निकाली गई। कृष्ण भक्तों ने प्रभु के भजनों पर नाचने के लिए मजबूर हो गए व संकीर्तन का अनंद लिया गाँधी मैदान के मुख्य मंच से श्री दास गदाधर दास ,श्री श्यामब्रजविलाश् दास, श्री उत्तानपाद दास, एवं गौरांग सेवा फाउंडेशन के कृष्ण भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। गौर आरती करते हुए ग्यारह सौ किलो के पुष्प की पंखुड़ियों से पुष्पाभिषेक किया गया साथ ही अबीर गुलाल से पारंपरिक श्री कृष्ण होली मिलन कार्यक्रम अनोखी और अतिमनमोहक बनाया गया।सभी प्रभुपाद भक्तों ने महाप्रसाद प्राप्त कर उक्त कार्यक्रम को विभिन्न प्राकृतिक रंगों से भर दिया । कार्यक्रम में हज़ारीबाग के सैकड़ों गणमान्य श्री कृष्ण भक्तों ने भाग लिया ।

## तैलिक साहु समाज के होली मिलन समारोह में शामिल हुई विधायक अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज बड़कागांव प्रखंड कमिटी के द्वारा प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह पंकरी बरवाडीह स्थित भोक्ता स्थान मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड इकाई के द्वारा किया गया। वहीं समारोह का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता तथा मंच का संचालन निरंजन कुमार ने किया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक अम्बा प्रसाद शामिल हुई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जम कर अबीर गुलाल उड़ा कर एक दूसरे को होली की बधाई दी। मौके पर अंबा प्रसाद ने प्रखंड वासियों को होली की बधाई दी।

मौके पर मुख्य रूप से युवा समाजसेवी रांची महानगर पंकज कुमार कश्यप, सचिव कैलाश साव, मुखिया विमला देवी, रांची महानगर के प्रभारी कुंजबिहारी साहू, समाजसेवी कौलेश्वर साव, जितेंद्र कुमार साव, मोहन साव, पदुम साव, हीरालाल साव, राजकुमार साव, प्रेम साव, शिवनारायण साहू, धनेश्वर साव, धनु प्रसाद निराला, बुधन साव, रामचंद्र साव, गणेश प्रसाद गुप्ता,आशिष कुमार साव आदि लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आम जनता भयमुक्त परिवेश में जीवन यापन कर सकें : संतोष महतो

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड पार्टी के संतोष महतो ने प्रेस बयान जारी करके कहा है कि गिरीडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा प्रेस कोंफ़्रेंस कर रामगढ़ पुलिस प्रशासन से टकराने के लिए आजसु पार्टी तैयार है जैसे बयान देने और रामगढ़ डीएसपी किशोर रजक के साथ आजसु पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बदतमीज़ी किए जाने की घटना की निंदा की है और इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।उन्होंने कहा कि एक सांसद द्वारा अमर्यादित बयान देना और पुलिस प्रशासन के साथ साथ न्याय व्यवस्था को चुनौती देना बेहद चिंताजनक है।चुनाव में जीते हुए कुछेक दिन भी नहीं हुए और इस तरीक़े की घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है और क्षेत्र अशांत हुआ है।डीएसपी किशोर रजक से मेरी बात हुई है और उन्होंने बताया कि गोला में आजसू के विजय जुलूस के दौरान महिला से छेड़खानी और बदतमीज़ी के ख़िलाफ़ पुलिस ने सागर गोस्वामी को गिरफ़्तार किया है जो कि बिलकुल पुलिसया जाँच और आरोपी के स्वीकारोक्ति के बाद लिया गया निर्णय है।और इसके ख़िलाफ़ सांसद का प्रेस कोंफ़्रेंस करना और पूरे तंत्र को धमकाना बिलकुल ग़लत है।संतोष महतो ने आगे कहा कि-झारखण्ड पार्टी ऐसे ग़लत बयानी की कड़ी निंदा करता है साथ ही साथ एक संवैधानिक पद पर बैठे सांसद से अपेक्षा करता है कि भविष्य में प्रशासन के ख़िलाफ़ इस तरीक़े की सीधी चुनौती पूर्ण बयान बाज़ी से बचेंगे और पद की मर्यादा क़ायम रखेंगे।पूर्व में भी रामगढ़ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई से सम्बंधित विवाद के बाद चंद्र प्रकाश चौधरी लोगों को खुले तौर पर धमकाते दिखे थे।चुनाव में जीत हार लगी रहती है लेकिन जिन उम्मीदों के साथ रामगढ़ की जनता ने सुनीता चौधरी को चुना है वो उसपर खरा उतरने की कोशिश करें साथ ही साथ अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को नियंत्रित रखे ताकि क्षेत्र में भय का माहौल न स्थापित हो पाए।आम जनता भयमुक्त परिवेश में जीवन यापन कर सकें।

## विन्क्यूलिन व नेट्स हृदयाघात के नूतन कारक : डॉ वी के जगनाणी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वविदित है कि ट्राईग्लिसेराइड्स तथा एल डी एल के रक्त में मात्रा बढ़ने से हृदयाघात एवं पक्षाघात की सम्भावना कई गुणा बढ़ जाती है । इनके बढ़ने का मुख्य कारण पाश्चात्य भोजन एवं जीवनशैली में सक्रियता की कमी माना जाता है । ज्ञात हो, राँची के सुप्रसिद्ध हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ वी के जगनाणी इस विषय पर वाराणसी में 3 - 5 मार्च 2023 को सम्पन्न हुए कार्डायबकॉन में इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत कर रहे थे ।हृदयाघात एवं पक्षाघात के मुख्य कारक आथेरोस्क्लेरोसिस को माना जाता है । डिस्लिपीडिमिया के इतर नेटोसिस भी इन रोगों का नूतन कारक उभर कर सामने आया है । शोध से पता चल रहा है कि धमनियों में अनियन्त्रित इन्फलामेशन के कारण नेट्स बनने लगते हैं जो हानिकारक प्रभाव डाल कर आथेरोस्क्लेरोसिस को गतिशील कर देते हैं । इसके दुष्प्रभाव से प्लाक बनने लगते हैं । नेटोसिस के कारण प्लाक रप्चर होकर जानलेवा हृदयाघात हो सकता है । जब यही प्लाक रप्चर मष्तिष्क में होता है तो स्ट्रोक के कारण पक्षाघात हो सकता है ।शोध में यह पाया गया है कि अगर अनियन्त्रित नेटोसिस को किसी चरण में रोक सकें तो आथेरोस्क्लेरोसिस, प्लाक, हृदयाघात एवं पक्षाघात से बच सकते हैं ।परन्तु, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन, नियन्त्रित रक्तचाप, रक्त शर्करा, कॉलेस्ट्रॉल, स्वास्थ्य वर्धक भोजन, नियमित व्यायाम, ओषधि, जाँच, चिकित्सीय परामर्श के साथ आवश्यक है ।

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला संपन्न

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी का बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला न्यू टाउन हॉल के निकट विवाह भवन में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में विधानसभा स्तर के अल्पकालिक विस्तारक मौजूद थे।बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वर्ग के द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम लाया गया इसका मूल उद्देश्य यह है कि हमारा भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक आधार और ज्यादा मजबूत हो। जब बूथों में हमारा संगठन मजबूत होगा तो भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा जन जन तक पहुंचेगी।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री महेश पासवान ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, महामंत्री नितिन भट्ट, आईटी सेल के सह संयोजक विवेक विकास, निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, झारखंड प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक संजीव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून संजय झा, महेंद्र शर्मा, मिल्टन पार्थसारथी, चंद्रशेखर मुन्ना, सुशील सिंह, जयप्रकाश सिंह, रीता प्रसाद, निर्मल प्रधान, शिवेंद्र सिंह, मौसम सिंह, सुमन सिंह, राजकुमार मंडल, आनंद खंडेलवाल, विकास मिश्रा, पूनम अचिंत्य, संतोषी आनंद, विभा सिंह, दीपक सिंह, दीपक झा, श्यामल रहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगर थाना ने सुरक्षित वाहन चालक जागरूकता अभियान निकाली

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को नगर थाना साहिबगंज में पदस्थापित अपने दल बल के साथ वाहन जागरूकता अभियान चलाया गया वही दोपहिया चार पहिया टोटो टेंपो सभी को जागरूक करने के लिए पुलिस बल के द्वारा रैली निकालकर शहर के मुख्य मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों से भ्रमण किया।वही नगर थाना पुलिस इंस्पेक्टर धर्मपाल कुमार ने लोगों को यातायात ट्रैफिक नियम पालन कर सड़क पर चलने के लिए आमलोगों को जानकारी जागरूकता अभियान रैली के न माध्यम से दिए।वही टू व्हीलर बाइक चालक को हेलमेट हमेशा पहन कर चलाने की बात कहीं ।वही चार वाहन चालक को बेल्ट बांधकर चलाने की सलाह दी। सतर्कता हटी घटना घटी,की भी जानकारी दिए।मौके पर नगर थाना पुलिस इंस्पेक्टर धर्मपाल कुमार , पुलिस पदाधिकारी एवंअन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता ने होली मिलन समारोह मनाया

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज रविवार को जिला कांग्रेश कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता कांग्रेसजन शामिल हुए जिला अध्यक्ष बरकतुल्ला खान ने कहा की आज होली मिलन समारोह मनाने हमलोग एकत्रित हुए हैं वही उन्होंने कहा कि होली भाईचारा का त्यौहार है यह हमें संदेश देता है की हम लोगों को अपनी मतभेद ,रंजिश को भुलाकर एक दूसरे से मिलजुलकर जीवन जीने का लक्ष्य रखे।इस अवसर पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। वही भूतपूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुकूल चंद्र मिश्र ने भी इस अवसर पर जिला वासियों को शुभकामनाएं दिए उन्होंने भी कहा की होली का त्योहार हमें यह बतलाता है की हम आपस में मिलजुल कर एक ऐसा समाज बनाए जहां सभी के बीच भाईचारा शांति बना रहे। वही मिलन कार्यक्रम में ढोल झाल गाना बाजा के साथ सभी मस्ती में झूम रहे थे ।वही मिलन समारोह में शामिल लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गला मिलकर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुकूल चंद्र मिश्र, मुर्शाद अली, कलीमुद्दीन ,बास्की नाथ यादव, मोहम्मद नदीम,अशोक पासवान, सरफराज आलम, नित्यानंद गुप्ता एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# समाजिक समरसता का प्रतीक है बाहा पर्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोटालपोखर :** पूरे संथाल परगना क्षेत्र में बाहा पर्व की संथाल समाज मे धूम मचा हुआ है ।संथाल समुदाय में बाहा पर्व होली पर्व की तरह मनाया जाता है।साहेबगज जिला में संथाल समाज के गांवों में बाहा पर्व मनाया जाता है।संथाल समुदाय में बाहा पर्व होली पर्व की तरह उत्साह के वातावरण संपन्न हो रहा है । वसंत ऋतु में होली उत्सव के संग संग यह बाहा पर्व भी विशेषकर झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिसा एवं असम आदि राज्यों में संथाल समुदाय द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया जाता है। संथाल परगना की पावन माटी में यह पर्व काफी धूमधाम के साथ मनाने की परंपरा है। संथाली भाषा में बाहा का शाब्दिक अर्थ है फूल जो सौंदर्य, खुशबु और सादगी का द्योतक माना जाता है। बसंत के मौसम में होलीं पर्व के जनप्रिय पलाश फूलों की तरह बाहा पर्व में सार्जम बाहा यानी सखुआ फूल का भी अति महत्व है। इस फूल के प्रस्फुटित होने के साथ ही समुदाय में बाहा पर्व का आगाज हो जाता है तथा सभी के मन में पर्व का सुखद एहसास होने लगता है। इस पर्व की अन्यतम विशेषता यह है कि प्रत्येक गतिविधि एवं अनुष्ठान में पारंपरिक सिरींग यानी गीत नृत्य अनिवार्य अंग माना जाता है जिसमे पर्व का महत्व एवं प्राचीन इतिहास स्वतः याद दिलाता है। तीन दिवसीय इस पर्व के प्रथम दिन पवित्रता एवं समर्पण का दिन माना जाता है। आदिवासी परंपरा के अनुसार गांव में नियुक्त गुडीत यानी आदेशपाल द्वारा पर्व एवं प्रस्तुति की सूचना सभी परिवारों में दी जाती है। तदनुसार समुदाय के लोग इस दिन अपना अपना गांव टोला स्थित जाहेरथान यानी इष्टदेव का मंदिर में जमा होते हैं तथा नायकी यानी पूजारी के निर्देशानुसार जाहेरथान की साफ सफाई, सजावट, रंग रौगन से लेकर उपासना करने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। इसी क्षण से बाहा पर्व का आनंद एवं संदेश हर गली में फैल जाते है। जाहेरथान यानी जहां भगवान जाहेर एरा को पूर्वजों ने स्थापना की है। इस स्थल में अब भी सखुआ के सैकड़ों वर्ष पूराना पेड़ अनमोल धरोहर के रूप में विराजमान है। ये पेड़ धर्म एवं आस्था का प्रतिक माना जाता है जो सदियों से जाहेरथान में साधारण घेरा या बिना घेरा के ही पूर्णरूप से सुरक्षित है। धर्म के प्रतिक इस पेड़ों के पास ही भगवान का निवास स्थान है। बाहा पर्व के दूसरे दिन भी गांव के पुरूष, महिला एवं बच्चे नहा धोकर शुद्ध चित्त में फिर एक बार जाहेरथान में उपस्थित होते है। इस मौके पर गांव के नायकी द्वारा सर्जम यानी सखुआ के फूल एवं पारंपरिक सामग्री के साथ भगवान जाहेर एरा की विधि पूर्वक पूजा की जाती है। जाहेरथान में पूजा उपासना समाप्त होते ही पूजारी पूजा के उस सखुआ फूलों को बांटने के लिए घर घर पहुंचते है। इससे पूर्व उस फूल को ग्रहण करने के लिए घर के प्रवेश द्वार पर महिलाएं लोटा में पानी लेकर इंतजार करती हैं।

## रामगढ़ सौदागर मोहल्ला में हज़रत दाता बाबा का उर्स मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ सौदागर मोहल्ला में हज़रत दाता बाबा का उर्स मनाया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने हजरत दाता जलालुद्दीन शाह बाबा के दरबार पर चादर पोशी करके देश की खुशहाली आपसी भाईचारे की लिए दुआ मांगी जिसमें मौके पर मौजूद अंजुमन कमेटी के सदर लाल मोहम्मद मोदी पंकज तिवारी अमित महतो शहजाद खान और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता समीर हुसैन साजिद हुसैन टिंकू खान संतोष नायक आमिर हुसैन शाहनवाज आलम महफूज आलम संजू गुप्ता रौनक अहमद सहित कई लोग शामिल थे।

## बक्सपुरा में बाबा साहेब की जयंती मनाने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखंड के बक्सपुरा पंचायत के गांधी मैदान में आगामी 14 मार्च को बाबा साहेब का जयंती मनाने को लेकर अंबेडकर समिति ने एक बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता राजेश दास तथा संचालन दशरथ दास ने किया। बैठक के मौके पर दशरथ दास ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती बनाने को लेकर हम सभी एकजुट हुए हैं और हम सभी को अपने समाज को एकजुट करना है साथ ही हम सभी संगठित हो तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। इस मौके पर सभी लोगों ने बाबासाहेब डॉ0 अंबेडकर के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया।

# दी आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट में विदाई सह होली मिलन समारोह धूम-धाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग रोड़ स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स,कॉमर्स एंड साइंस की ओर से बरही नगर भवन में विदाई सह होली मिलन समारोह मनाई गई। जिसमें 10वीं, 12वीं के आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस के लगभग 200 विद्यर्थियों को तिलक, गुलाल लगा कर एवं आरती उतार कर एवं संस्थान की ओर से डॉक्यूएमेंट्स फ़ाइल दे कर विदा दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्थान के उप संचालक अधिवक्ता कुंदन कुमार ने किया।



विदाई समारोह के बाद होली मिलन समारोह मनाई गई। बच्चे एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली के गाने पे ठुमकते नज़र आए। वहीं विद्यार्थियों के आंखे नम देखनो को मिली फर्स्ट ईयर एवं सेकंड ईयर एवं नवम क्लासेज़ के बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत एवं भाषण से पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने विद्यार्थियों को आशिर्वाद देते हुए कहा कि प्रत्येक सालों के जैसा इस साल भी आप जिला एवं राज्य में सफलता का परचम लहराएंगे। पूरे ईमानदारी से अपनी भाषा मे उतर पुस्तिका पे सफलता का नाम अंकित करेंगे। मौके पे उपस्थित शिक्षक रमेश महतो, कमलकांत, निशि राणा, नितेश गोस्वामी, शशि कुमार, कमल प्रजापति, नीतू यादव, सिमा यादव एवं सभी क्लासेज़ मिला कर 400 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बेलगाम हो गया है शासन व प्रशासन : आजसू-भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने संयुक्त रूप से आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जिसमें मुख्य रुप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी , आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय कुमार साहू और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित थे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में शासन-प्रशासन बेलगाम हो गया है और पूरा यहां का महकमा ब्यूरोक्रेट ब्यूरोक्रेसी सरकार के इशारे पर यहां की आम जनता को लूटने और शोषण करने का काम कर रही है सरकार को लगता है कि कोई अगर उनके गलत नीतियों का विरोध करें तो उसको कैसे भुला जाए उसके लिए एजेंट के रूप में अपने डीएसपी और बीडीओ का इस्तेमाल करते हैं अभी कल की घटना है एनडीए ने जब प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज किया रामगढ़ उपचुनाव में सुनीता चौधरी जीती तो सरकार के लोग पचा नहीं पाए और अपना यहां पर एक एजेंट स्थापित करके रखे हैं डीएसपी किशोर कुमार रजक के रुप में उसके द्वारा साजिश के तहत हमारे भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं पर



जबरन तरीके से उनको फसाने के लिए किसी से कंप्लेंट करवा कर उन्हें अरेस्ट करने का काम किया और जब भाजपा और आजसू पार्टी के लोग इसका विरोध करने गोला थाना पहुंचे तो स्वयं डीएसपी किशोर कुमार रजक पूरा बदतमीजी से लोगों से पेश आए और नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिसमें वहां के स्थानीय नेताओं द्वारा विरोध किया गया तो उन लोगों को तो छोड़ दिया गया लेकिन आजसू पार्टी और भाजपा के हमारे नेताओं पर गलत तरीके से 353 धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया जो इस तरह से जनता पर अन्याय हो रहा है जिसका एनडीए पूरा विरोध करेगी और सरकार के भेजे हुए नुमाइंदे जो एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उनको किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी रोशन लाल ने आगे कहा कि यहां पर जो डीएसपी किशोर रजक है गोला बीडीओ को तुरंत बर्खास्त कर नहीं तो हम लोग सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे और सदन में विधानसभा में इसकी आवाज देगी और लोकसभा में भी हम इन बातों को रखने का काम करेंगे आगे भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा जिस तरह सरकार अन्याय कर रही है उसका इनको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा आब 2024 के लिए हम तैयार हैं और जनता जब परेशान होगी तो एनडीए पूरी ताकत के साथ हेमंत सोरेन का प्रतिकार करेंगे और ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों को सस्पेंड करवाने का काम करेगी इसके लिए विधानसभा लोकसभा में जोरदार आवाज उठाना पड़े तो उठाएंगे अपने प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में धरना देना पड़े तो दिया जाएगा लेकिन किशोर कुमार रजक को किसी भी हाल में हम लोग बक्सेंगेनहीं मौके पर उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव गुड्डू यादव आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक ओबीसी मोर्चा संजय यादव और यूनियन नेता अरविंद साहू थे।

## इको नैनो यूरिया तरल फसल विचार संगोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतना :** साहिबगंज जिले के पतना प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के आमगाछी गांव में शनिवार की शाम जिला सहकारिता पदाधिकारी राजकुमार प्रसाद की अध्यक्षता में इको नैनो यूरिया तरल फसल विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि पदाधिकारी सुबोध प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमार सौरव इफको कंपनी के चंदन कुमार देव कुमार एवं प्रमोद एक का यूके सिंहा राजकुमार प्रसाद एवं इसको कंपनी के संथाल परगना खाद विक्रेता नवीन कुमार मार्केटिंग मैनेजर राजीव कुमार दुकान संचालक अनवर आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया जिला कृषि पदाधिकारी सुबोध प्रसाद सिंह ने कहा कि किसान यूरिया का प्रयोग नहीं करना है तभी वही किसान कर्ज से मुफ्त पा सकेंगे किसानों के द्वारा खेतों में यूरिया का किए प्रयोग की जाने से खेतों में उर्वरक क्षमता घट जाती है जिसमें खेतों के पैदावार मैं भी काफी कमी आ जाती है ।यदि किसान काफी कम लागत में खेती करने की इच्छा रखते हैं तो वे नैनो यू रिया प्रयोग कर खेती कर सकते हैं इधर कुछ वर्षों से कम बारिश हो रही है इसलिए किसान के घर एवं आसपास के क्षेत्र में डोभा का निर्माण कर पानी को रोक सकते हैं और इस पानी का उपयोग बारिश नहीं होने पर उस पानी का उपयोग कर सकते हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के परिसर मैं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के बृजेश कुमार गौतम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित थे साथ ही व्यवहार न्यायालय के अन्य सभी न्यायाधीशगन भी समारोह में उपस्थित होकर अधिवक्ताओं के साथ होली महोत्सव का आनंद लिया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ द्वारा संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल को महामूर्खधिराज एवं




महासचिव सीताराम को मूर्ख धीराज की उपाधि से सुशोभित किया गया प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश ने महामूर्खधीरज को सब्जी का मुकुट एवं माला पहना कर स्वागत किए साथ ही इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे का त्यौहार है जिसमें सभी लोग एक दूसरे को रंग लगाकर, गले मिलकर उत्साह पूर्वक मनाते हैं उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्राकृतिक रंगों के साथ होली का त्यौहार स्वच्छ एवं अच्छे वातावरण में मनाएं उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को एवं आम जनों को होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी होली मिलन समारोह में अधिवक्ता द्वारा लोक संगीत की प्रस्तुति कर सभी को मोहित कर लिया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष झलकदेव महतो महासचिव सीताराम कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो सहकोषाध्यक्ष धनंजय कुमार यादव संयुक्त सचिव प्रकाश रंजन लाइब्रेरियन शंभू तिवारी कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे योगेश पांडे ज्योति कुमारी राजेंद्र महतो राजू महतो सतीश पाठक द्वारिका महतो मोइन अहमद मोहम्मद इसरार सरकारी शंभू प्रसाद रेशम लाल ऋषि महतो आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने शानदार होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में विष्णुगढ़ सात मील मोड,विष्णुगढ़-बगोदर पथ के किनारे अवस्थित अपने आवास पर महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया । जिसकी अध्यक्षता अंजू देवी ने तथा संचालन महामंत्री उषा देवी ने किया।आगामी होली के सुअवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की अधिकारियों एवं सदस्यों ने परम्परागत वाद्य यंत्रों ढोल,मंजीरे की धुन पर होली के गीत गाते हुए जमकर नृत्य प्रस्तुत किया ।सभी ने एक दूसरे




को जमकर गुलाल लगाए और होली की बधाई दी ।होली की महफ़िल के बीच उपस्थित सदस्यों के बीच पकवानों,कोल्ड्रिंक का लुत्फ उठाया ।होली मिलन समारोह के अद्भुत नजारे को हर कोई अपनी जेहन में ताजा रखते हुए महिला एकजुटता की मिसाल पेश की ।समारोह की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली शांतिपूर्वक उत्साह भरे माहौल में मनाएं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि आज समाज में महिलाएं सशक्त हुई हैं। समाज में वैमनस्यता का माहौल बढ़ा है,इसे यदि कोई कम कर सकता है तो महिलाएं हीं कर सकती है। हम सबों को प्रधानमंत्री के सपनों का भारत,आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत बनाने के लिए हम सबों को स्वरोजगार से जुड़ना होगा। कार्यक्रम के अंत में एक दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारा बनाकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## गोला प्रखंड के हेसापोड़ा पंचायत में समीक्षा बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के हेसापोड़ा में पंचायत प्रभारी भोला दांगी ने कोराम्बे में समीक्षा बैठक रखे जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ग्रामीणों ने सर्वप्रथम बजरंग महतो को माला पहना कर एवं अबीर लगाकर स्वागत किए साथ ही बजरंग महतो ने ग्रामीणों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी भाइयों बहनों एवं माताओं आप सभी का प्यार और आशीर्वाद जिस तरह जनादेश मिला आप सभी का आभारी हूं की धनबल को ठुकराते हुए जिस तरह आप लोगों ने यह प्यार दिया आपका ऋणी रहूंगा और हमेशा आप लोगों के बीच कार्य करने का काम करूंगा आपलोग का प्यार और आशीर्वाद हमेशा बना रहे मौके पर उपस्थित युवा नेता अमित महतो ईश्वर राम रजवार जागेश्वर कुमार महतो कालीचरण करमाली धनेश्वर रजवार भूषण रजवार पवन कुमार कुलदीप करमाली डेबिट कपूर जोगिंदर करमाली संतोष करमाली सुरेश पुरी भुनेश्वर रजवार महेंद्र रजवार मनोज रजवार वीरेंद्र रजवार मंजू रजवार संजय रजवार शंकर करमाली शेखर मुरली लतीफ परवेज कमलेश कुमार महतो माणिक पटेल सन्नी राजु कौसर सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## होली मिलन समारोह का आयोजन

# अश्लील व फूहड़ गानों से युवा बनायें दूरी : मायुमो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने रविवार को गांधी सेवा सदन, धनबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में धनबाद कोयलांचल से लगभग 30 युवाओं ने मायुमो का दामन थामा। सभी को मायुमो अध्यक्ष पवन महतो, उपाध्यक्ष संदीप कौशल, सचिव राणा चटराज ने युवाओं को माला पहनाकर शामिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि हमारा देश त्योहारों का देश है। यहां हर साल में विभिन्न प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं। उन्हीं में से होली हमारे देश का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने कहा कि मायुमो होली मिलन समारोह से संदेश देना चाहती है की अश्लील एवं फूहड़ गानों से युवा दूरी बनाए रखें तथा समाज में भाईचारा का माहौल स्थापित करे एंव द्वेष की भावना को हटाकर देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। मायुमो ज़िला उपाध्याय संदीप कौशल ने कहा कि देश में हर त्योहार में जश्न अलग-अलग ढंग से मनाते हैं, लेकिन होली का जश्न रंगों और फूलों का कहर बरसाते हुए मनाया जाता है। होली रंगो और हंसी-खुशी का निराला और अद्भुत त्योहार है। रंगों का त्योहार आपसी भाईचारा का माहौल स्थापित करती है। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से मासस के नरेश पासवान, कृष्ण कुमार, प्रदीप रवानी, अशोक यादव, प्रिंस सिंह, अमन चौहान, राहुल वाल्मीकि, बादल राम, विवेक राम, अर्जुन बाल्मीकि, सूरज राम, महावीर महतो, राहुल सिंह, सागर साहू, मोहित कुमार, अमित कुमार, रोशन यादव, विशाल यादव, अनिकेत कुमार आदि लोग शामिल थे।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का होली मिलन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का होली मिलन समारोह का आयोजन धैया स्थित टुलिप मैरिज गार्डन हॉल में किया गया। जिसमें धनबाद के लगभग डेढ़ सौ फोटोग्राफर सदस्यों ने हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया। अबीर गुलाल गालों पर लगाकर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई देते हुए सौहार्द्रपूर्ण तथा पारंपरिक तरीके से मनाया गया। धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सभी फोटोग्राफर भाइयों के साथ होली मनाया एवं सभी को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग फोटो के माध्यम से दूसरे के जीवन में रंग भरते हैं वैसे ही आम दिन में भी जरूरतमंद के जीवन में रंग भरने का कार्य करेंगे। जैसे हम लोग सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं वैसे ही भविष्य में आगे भी सार्वजनिक एवं सामाजिक कार्य करते रहेंगे और दूसरों के जीवन में रंग भरने का काम करेंगे।

## बिरसा मुंडा स्टेडियम धनबाद में फुटबाल रेफरियों का फिटनेस टेस्ट संपन्न

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड फुटबॉल संघ के रेफरी समिति द्वारा धनबाद जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आज बिरसा मुंडा स्टेडियम धनबाद में जिला स्तरीय रेफरीयो का कूपर फिटनेस टेस्ट संपन्न हुआ। जिले के 65 लड़के और 15 लड़कियों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी मो सलाउद्दीन, मृदुल बोस, शुभंकर सरकार ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर इसकी शुभारंभ किए। मौके पर झारखंड रेफरी बोर्ड के सदस्य उदय मिश्रा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। रेफरी समिति के ऑफिशियल सुनील मिश्रा, सुभाष लोध, जसविंदर सिंह, बजरंग चौहान, अभिजीत पात्रा, दिनेश सोरेन, प्रकाश महतो की देखरेख में कूपर फिटनेस टेस्ट संपन्न हुआ। इसमें पास किए हुए प्रतिभागी 12 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय फिजिकल टेस्ट व लिखित परीक्षा में भाग लेने जाएंगे।

## अनाथ दिव्यांग बच्चों के साथ महिला मंडल ने खेली फूलों की होली

**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बस्ताकोला, गौशालामोड़, धनसार, धनबाद, अवस्थित जीवन विशेष विद्यालय में दीक्षा महिला मंडल, भारत कॉकिंग कोल लिमिटेड क्षेत्र संख्या 9 के द्वारा अनाथ दिव्यांग बच्चों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सवादिस्ट भोजान कराया गया जैसे पूरी, सब्जी, पकवान वा अन्य तथा फूलो के माला सभी बच्चों को पहनाया गया एवं फूल की होली खेली गई तथा हर्बल आबीर गुलाल सभी बच्चों को लगाया गया।इस अवसर पर महिला मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थी।

## भाटडीह ओपी में समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत एसआई को दी गई विदाई

**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुदा के भाटडीह ओपी परिसर में एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत एसआई विदाई दिया गया। भाटडीह ओपी प्रभारी विरेन्द्र कुमार, क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने फुलमाला पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। ओपी प्रभारी विरेन्द्र कुमार ने कहा कि एस.एन. सिंह के कार्यकाल में भाटडीह क्षेत्र में हमेशा शांति बना रहा। समारोह का संचालन मुखिया बदरूद्दीन अंसारी ने किया। समारोह को पुर्व मुखिया उमेश महतो, मुखिया प्रतिनिधी दिनेश प्रमाणिक, मो.आमान अन्सारी, दिलखुश अन्सारी पंसस, सब्बीर अन्सारी, कैलाश पासवान, एसआई सहीद अन्सारी, अशोक मण्डल, सरवन विश्वकर्मा, मृत्यून्जम शर्मा, रूपलाल महतो, चेतलाल महतो, आदि ने सम्बोधित किया।

## झारखंड भाजपा किसान मोर्चा कार्य समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी में आयोजित दो दिवसीय किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रविवार को कहा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता किसानों के हक और हुकूक की आवाज बने। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का वाहक बने। हमारे लिए भारत माता सर्वोपरि है। देश की 72त्र आबादी गांव में निवास करती है और गांव का अर्थ होता है किसान। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों व राष्ट्रीय विचारों को किसानों के बीच जाकर प्रचार करें। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता किसानों के सुख-दुख में खड़ा रहे। आज इस बैठक से यह संकल्प लेकर जाएं कि किसानों के हर सुख दुख के साथी होंगे। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के ब्रांड एंबेसडर हैं, जो किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाते हैं। उनकी आय दोगुनी करने की सोचते हैं। किसान बेहतर पैदावार करें, इसकी तरकीब बताते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को आपदा राहत मिलनी चाहिए पर झारखंड सरकार नहीं दे रही है। किसान मोर्चा किसानों के बीच सदस्यता अभियान चलाएं पर किसान मोर्चा को गांव का मोर्चा बनाएं। संगठन महामंत्री कर्मवीर ने मोर्चा को और मजबूत करने के टिप्स कार्यकर्ताओं को दिए। इस सत्र में विधायक ढुल्लू महतो, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह एवं जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने भी भाग लिया। इस अवसर पर मोर्चा की पत्रिका का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष ने किया। इसका संपादन विक्रांत उपाध्याय ने किया है इसके पूर्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में कृषि का बजट 21 हजार करोड़ था, जो इस वर्ष 125 हजार करोड़ का हो गया है।

# कांग्रेस ने पदयात्रा करते हुए चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संगठन सशक्तिकरण को लेकर तोपचाची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के खेत खलिहान मे बैठक कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। विभिन्न क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह ने कहा लोकसभा चुनाव 2024 की चुनौती को गंभीरतापूर्वक लेकर संगठन सशक्तिकरण पर कार्य कर किया जा रहा है। होली पर्व के बाद धनबाद लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर निरसा, सिंदरी, झरिया और धनबाद विधान सभा क्षेत्र मे विशेष रूप से संगठन सशक्तीकरण पर काम होगा। सिंह ने कहा भाजपा ईवीएम के सहारे चुनाव जितती है हमे अपने कार्यकताओ के बल पर चुनाव जितना है। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं संचालन बासुदेव ठाकुर ने किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी का तोपचाची मे कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप तोपचाची प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार प्रसाद, प्रखंड कांग्रेस प्रभारी ईरफान खान चौधरी, अशोक लाल, मुखिया गुलाम सर्वर खान, आदि थे।

## पूर्व मुखिया ने बीडीओ पर जाति सूचक व मारपीट करने का लगाया आरोप

**मधुबन (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मधुबन थाना क्षेत्र खरखारी के पूर्व मुखिया पिंकी देवी ने मधुबन थाना में लिखित आवेदन देकर बाघमारा वीडियो सुनील कुमार प्रजापति पर मारपीट एवं गाली गलौज जातिसूचक शब्द आरोप लगाते हुए मधुबन थाना में लिखित शिकायत दी है आवेदन में पिंकी देवी कहां है कि प्रतिदिन की तरह दिनांक 3/3/2023को सुबह 9ः00 बजे शिव मंदिर खरखरी? से पुजा से निकले तो देखा कि बाघमारा वीडियो सुनील कुमार प्रजापति अपने गाड़ी पर बैठे हैं जनवितरण प्रणाली के दुकान के समीप पिंकी देवी ने वीडियो से जाकर पूछा की सर अंबेडकर आवास का पूर्व से आवेदन दिया हुआ है सुनीता देवी और सुमा बाउरी का कर दीजिए यह लोग अत्यंत गरीब है इन सभी बातों को सुनकर वीडियो सुनील कुमार प्रजापति आग बबूला हो गया वीडियो ने सीधे पासवान बाउरी दुसाध चमार बोलने लगा और गर्दन पर हाथ रखकर धकेल दिया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 280 मरीजों ने करायी जांच

### मरीजों को मिला उचित परामर्श व निःशुल्क दवाइयां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को संस्था मैं हूं धनबाद समूह ने धनबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न्यू बिशुनपुर धनबाद में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन सुबह नौ बजे समूह की सदस्य कल्पना झा ने डा. होमा फातिमा स्त्री रोग विशेषज्ञ को एक पौधा देकर किया गया। शिविर में काफी बड़ी संख्या में न्यू बिशुनपुर कॉलोनी के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र बारामुड़ी, बाबूडीह, कृष्णानगर, मांझी प्लॉट इत्यादि के नागरिक पहुंचे। शिविर के सफल आयोजन में मैं हूं धनबाद समूह के सदस्य मो सलाउद्दीन, अपना नर्सिंग होम के ऑनर ने एंबुलेंस देकर, सुभाष कुमार गल्फ़ा लैबोरेट्रीज एवं राजू कुमार टोरेंट फार्मा ने निःशुल्क दवाई देकर अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। शिविर में डॉ. पल्लवी सिंह शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. होमा फातिमा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. संदीपा कौर, डॉ. बी के सिंह, डॉक्टर अमिताभ त्रिभुनायक, डॉक्टर पुरुषोत्तम झा के द्वारा नागरिकों के मर्ज के अनुसार उचित परामर्श दिया गया। शिविर में मैं हूं धनबाद समूह के सदस्य गण पूजा रत्नाकर, विकास सिंह चौधरी, शालिनी मिश्रा, कल्पना झा, मोहम्मद सलाउद्दीन, शुभांकार सरकार, मृदुल बोस, संगीता पटेल, जूही एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न्यू बिशनपुर के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कैलाश हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कैलाश हॉस्पिटल धनबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हॉस्पिटल के स्वस्थ्य सेवा में सफलतापूर्वक चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लगाया गया था। इस शिविर में हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर आशीष बजाज (ऑर्थो सर्जन) व डॉक्टर नेहा बजाज (प्रसूति एवंग महिला रोग विशेषज्ञ) एवं कार्यरत चिकित्सक व कर्मचारियों के साथ साथ फर्स्ट एडवाइजर ग्रुप के डायरेक्टर चेतन तुलस्यान तथा उनके सहयोगियों ने भी बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। शिविर में 157 यूनिट से ज्यादा रक्त इकट्ठा हुआ।हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर कैलाश प्रसाद ने बताया की लोगों के रक्तदान करने से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूगता आएगी तथा जरूरतमंद लोगों का भला होगा। नियमित रूप से रक्तदान करने पर रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित होती है। वहीं डॉक्टर आशीष बजाज ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए हॉस्पिटल के कर्मचारियों व आयोजनकर्ता तथा मीडियकर्मियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और यह भी कहा की समय समय पर हॉस्पिटल इस तरह के रक्तदान शिविर का आयोजन आगे भी करता रहेगा।

## सरिया में भाजपा की कामकाजी बैठक में बूथ प्रबंधन व डाटा प्रबंधन पर जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया शौण्डिक धर्मशाला में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की बगोदर विधानसभा स्तरीय कामकाजी बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो,जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, जिलाध्यक्ष महादेव दूबे शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदे मातरम् के गान से हुआ। तत्पश्चात बैठक का विषय प्रवेश कराते हुए जिलाध्यक्ष महादेव दूबे ने कहा कि आगामी वर्ष 2024 में आम लोकसभा चुनाव व झारखण्ड विधानसभा चुनाव होना है,इसके पूर्व हम सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को बूथ कमिटी ,नगर कमिटी व पंचायत कमिटी को मजबूत कर लेना है। साथ ही डाटा प्रबंधन का कार्य भी पूर्ण कर जिला कमिटी को सौंपा जाय। राष्ट्रपति के 24 पन्ने के अभिभाषण को बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं तक पहुँचाने की बात कही। केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कि पूरे देश नरेन्द्र भाई मोदी जैसे सशक्त जनसेवक मिला है ,उनके नेतृत्व में देश का सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक विकास हो रहा है ,पर विरोधियों को उनकी विकास नीति पच नहीं रही है ,इसलिए वे बदनाम करने के लिए नित्य नये हथकंडे अपना रहें हैं, पर जनता सब समझती है और आनेवाले 2024 में एकबार फिर से जनता मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत सरकार बनायेगी।

## बंगाली समुदाय ने मनाया बसंत उत्सव

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी दोल एवं होली महोत्सव के अवसर पर धनबाद में बंगाली समुदाय के प्रसिद्ध संगठन लिंडसे क्लब और पुस्तकालय ने 5 मार्च रविवार को क्लब परिसर में ÷बसंत उत्सव÷ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के प्रसिद्ध गीत ओ रे गृहोबासी से हुई। लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा ने सभी का स्वागत किया और वसंत महोत्सव के लिए क्लब के ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुष्ठान मे लिंडसे क्लब द्वारा परिचालित डांस स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और क्लब के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने कविता पाठ एवं संगीत परिवेसन किया। उपस्थित सभी ने परंपरागत पोशाक पहने हुए गुलालों से बसंत उत्सव पालन किया। अनुष्ठान को सफल बनाने में कल्ब के सभी सदस्यों का बिशेष योगदान रहा।

## धनबाद जिला प्रशासन जरूरत पड़ने पर किन्नरों से भी लें सहायता : सुनैना

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला प्रशासन की सहायता के लिए हर समय हमारा किन्नर समाज तैयार है जब भी प्रशासन को किसी चीज की भी किन्नर समाज से सहायता लेने की जरूरत पड़ेगी वह हमेशा तैयार हैं। यह बातें अखिल भारतीय किन्नर समाज कि धनबाद जिला अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने बताई। उन्होंने बताया कि होली जैसे महान पर्व में अगर कोई भी व्यवधान डालती है तो उसे रोकने के लिए हमारा किन्नर समाज भी तैयार है। साथ ही उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि होली का महान पर्व जो आपसी भाईचारा के साथ मनाना चाहिए यह पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण है और इस पर्व का सभी को सम्मान करना चाहिए। सुनैना किन्नर ने बताया की किन्नर समाज हमेशा लोगों के साथ खुशियां बांटने का काम करती है। इसी के तहत किन्नर समाज खुशियां भंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन के साथ देते हुए उसका विरोध करेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया कि हमारा किन्नर समाज धनबाद जिले में कई स्थानों पर सामाजिक कार्य कर रही है।

## गांवों में पेयजल की समस्या हो रही गंभीर नल-जल योजना में मची है लूट : भाकपा माले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** एक तरफ नल-जल योजना के नाम पर जमकर लूट मची है, तो वहीं दूसरी तरफ पानी को लेकर गांवों में स्थिति विकट होती जा रही है। इसलिए सरकार तथा प्रशासन को चाहिए कि, जलापूर्ति के नाम मची इस लूट को बंद कर हर घर तक पानी पहुंचाने की गारंटी करे। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज गांडेय प्रखंड के झरघट्टा गांव में स्थानीय लोगों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन गांव की समस्याओं से अवगत होने तथा संगठन बनाकर जन सवालों पर संघर्ष शुरू करने की रणनीति बनाने को लेकर किया गया था।गांव वालों ने बताया कि, नल-जल योजना के नाम पर बोरिंग कर जहां-तहां पाइप गाड़कर छोड़ दिया गया है, लेकिन उसे चालू नहीं किया जा रहा है। जल स्रोत के रूप में उपयोग में लाए जा रहे गांव के कुएं 10-15 दिनों के भीतर सूखने वाले हैं। इसके साथ ही जल की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।माले नेता ने कहा कि, इस हालत के लिए जनता का वोट लेने वाले संवेदनहीन प्रतिनिधियों तथा प्रशासन के अलावा सरकार की वो नीतियां मुख्य रूप से जिम्मेवार हैं।

# होली 2023 : 7 को दोपहर से 8 की सुबह तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

**सभी 31 थाना व 22 ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

**22 थाना क्षेत्र पर रहेगी विशेष निगरानी**

**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

**जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217 एवं 2311107**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) नंदकिशोर गुप्ता ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं 22 थाना क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी थाना में मोबाइल टीम मौजूद रहेगी। होली के अवसर पर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बाटा गया है।

**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

कतरास ज़ोन में कतरास व बाघमारा के लिए डीटीओ श्री राजेश कुमार सिंह व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा निशा मुर्मू प्रभार में रहेंगे। धनबाद में अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर श्री अरविन्द कुमार बिन्हा, चिरकुंडा ज़ोन के निरसा, चिरकुंडा तथा मैथन के लिए डीपीओ श्री महेश भगत व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा श्री पीतांबर सिंह खेरवार, तोपचांची ज़ोन के तोपचांची व गोमो में श्री उमा शंकर सिंह सहायक आयुक्त उत्पाद तथा पुलिस निरीक्षक तोपचांची श्री जयराम प्रसाद, झरिया के सिंदरी, झरिया व जोरापोखर में श्री रामेश्वर सिंह कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी श्री अभिषेक कुमार, गोविंदपुर व बरवाअड्डा में भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री सतीश चंद्रा तथा डीएसपी मुख्यालय (प्रथम) श्री अमर कुमार पांडेय, टुंडी ज़ोन के टुंडी, मनियाडीह तथा पूर्वी टुंडी के लिए सहायक नगर आयुक्त श्री प्रकाश कुमार तथा श्री अरविंद कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (द्वितीय) प्रभार में रहेंगे।

**22 थाना क्षेत्र पर रहेगी विशेष निगरानी**

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तीसरा, सिंदरी, निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, तोपचांची, हरिहरपुर एवं कतरास थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

**7 मार्च को दोपहर 2ः00 बजे से 8 मार्च की सुबह 6ः00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष**

होली के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 7 मार्च को दोपहर 2ः00 बजे से 8 मार्च की सुबह 6ः00 बजे तक कार्यरत रहेगा। एसडीओ श्री प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311107 है। जिला नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में 18 दंडाधिकारियों व 12 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक शिफ्ट में 6 दंडाधिकारी व 4 पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में एक अग्निशमन दस्ता भी उपस्थित रहेगा।

## होली के अवसर पर लुधियाना-अम्बाला कैंट-यमुनानगर जगाधरी (दिल्ली)-मुरादाबाद के रास्ते जम्मूतवी से पटना व अमृतसर से दरभंगा के लिए होली स्पेशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से अब तक 37 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है। इसी क्रम में लुधियाना-अम्बाला कैंट-यमुनानगर जगाधरी (दिल्ली)-मुरादाबाद के रास्ते और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 04664/04663 जम्मूतवी-पटना-जम्मूतवी सुपरफास्ट स्पेषल - 04664 जम्मूतवी-पटना सुपरफास्ट स्पेषल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को जम्मूतवी से 17.35 बजे खुलकर मंगलवार को 21.15 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 04663 पटना-जम्मूतवी सुपरफास्ट स्पेषल 07 मार्च, 2023 (मंगलवार) को पटना से 23.45 बजे खुलकर गुरूवार को 05.15 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 04662/04661 अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर सुपरफास्ट स्पेषल - 04662 अमृतसर-दरभंगा सुपरफास्ट स्पेषल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को अमृतसर से 08.10 बजे खुलकर मंगलवार को 12.15 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 04661 दरभंगा-अमृतसर सुपरफास्ट स्पेषल 07 मार्च, 2023 (मंगलवार) को दरभंगा से 14.15 बजे खुलकर बुधवार को 19.15 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इस प्रकार अब तक होली के अवसर पर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/गुजरने वाली कुल 39 जोड़ी स्पेषल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इन स्पेषल ट्रेनों द्वारा कुल 174 फेरे लगाए जायेंगे।

## युवा ही बदलाव के साधक है : मिशन बदलाव

# मिशन बदलाव के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि को उत्कृष्ट कार्य के लिये किया गया सम्मानित

➲गुमला, सिमडेगा, खुंटी, रांची तोरपा भरणो, रनिया कामडारा सिल्ली के प्रतिनिधि हुए शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मिशन बदलाव के युवाओं का स्थापना सह सम्मान दिवस समारोह नगर भवन गुमला में संपन्न हुई। मिशन बदलाव के युवाओं के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत जनजागृति अभियान से शुरू किया गया और जुलूस के माध्यम से युवाओं को नशापान से दूर रहने का एवं भरस्टाचार मुक्त समाज बनाने का अपील किया गया। जुलूस के बाद सहीद चौक, अल्बर्ट एक्का और बाबा साहब अंबडेकर में माल्यर्पण किया गया और संत पैट्रिक स्कूल से मेन रोड गुमला से होते हुए नगर भवन गुमला में सम्मलित हुए। कार्यक्रम में वृक्षारोपण और दीपप्रज्वलन मिशन बदलाव के संस्थापकों के सदस्यों एवं संस्थापक के द्वारा किया गया।नगर भवन में मिशन बदलाव के सदस्यों के लिए द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक भुषण भगत ने कहा कि युवाओं के द्वारा ही राज्य की दिशा और दशा बदल सकती है और अब समय आ गया है कि युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी।मंच का संचालन मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य राज कुमार और महिला सक्रिय सदस्य विनीता उराव के द्वारा किया गया।मिशन बदलाव खुंटी के जय मंगल गुड़िया ने कहा कि खूंटी में भी युवाओं का रुख मिशन बदलाव से जुड़ने को तैयार हो रहे है।मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम के तुलशी साहू ने कहा कि मिशन बदलाव के क्रांतिकारी युवाओं के लिए द्वारा बदलाव की पटकथा लिखा जा चुका है केवल जरूरत है युवाओं को निरन्तर जोड़ने की। मिशन बदलाव हजारीबाग रमेश महतो के ने कहा कि हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में हमारे द्वारा कार्य की शुरुआत की जा चुकी है और मिशन बदलाव के हाईकोर्ट वकील भास्कर महतो के अधिवक्ता समूह ने कहा कि मिशन बदलाव उद्देश्य के साथ जुड़ेंगे। सिमडेगा जिला के जिला अध्यक्ष तुलसी साहू ने कहा की हमारे जिला के टीम में जुड़े सभी सदस्य लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते है।

## होली व शब-ए-बरात को लेकर भंडरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** होली एवं सब-ए-बारात को लेकर रविवार को भंडरा थाना पुलिस द्वारा भंडरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भंडरा थाना पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठकर आपसी भाईचारा के साथ त्योहार का लुत्फ उठाने को लेकर जागरुक किया गया। इस दौरान भंडरा प्रखंड के आकाशी, भीठा, भंडरा, भौंरो में भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा व सहायक अवर निरीक्षक लव कुश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। मौके पर अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। होली में कई रंग मिलकर एक रंग बन जाता है। इसी प्रकार सभी को आपस मिल जुलकर त्योहार का लुत्फ उठाना है। उन्होंने कहा कि छह मार्च को होलिका दहन, सात मार्च को सब-ए-बारात तथा आठ मार्च को होली है। इस दौरान आपसी सौहार्द को किसी भी व्यक्ति द्वारा बिगाड़ने की कोशिश की जाती है, तो इसकी सूचना ग्रामीण अविलंब भंडरा थाना पुलिस को दें। त्योहार के दौरान क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जागीर बगीचा के समीप बारी से अज्ञात चोरों ने दो किसान का सिंचाई मशीन को किया चोरी

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा जागीर बगीचा स्थित बारी से दो किसानों का सिंचाई मशीन को अज्ञात चोरों द्वारा किया गया चोरी। किसान ने सेन्हा थाना को घटना से अवगत कराते हुए कारवाई करने का किया मांग। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा जागीर बगीचा के समीप बारी से देर रात दो एच पी का सिचाई मशीन चोरी होने की सूचना सेन्हा थाना को देते हुए किसान संदीप महतो ने बताया कि देर शाम तक सिचाई मशीन बारी स्थित कुंआ में लगा हुआ था। वहीं रविवार को खेत सिचाई के लिए पहुंचा तो सेक्सन पाइप एवं बिजली तार कटा हुआ था। तभी कुआं में झांक कर देखा तो मशीन गायब था। जिसको लेकर अपने स्तर से काफी पता लगाने का प्रयास किया लेकिन सिचाई मशीन के बारे में कही कोई जानकारी नही मिला। घटना को लेकर किसान संदीप महतो के बारी पहुंचने पर पता चला कि सेन्हा उरांव मुहल्ला निवासी सीटू उरांव का भी सिचाई मशीन का चोरी हुआ है। संदीप महतो ने बताया कि सेन्हा थाना में रविवार को आवेदन देते हुए चोरी घटना से अवगत कराते अज्ञात चोर के विरुद्ध कारवाई करने का मांग किया गया है। वहीं चोरी घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## जमकर उड़े अबीर गुलाल,बटी मिठाईयां लोगों ने दी एक दूसरे को होली की बधाइयां



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड स्थित सती मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समित की हुई बैठक। बैठक में संगठन विस्तार एवं होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन। आयोजित कार्यक्रम में जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया। संरक्षक-पाहन चमरू उरांव, किनेश महतो अध्यक्ष आनंद कुमार कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार महतो महामंत्री सचिन कुमार उपाध्यक्ष लछु उरांव, शुभम साहू, पिंटू महतो कोषाध्यक्ष रोहित कुमार संगठन मंत्री अभिषेक प्रसाद, बल्कू उरांव, धनंजय राम, चंद्रदीपक महतो, मनीष कुमार, कृष्णा पाठक मीडिया प्रभारी विकास पाठक को बनाया गया। कमेटी विस्तार के पश्चात होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जिसमें जमकर उड़े अबीर गुलाल सभी लोग एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की दी बधाइयां इस दौरान मिठाई बाट कर मनाई खुशियां। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा होली का पर्व एक दूसरे को मिलाने का काम करती है जिससे दूरियां मिटती है आगे कहा होली का पर्व धूमधाम से मनाएं परंतु नशा से दूर रहें। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने नई प्रखंड कमेटी के साथ-साथ होली पर्व की ढेर सारी बधाई दी? मौके पर रवि कुमार महतो, सत्यम कुमार,पंकज कुमार महतो, अकाश कुमार, निलेश कुमार, दिवाकर कुमार, संदीप महतो, राहुल कुमार,हर्ष राज पाठक, प्रिंस कुमार, गौतम महतो, श्रवण साहू, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जलडेगा में डालमिया डीएसपी सीमेंट ने ग्राहकों के साथ मनाई होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा के प्रसाद सीमेंट एंड हार्डवेयर के कार्यालय परिसर में डालमिया डीएसपी सीमेंट ने ग्राहकों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित कर राजमिस्त्री और वेंडरों को डालमिया डीएसपी सीमेंट की विशेषता और गुणवत्ता की जानकारी दी। कंपनी के सेल्स ऑफिसर दिनेश कुमार और टेक्निकल इंजीनियर लवकुश सिंह ने सबसे पहले सभी ग्राहकों को सम्मान स्वरूप टोपी पहनाकर साथ में गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं प्रसाद सीमेंट एंड हार्डवेयर के मुख्य संचालक बिजित प्रसाद ने भी मौके पर उपस्थित ग्राहकों को होली की बधाई दी। इस दौरान कंपनी के टेक्निकल इंजीनियर लवकुश सिंह ने ग्राहकों से कहा कि कंक्रीट कार्य के लिए डालमिया डीएसपी सीमेंट सबसे अच्छा है। चाहे आवास निर्माण हो या पीसीसी, पुल आदि निर्माण कार्यो में अधिक से अधिक डालमिया डीएसपी सीमेंट का इस्तेमाल करने को कहा। इस दौरान ग्राहकों को कंपनी की ओर से पुरस्कार वितरण भी किया गया। मौके पर प्रसाद सीमेंट एंड हार्डवेयर के संचालक बिजीत प्रसाद, बिपुल प्रसाद, नितेंद्र प्रसाद, अवध कुमार साहू, प्रभु बड़ाईक, आनंद प्रसाद, आशीष कुमार, पतरस आईन्द, जुगेश्वर सिंह, अमर तोपनो, विजय सिंह सहित कई अन्य ग्राहक उपस्थित थे।

## बूथ जीतो चुनाव जीतो बूथ तक पहुंचे कार्यकर्ता सुनीता सिंह

# केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाए कार्यकर्ता : शैलेंद्र कुमार सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला भाजपा द्वारा बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी मंडलों से सभी मंडल अध्यक्ष एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान की टोली एवं अल्पकालीन विस्तारक की टोली भाग लिए। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दक्षिणी छोटानागपुर की प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा की कार्यकर्ता कमर कस लें लोकसभा चुनाव की बिगुल बज चुकी है कार्यकर्ता बूथ को मजबूत करें बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से लक्ष्य रहा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास हो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास हो रहा है उसी तरह से राज्य में भी आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी इस महागठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकना है इस राज्य सरकार में लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है राज्य की जनता मन बना चुकी है कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक प्रदेश द्वारा दिए गए कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करें। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही पूर्ण बहुमत से नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में बना पाई अब पुनः कार्यकर्ता उस इतिहास को दोहराने को तैयार रहें कार्यकर्ता बूथ तक पहुंच कर बूथ को मजबूत करें। जिला के प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को बूथ में किस तरह बूथ कमेटी का निर्माण करना है उसे विस्तार पूर्वक बताया एवं कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा जो विकास कार्य चल रहे हैं उसे कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं और आमजन को लाभ दिलाने का प्रयास करें।

## फोटोग्राफी एसोसिएशन के तत्वधान में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वाधान में स्थानीय सिटी एवेन्यू के सभागार में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के सभी फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरुआत अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने होली की बधाई देते हुए किया। होली मिलन समारोह में सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी तरीके से होली की महता बताई एवं एक दूसरे को बधाई दिया। मुख्य रूप से संस्था के वरिष्ठ सदस्य विनोद सोनी जी ने कहा की इस वर्ष संस्था के तरफ से अनेक फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें फोटोशॉप एवं फोटोग्राफी के गुर सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा की फोटोग्राफी सीखने की कोई उम्र नहीं होती है इसलिए सभी सदस्यों से आग्रह है कि संगठित रहें संगठन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और एक दूसरे के प्रति क्लेश भावना नही रखें। वरिष्ठ सदस्य रमेश जी ने कहा कि प्रतियोगिता के इस बाजार में फोटोग्राफी के नए-नए तकनीक से सभी सदस्यों को रूबरू होना बहुत ही जरूरी है इसलिए सभी सदस्यों को संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में शत प्रतिशत योगदान करना आवश्यक है एवं समय के साथ आपको अपना एक्यूमेंट भी अपडेट करना होगा तभी आप बाजार में टिक पाएंगे एवं उम्दा फोटोग्राफी कर पाएंगे। सचिव पवन कुमार ने कहा कि अगले माह राजधानी रांची में हमारे केंद्रीय संगठन के द्वारा मेगा फोटो वीडियो एक्सपो का आयोजन खेलगांव रांची में किया जा रहा है जिसमें आप सभी सदस्य भाग ले और नए नए तकनीक और फोटोग्राफी सॉफ्टवेयर की जानकारी लें और अपने व्यवसाय को चार चांद लगाएं। हमारी संस्था का वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की ओर है जिसका पुनर्गठन आने वाले दिनों में किया जाएगा। अंत में सभी सदस्य एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी प्यार से गले मिले इस होली मिलन में प्रेम सौहार्द की एक झलक देखने को मिला। अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने सभी को होली की बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## घर के आंगन से अज्ञात चोरों ने किया बाइक की चोरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अज्ञात चोरों ने तोड़ार पाखन टोली ग्राम स्थित घर के आंगन से खड़ी बाइक को किया चोरी पीडता ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर घटना से अवगत कराते प्राथमिकी दर्ज करने का लगया गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पाखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत ने बाइक चोरी की घटना को लेकर सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान से कहा कि शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने मेरे घर के आंगन में खड़ी बाइक डी एल 3 एस डी एल 7142 को चुरा ले गया। साथ ही बताया कि घटना की जानकारी रविवार सुबह जगने के बाद हुआ जब सुबह उठ कर देखे तोआंगन में खड़ी बाइक नही दिखा तो आसपास में छानबीन कर पूछ ताछ करने के बाद भी बाइक का पता नही चला तब अज्ञात चोरों द्वारा बाइक को चोरी कर लेने की जानकारी हुई। जिसे सेन्हा थाना में सूचना देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि चोरी का घटना की सूचना मिली है। जिसको लेकर जांच पड़ताल जारी है। जिस पर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## सौहार्द के साथ पर्व मनाते हुए पंचायत की समस्या को आपस में निपटाए : दिलिप कुमार उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** भडगांव पंचायत भवन में मुखिया संघ का बैठक हुआ सम्पन्न विकास कार्यो पर सभी ने किया चर्चा। सेन्हा प्रखंड के भड़गांव पंचायत भवन में मुखिया पंचायत संघ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डाडू पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार उरांव ने कहा कि मुखिया संघ प्रखंड का बड़ा ही बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। मुखिया गांव के लोगों की समस्या हो या विकास की समस्या सभी को गांव के लोगों के बीच में बैठकर आपसी तालमेल के साथ समस्या का समाधान किया करें। ग्राम सभा से चयनित योजना को लेकर गाँव और पंचायत विकास में कार्य करें और बिचौलियों का दबाव न आयें जनता की समस्या को त्वरित समाधान करें जरूरत पड़ने पर बीडीओ को अवगत कराए। साथ ही बैठक समापन के उपरांत होली मिलन समारोह में सब भी मुखियाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली का बधाई दिया। सभी मुखियाओं ने अपने अपने पंचायत क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा की होली एवं शब ए बरात के मौके पर गांव घर के लोगों को आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाये साथ ही अपने अपने स्तर से समाजिक कार्यकर्ताओं को आगे लाएं।

## प्रशासन इलेवन ने प्रेस इलेवन को छह विकेट से किया पराजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुलिस प्रशासन के सौजन्यय से सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासन इलेवन वर्सेस प्रेस इलेवन के बीच मैच खेला गया। यह मैच 15 -15 ओवर का खेला गया टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला प्रेस इलेवन की टीम ने किया। निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 100 रन बनाए टीम की ओर से सबसे ज्यादा रोहित ने 47 जयजीत ने 22 तथा आकाश ने नाबाद 15 रन बनाए। वहीं प्रशासन इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में एसपी सर 1 विकेट रघुवंश 1 विकेट तथा आईलेक्स एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम ने 12 ओवर 4 बॉल में 4 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए टीम की तरफ से सबसे ज्यादा संतोष ने 34 सनी नितीश तथा एसडीओ सर नाबाद 3 रन बनाए। प्रेस इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में जय जीत ने 1 तथा रोहित ने 1 विकेट लिए प्रशासन इलेवन की टीम ने बड़ी आसानी से 6 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित को दिया गया।

# भण्डरा से कैरो पथ निर्माण कार्य सड़क के पूल-पुलिया निर्माण कार्य में भी भारी अनियमितता

➲ग्रामीणों ने उपायुक्त से घटिया निर्माण कार्य पर संवेदक पर कारवाई करते हुए निर्माण कार्य के गुणवत्ता में सुधार लाने का किया कवायद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत (पीएमजीएसवाई-।।। वैच-।)मद से स्वीकृत भण्डरा से कैरो भाया आकाशी सड़क की कूल लम्बाई 12.60 किलोमिटर सड़क निर्माण कार्य में वरति जा रही है भारी अनियमितता। उक्त सड़क पर पूल-पुलिया का निर्माण कार्य के संबंध मे ग्राम कुम्हरिया, आकाशी, व बंडा ग्राम के ग्रामीण सन्तोष कुमार, पंकज साहू, खुदी उराँव, खुर्शीद अंसारी, महेश लोहरा, रजनीश राम, मंटू उराँव इत्यादि ग्रामीणों का कहना है कि भण्डरा से कैरो पथ निर्माण कार्य में जो पूल-पुलिया का निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है, वह काफी घटिया निर्माण कार्य है। पूल-पुलिया पर जहाँ फाऊंडेशन जमीन की ढलाई 01 फीट करके कल्वट को बैठाया जाना था, वही संवेदक के द्वारा मात्र जमीन फाऊंडेशन की ढलाई 03-04 इंच ढाल कर कलवर्ट बैठाया गया है, जिससे वारिस के समय जब गाँव का पानी का बहाव उक्त पुलिया से होकर निकलेगी तो पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जायेगी। पुलिया का दीवार भी 12-1 के घटिया बालु व सीमेंट मिलाकर मसाले से जोड़ाई कीया जा रहा है,दीवाल जोड़ने के बाद कभी पानी का पटवन भी नहीं होता है। ग्रामीणों ने प्रेस को बताया की उक्त घटिया पुलिया निर्माण कार्य का देख रेख करने के लिए निर्माण कार्य के समय ग्रामीण कार्य विभाग के न तो कोई कनिय अभियंता उपस्थित रहते हैं, और न हीं सहायक अभियंता के उपस्थिति में यह घटिया निर्माण कार्य सड़क पर हो रहा है, केवल और केवल संवेदक के मुंशी ही संवेदक का निजी अभियंता कहकर योजना निर्माण कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर घटिया निर्माण कार्य को दे रहे हैं अंजाम। विदित है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास 26 अगस्त 2022 को क्षेत्र के माननीय विधायक सह मंत्री डा0 रामेश्वर उराँव, व सांसद सुदर्शन भगत की गरिमामय उपस्थिति मे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्य किया गया था। ग्रामीणों ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त लोहरदगा से संवेदक पर त्वरित कारवाई करते हुए सड़क, व सड़क के पूल-पुलिया पर गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य करवाने की गुहार लगाई है।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 9 माह से प्रत्येक रविवार को आज 37 वें सप्ताह को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं समाजसेवी गोपाल सिंह के द्वारा भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ उन लोगों को सेवा भारती की पुस्तिका देकर सम्मानित किए,आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं गोपाल सिंह ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इससे बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं, और कहा कि दीपक सर्राफ के द्वारा लगातार प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त में स्वास्थ्य चेकअप करना बहुत ही सराहनीय कार्य है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। एवं डॉ कुमुद अग्रवाल के द्वारा व्यस्तता के बावजूद भी समय देकर लोगों का मुफ्त में इलाज कर सेवा देना यह बहुत ही बड़ा कार्य है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, संजय चौधरी, अवधेश मित्तल, रामप्रसाद कास्यंकार, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध प्रसाद महतो, उदय कास्यंकार, विक्की महतो, अशोक अग्रवाल, अतुल सर्राफ, ओमप्रकाश कास्यंकार, विश्वनाथ प्रसाद, सुरेंद्र महतो, रुपेश चौधरी, परमेश्वरी देवी,दिनेश कुमार, शोभा कुमारी, अनूप कुमार, चंपा देवी सीमा देवी, नंदलाल प्रसाद, प्रतिमा चौधरी, गोपाल सिंह, ममता बंका, बीना देवी, किशोर बंका, काली साहू, महेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश, किशोर प्रसाद, गौरव कुमार, अनिल वर्मा, अमरपाली देवी, राजेश महतो, प्रीत महतो, ओम प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र महतो, प्रभा देवी, गीता अग्रवाल, अनूप महतो, मीना देवी आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड राजस्थानी अकादमी का हुआ गठन

### अजय मारू अध्यक्ष एवं विनय सरावगी महासचिव मनोनित

**रांची :** झारखंड राजस्थानी अकादमी का गठन रविवार को माहेश्वरी भवन रांची में आयोजित बैठक में किया गया। पूर्व राज्यसभा सासंद अजय मारू को संस्थापक अध्यक्ष एवं विनय सरावगी को संस्थापक महासचिव नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति रमेश मरेठिया एवं भागचंद पोद्दार को अकादमी का संरक्षक बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में राजकुमार केडिया एवं गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया को उपाध्यक्ष, कमल कुमार केडिया एवं रवि शंकर शर्मा को संयुक्त सचिव, धर्मचंद जैन रारा को कोषाध्यक्ष, रतन लाल बंका एवं ओम प्रकाश प्रणव को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। अध्यक्ष अजय मारू ने इस संगठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस अकादमी के माध्यम से झारखंड में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड में 150 से भी ज्यादा वर्ष पूर्व राजस्थानी समाज के लोग आयें, इसलिए यह नितांत आवश्यक है कि राजस्थानी समाज अपने रीति-रिवाज, कला एवं संस्कृति से जुड़े रहें। विनय सरावगी ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि राजस्थानी भाषा को 8वीं अनुसूची में जल्द से जल्द शामिल किया जाए। आज देश के 12-14 करोड़ की आबादी राजस्थानी भाषा का प्रयोग करती है। उन्होंने आगे बताया कि भारत के प्रधानमंत्री ने जो आह्वाहन किया है कि स्कूलों में पढ़ाई मातृभाषा में की जाए। इसके लिए यह आवश्यक है कि राजस्थानी भाषा का प्रचार एवं प्रसार किया जाए। श्री सरावगी ने यह बताया कि इस अकादमी में सभी धर्म एवं जाति के प्रवासी राजस्थानी सदस्य बनाएं जाएंगे। यह विदित है कि झारखण्ड में हिन्दु जैन एवं मुस्लिम प्रवासी राजस्थानी कई वर्षों से निवास करते हैं। इसके अलावा हिन्दु समाज के ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं बाल्मिकि समाज जो कई वर्षों से झारखण्ड में रह रहें हैं इसके सदस्य बनाएं जायेंगे। झारखण्ड राजस्थानी अकादमी की झारखण्ड सोसाईटी एक्ट में पंजीकृत किया गया है जिसकी निबंधन संख्या 15 / 2020-21 है। अकादमी का कार्यालय का उद्घाटन 26 मार्च को - झारखंड राजस्थानी अकादमी का कार्यालय का विधिवत उद्घाटन आगामी 26 मार्च 2023 रविवार को सुनिश्चित किया गया है एवं इस उद्घाटन समारोह में राजस्थान से पधारे लोक कलाकारों द्वारा लोकसंगीत एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें सभी सदस्यों एवं समाज बंधुओं से अपील किया है कि वो इस समाजिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस वृहद आयोजन के लिए संयोजक रवि शंकर शर्मा एवं सह संयोजक मनोज बजाज एवं अशोक पुरोहित को मनोनित किया गया है जिनके कुशल निर्देशन में आयोजन संपन्न होगा।धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सहसचिव रवि शंकर शर्मा ने दिया। बैठक की कार्यवाही अगली बैठक तक के लिए स्थगित की गई।

### विधायक के कब्जे से जमीन वापस दिलाने को लेकर डीजीपी को लिखा पत्र

**रांची :** पलामू जिले के शिवराम ने राज्य के डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने पूर्व मंत्री और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से अपनी जान को खतरा बताते हुए उसके कब्जे से अपनी 0.87 एकड़ जमीन वापस दिलाने का आग्रह किया है। इस संबंध में डीजीपी के अलावा एसपी रांची और एसपी पलामू को भी पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि उनकी विश्रामपुर मौजा में पारिवारिक जमीन (0.87 एकड़) के मामले में ईश्वर सागर चंद्रवंशी (पिता- रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री) के खिलाफ राजस्व परिषद, रांची में एक वाद दायर किया था।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रैपिड रिस्पांस टीम एक्शन में, सात रैपिड रिस्पांस टीम का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के जेल मोड़ चौक के नजदीक बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रैपिड रिस्पांस टीम एक्शन में दिख रही है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सात रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है।

जो संबंधित क्षेत्र में डिसइन्फेक्शन का भी कार्य कर रही है। नगरपालिका क्षेत्र में गठित टीम के सहयोग प्रदान करने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।जिला प्रशासन की टीम एक किलोमीटर के प्रभावित दायरे में घर-घर जाकर मुर्गा -अंडा आदि की उपलब्धता का सर्वेक्षण कर रही है। साथ ही माइक के जरिए लोगों को जागरूक कर रही है। इस क्षेत्र के स्वच्छ घोषित होने के 21 दिन के बाद ही मुर्गा -अंडा का क्रय-विक्रय किया जा सकेगा।

बर्ड फ्लू की रोकथाम से संबंधित एक्शन प्लान के तहत एक से दस किलोमीटर की परिधि में मुर्गा और अंडा के क्रय-विक्रय पर अगले आदेश तक प्रतिबंध रहेगा। साथ ही इस एक से 10 किलोमीटर की परिधि में पूर्व से उपलब्ध मुर्गा को इस दायरे से बाहर भेजने और बाहर से मुर्गा- अंडा को लाने पर भी रोक लगा दी गयी है।



**बर्ड फ्लू की रोकथाम से संबंधित एक्शन प्लान के तहत एक से दस किलोमीटर की परिधि में मुर्गा और अंडा के क्रय-विक्रय पर अगले आदेश तक प्रतिबंध रहेगा।**

बर्ड फ्लू की घटना से प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे के पूर्णरूप से स्वच्छ घोषित हो जाने के बाद ही एक से 10 किलोमीटर में पूर्व से उपलब्ध मुर्गा - अंडा की क्रय-विक्रय की जा सकेगी।

### डीएसपी पीके मिश्रा से ईडी छह मार्च को करेगी पूछताछ

**रांची :** ईडी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में डीएसपी पीके मिश्रा से सोमवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने पीके मिश्रा को बीते 28 फरवरी को समन भेजकर छह मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। ईडी के द्वारा समन जारी किए जाने के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में डीएसपी पीके मिश्रा और आईओ सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों को ईडी के समक्ष हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## प्रधानमंत्री कल स्वास्थ्य व चिकित्सा अनुसंधान पर बजट बाद वेबिनार को करेंगे संबोधित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री कल (सोमवार) को 'स्वास्थ्य व चिकित्सा अनुसंधान' पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित करेंगे। केंद्र सरकार 12 पोस्ट-बजट वेबिनार आयोजित कर रही है । कल का वेबिनार भी इसी का हिस्सा है। वेबिनार बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए अंतर्दृष्टि और विचारों को एकत्रित करेगा। वेबिनार में तीन एक साथ ब्रेकआउट सत्र होंगे, जिसमें नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना, आईसीएमआर प्रयोगशालाओं के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपयोग और चिकित्सा उपकरणों के लिए फार्मा इनोवेशन और बहु-विषयक पाठ्यक्रमों से संबंधित बजट घोषणाएं शामिल होंगी।



**प्रधानमंत्री मोदी ने की बुरहानपुर की नारी शक्ति के प्रयासों की सराहना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले की नारी शक्ति के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने रविवार को ट्वीट के माध्यम से कहा है कि बुरहानपुर में नारी शक्ति का यह प्रयास देशभर के लिए एक मिसाल है। दरअसल, खंडवा संसदीय क्षेत्र की नेपानगर विधानसभा के ग्राम खड़की (खातला) की मंजू बाई ने कल्याणी स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के साथ मिलकर जल जीवन मिशन पर उल्लेखनीय कार्य किया है। इसे लेकर केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल ने ट्वीट किया है कि जल जीवन मिशन कर रहा है ग्रामीण महिलाओं का सम्मान। बुरहानपुर के खड़की गाँव की श्रीमती मंजू ने स्वयं सहयता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर सुनिश्चित किया हर घर नल का कनेक्शन। गाँव की बेटियों को अब मिल रहा है पढ़ाई के लिए पूरा समय।

# होली एकता व भाईचारा का प्रतीक : शैलू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चट्टीपर (चैनपुर) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन शैलेन्द्र कुमार शौलु, प्रभु राम जी, नंद कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शैलू ने कहा कि होली एकता और भाईचारा का प्रकिक है।

होली भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रभु जी ने कहा कि होली का इतिहास बहुत पुराना है। इस पर्व से वैमनस्य मिटता है समाज में एकजुटता बढ़ती है, नंद कुमार पासवान ने कहा कि होलिका दहन में समाज में व्याप्त बुराई को जला देना चाहिए।



होली मिलन में दुगोला का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू पासवान, रंजीत पासवान,मनोज पासवान,मनोज कुमार संटू पासवान,राम प्रसाद,संतोष गुप्ता,आवधेश पासवान,विनोद पासवान(व्यास) गुड्डे पासवान, जय प्रकाश,विकाश कुमार, छोटू आदि सैकड़ों अभिभावक गन उपस्थित थे।

# बर्ड फ्लू के लक्षण दिखने पर हो जाएं सावधान : डॉ. सुशील प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रांची के जेल मोड़ में कुछ मुर्गियों की मौत के बाद पोल्ट्री के सैंपल भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल भेजे गए थे, जिसमें एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। केंद्र सरकार ने भी रांची में मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की पुष्टि की है। इसके नियंत्रण और रोकथाम के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिया है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डीन वेटनरी एवं पोल्ट्री विशेषज्ञ डॉ सुशील प्रसाद ने बताया कि ऐसे हालात में संक्रमित इलाके की निगरानी और संक्रमित पोल्ट्री तक आम आदमी की पहुंच को प्रतिबंधित करने की जरुरत है। साथ ही पक्षियों को नष्ट करने, मृत पक्षियों के निपटान समेत सुरक्षा के सभी उपाय अपनाने की आवश्यकता है। संक्रमित इलाके के एक किलोमीटर के अंदर के मुर्गियों को मारने के उपाय और साथ ही 10 किमी के दायरे के क्षेत्रों में भी निगरानी की जानी होगी। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह बोकारो जिले में कड़कनाथ मुर्गे में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि के बाद मुर्गियों और बत्तखों समेत कुल 3,856 पक्षियों को मार दिया गया था।भारत



में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से होता है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में इस वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। डॉ सुशील प्रसाद बताते है कि बर्ड फ्लू एक वायरल इंफेक्शन की तरह है, जो ना सिर्फ पक्षियों बल्कि दूसरे अन्य जानवरों और इंसानों के लिए भी उतना ही खतरनाक है। बर्ड फ्लू होने पर कफ, डायरिया, बुखार, सांस से जुड़ी दिक्कत, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, नाक बहना और बेचैनी जैसी समस्या हो सकती है। इन लक्षणों के दीखने और बर्ड फ्लू की चपेट या संपर्क में आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। मनुष्यों में संक्रमण के लक्षणों में पीठ के ऊपरी हिस्से में गंभीर दर्द, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सर्दी और थूक में खून शामिल हैं। ऐसे में मृत पक्षी देखे जाने पर लोगों को इसकी सूचना देने की जरुरत है।

### चारधाम यात्राः अब तक 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण

**देहरादून :** आगामी चारधाम यात्रा के लिए 21 फरवरी से अबतक कुल पंजीकरण की संख्या 2 लाख से अधिक पहुंच गई है। बद्रीनाथ और केदारधाम धामों के कुल 2,033,24 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। पर्यटन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ और बद्रीनाथ धामों के कुल 2,033,24 श्रद्धालुओं के पंजीकरण किए जा चुके हैं। जिनमें केदारनाथ धाम के लिए अब तक कुल 1,118,71 और बद्रीनाथ धाम के लिए 91,453 श्रद्धालु पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं जिनमें डॉक्टरों और चिकित्सीय पेशेवरों की तैनाती, पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक वस्तुओं और दवाओं का भंडारण आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण के विषयों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद वीडी राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्टपति के अभिभाषण के विषयों पर आयोजित कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों क्रमशः शक्ति केंद्र बुढ़ीवीर के बूथ संख्या 35,36 शक्ति केंद्र रबदा बूथ संख्या 24,25 शक्ति केंद्र खुरा कला बूथ संख्या 17,18,19 एवं शक्ति केंद्र बरांव बूथ संख्या 62,63,64 पर देश के राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के द्वारा 31 जनवरी 2023 को संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पढ़कर सुनाया गया। उक्त अभिभाषण में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में किए मुख्य कार्यों एवं गरीब कल्याण को प्राथमिकता, अर्थव्यवस्था में तेजी, विकसित भारत का विजन, आजादी के 75



वर्ष से प्रारंभ हुए अमृतकाल की हमारी प्राथमिकता एवं समस्याओं का स्थायी सामाधान की ओर बढ़ रहे सफल प्रयास और वैश्विक सहयोग के आधार के रूप में भारत के उदय का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, रामलव चौरसिया, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, सिकन्दर चौधरी, भोला पाण्डेय, आनन्द सिंह, मुखिया अरविन्द तिवारी, बिंदेश्वरी उरांव, सीता साव, एवं बूथ समिति, पन्ना प्रमुख के सदस्यगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से सेना के जवान की मौत

**जम्मू :** जम्मू के बाहरी इलाके कानाचक्क सेक्टर में सेना के एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान सतीश कुमार निवासी गांव जामावारी तहसील हंसी जिला हिसार (हरियाणा) के रूप में की गई है। वह भारतीय सेना की 17 राजपूताना रायफल्स रेजिमेंट में नायक पद पर तैनात था। जानकारी के अनुसार रविवार को कानाचक्क के ढुमी गांव में स्थित सैन्य शिविर के भीतर से गोली चलने की आवाज आई। गोली की आवाज सुनते ही अन्य जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां पर नायक सतीश कुमार को खून से लथपथ हालत में पाया। साथ ही फर्श पर उसकी एक पिस्तौल भी पड़ी हुई थी। घायल जवान को शिविर में बनाए गए स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया, जिसके बाद उसे सैन्य अस्पताल अखनूर में रैफर किया गया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने सतीश को मृत (ब्राट डेड) घोषित कर दिया।

**प्रभात मंत्र में छपी खबर पर रांची डीसी की सीधी नजर, लिया संज्ञान**

# रांची को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए डीसी ने की मैराथन बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक मार्च 2023 को प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, बदनसीबी, 22 सालों में भी बेहतर राजधानी नहीं बन सकी रांची के इस खबर के बाद जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा ने गंभीरता पूर्वक सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और रांची को सुंदर राजधानी बनाने के निर्देश दिए।

**उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक:**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 04 मार्च 2023 को शहर की यातायात व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय कक्ष में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, राँची दीपक कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची, प्रवीण प्रकाश, उप नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची, कुँवर सिंह पाहन, एवं कार्यपालक अभियंता, विधुत कार्य प्रमंडल, राँची, मनीकांत झा, नगर अभियान प्रबंधक, राँची, मयूर गहलोत, एवं पु.नि-सह यातायात थाना प्रभारी, गोंदा और लालपुर नगर प्रबंधक, राँची नगर निगम, डीआर एस एम सड़क सुरक्षा, जमाल ए. खान एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। **उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जोन-1 से जोन - 6 तक सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया :**

**जोन-01:** लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-कोकर चौक-बुटी मोड़ भाया डिस्लरी पुल एवं खोरहाटोली इन सम्पूर्ण जोन में बिजली के खंभों को अस्थान्तरित करने के लिए कार्यपालक अभियंता, विधुत कार्य प्रमंडल, राँची को प्रस्ताव बना कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया। ताकि बिजली खंभों को स्थान्तरित करने की कार्वाई जल्दी हो, जिससे पैदल यात्रियों के चलने के लिए प्रयोग किया जा सकें। लालपुर चौक में लालपुर पेट्रोल पम्प के सामने ट्रैफिक बुथ को स्थान्तरित कर एवं प्रचार बोर्ड को हटाने का एवं अतरिक्त स्थल का प्रयोग लेफ्ट फ्री के रूप में करने


हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
बदनसीबी : 22 सालों में भी बेहतर राजधानी नहीं बन सकी रांची

का निर्देश दिया।उदय मिष्ठान भंडार लालपुर चौक के आस-पास बिजली के खम्भे, पैनल बॉक्स एवं मॉल डेकोर के कॉर्नर पर खाली जमीन का समतलीकरण करके लेफ्ट फ्री करने का लालपुर डाकघर के पास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया। डंगरा टोली चौक तक बीआईटी मेसरा एक्सटेंशन लालपुर कैम्पस से सटे हुए दीवार के सामने अतिक्रमण हटाने एवं मॉल डेकोर के सामने गिफ्ट डीड की जमीन में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

प्रनामी हाइट लालपुर प्रचार बोर्ड को स्थान्तरित करने का निर्देश दिया।

लालपुर क्षेत्र में रॉयल एनफील्ड के सामने प्रचार बोर्ड, फल दुकानों द्वारा किया गया अतिक्रमण, जैक्सन प्लाजा के सामने टूटे स्लैप लगाने, के. सी. हॉस्पिटल से सटे जर्जर यात्री शेड को हटाने, प्रनामी हाइट्स एवं मोका रेस्टोरेंट के बाहर सड़क पर पार्किंग नही करने एवं दोनों ओर लगने वालें ठेले खोमचे को हटाने का निर्देश दिया। डंगरा टोली चौक से कांटा टोली चौक, कांटा टोली चौक एवं कांटा टोली चौक से कोकर चौक , कोकर चौक से बुटी मोड़ और कोकर चौक से लालपुर चौक इन सभी जगहों में बिजली के खंभे नाली स्लैब, इन सभी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने लेफ्ट फ्री करने और सेम्फोर्ट अस्पताल के सामने अवैध रूप से किये जाने पार्किंग को हटाने के लिए संबंधित अधिकारी को अस्पताल प्रशासन के तरफ से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

**जोन-2:** बिजली के खंभों को सड़क से किनारे स्थान्तरित, टैम्पू स्टैंड को हटा कर उनके लिए जगह चिन्हित करने को कहा। रेडियम रोड बस स्टैंड को हटाने यहाँ पूरे जगह को अतिक्रमण से मुक्त करने, राँची में सभी साइकिल स्टैंड को सड़को से स्थान्तरित करने का निर्देश दिया। प्लाजा चौक से न्यूक्लियस मॉल चौक कंट्रोल पैनल, ट्रैफिक बूथ, बिजली के ट्रांसफर को स्थान्तरित एवं प्रचार बोर्ड को व्यवस्थित एवं इन जगहों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया।

**जोन-3:** बिजली के खंभों को सड़क से स्थान्तरित करने का प्रस्ताव बना कर विभाग को भेजने को कहा। ताकि स्थान्तरित से बचें जगह का प्रयोग पैदल यात्रियों के लिए किया जा सकें।उत्क्रमित उर्दू स्कूल के समीप जर्जर भवन को ध्वस्त करने का प्रस्ताव बना कर भेजने का निर्देश दिया। बहुबाजार चौक से सिरमटोली चौक में योगदा सत्यसंग की दीवार जो पीछे की जा रही हैं। उस जगह का उपयोग फुटपाथ के रूप में करने। सिरमटोली चौक से सुजाता चौक जाने के क्रम में फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने। गोस्सनर कॉलेज के सामने दो पहिया वाहनों पार्किंग निषेध करने का निर्देश दिया।

**जोन-04:** कमिश्नर चौक-सुभाष चौक-शहीद चौक-फिरायालाल चौक- सर्जना चौक-काली मंदिर चौक-वुल हाउस चौक रतन पी.पी. चौक।

**जोन-05:** मुक्तिधाम ब्रिज-किशोरगंज चौक-गाड़ीखाना चौक-शनि मंदिर चौक- गौशाला कटिंग-न्यू मार्केट चौक रातु रोड और जोन-06 के राजेंद्र चौक-देवेन्द मांझी चौक-मेकॉन चौक-ए. जी. मोड़ जेवियर मोड़-हिनू चौक एवं बिरसा चौक।इन सभी स्थानों में ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन सही से हो इसके लिए सभी बिंदुओं पर कार्य करते हुए। बिजली पोल शिफ्टिंग, फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त कराने एवं सम्बंधित सभी आवश्यक जरूरतों को पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ बेतरतीब ऑटो स्टैंड हटाने, स्ट्रीट वेंडर को हटाने एवं राँची शहर के सभी फुटपाथ को नो वेंडर जोन घोषित कर अतिक्रमण मुक्त करने, राँची शहर में जगह-जगह आकर्षक रूप में ट्रैफिक संबंधित, नो वेंडर जोन, साइलेंस जोन आदि संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने, राँची शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम सम्बंधित थाना प्रभारी को लगातार अतिक्रमण ड्राइव चलाने का निर्देश दिया।